नई दिल्ली

**शुक्रवार, 28 नवंबर 2025**

मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 225
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 22
न्यून. 09

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



## खबर संक्षेप

### सेंसेक्स पहली बार 86,000 के पार



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजारों ने गुरुवार को नया कीर्तिमान रच दिया। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गए। निफ्टी ने 26,306.95 का अपना नया ऑल-टाइम हाई छुआ। निफ्टी का पिछला रिकॉर्ड 26,306.95 का था, जो 27 सितंबर 2024 को छुआ था। सेंसेक्स ने भी पहली बार 86,000 का आंकड़ा पार करते हुए रिकार्ड बनाया।

### एपल पर लग सकता है 3.20 हज़ार करोड़ का जुर्माना



**नई दिल्ली।** अमेरिकी टेक कंपनी एपल की मुश्किलें भारत में बढ़ सकती हैं। यही वजह है कि कंपनी नए नियम का विरोध कर रही है और इसे चैलेंज करने के लिए कोर्ट तक चली गई है। हालांकि ऐपल पर भारत में अभी तक कोई तय जुर्माना नहीं लगा है। लेकिन एंटी कम्पटीशन कानून में बदलाव की वजह से उस पर 38 अरब डॉलर्स की पेनाल्टी खतरा हो गया है।

### सबसे महंगे खिलाड़ियों में अव्वल दीप्ती शर्मा



**नई दिल्ली।** क्रिकेटर दीप्ति शर्मा इस नीलामी की सबसे बड़ी भारतीय स्टार बनकर उभरीं। वे रिकॉर्ड तोड़ते हुए 3.2 करोड़ पर जाकर थमी, और यूपी वॉरियर्स ने उन्हें अपनी टीम का सबसे महंगा खिलाड़ी बनाया। यह दिखाता है कि फ्रेंचाइजी भारतीय ऑलराउंडर्स की क्षमता को महत्व दे रही हैं। महिला प्रीमियर लीग की नीलामी में अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज शिखा पांडे पर बड़ी बोली लगी। यूपी वॉरियर्स ने उन्हें 2.4 करोड़ में टीम में शामिल किया।

## भाजपा ने कांग्रेस पर देश की छवि खराब करने का आरोप लगाया

# देश को अपमानित कर रही राहुल की टीम विदेशी मीडिया अकाउंट्स से हो रही साजिश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*पात्रा ने कहा कि 2014 से लगातार कांग्रेस विशेषकर राहुल गांधी और उनकी टीम, सोशल मीडिया टीम, एडवाइजरी कमेटी की टीम और लेफ्ट के जाने-माने चेहरे प्रधानमंत्री और भारत को अपमानित करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं।*

भाजपा ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस पर विदेश से संचालित होने वाले खातों के जरिए भारत की छवि खराब करने का आरोप लगा दिया। पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि लगभग 2014 से लगातार कांग्रेस पार्टी विशेषकर राहुल गांधी और उनकी टीम, सोशल मीडिया टीम, एडवाइजरी कमेटी की टीम और लेफ्ट के जाने-माने चेहरे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतवर्ष को अपमानित करने के लिए कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं। पात्रा ने कहा कि एक्स में कुछ दिन पहले एक नया फीचर आया है। इसके माध्यम से आप जान सकते हैं कि जो अकाउंटधारी है, वो किस देश का है, अर्थात उसकी लोकेशन क्या है। कांग्रेस के बड़े नेता पवन खेड़ा का अकाउंट अमेरिका आधारित है। महाराष्ट्र कांग्रेस का अकाउंट आयरलैंड में आधारित है, लेकिन अभी इन्होंने इसे बदलकर इंडिया कर दिया है। हिमाचल कांग्रेस का हैंडल एट द रेट आईएनसी हिमाचल अकाउंट कनेक्टेड वाया एंड्रॉयड एप थाईलैंड दिखाता है।

कांग्रेस के अकाउंट्स की दिखती है विदेशी लोकेशन

**2014** से लगातार कांग्रेस कर रही देश का अपमान

### पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस पर उठाए सवाल



भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा



नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी

### विदेश में जाकर भारत का विरोध कर रहे

पात्रा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि भले ही इसके लिए विदेशी ताकतों की मदद लेनी पड़े, भले ही विदेश में जाकर भारत के विरोध में कहना पड़े और भले ही विदेश से अपने अकाउंट्स का संचालन करके भारत में नैरेटिव गढ़ने की कोशिश की जाए। कांग्रेस कहीं से भी पीछे नहीं है।

### 'एक्स' पर नया फीचर सब कुछ दिखा रहा

उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कुछ दिन पहले एक नया फीचर आया है, जिसके माध्यम से यह पता लगाया जा सकता है कि किसी अकाउंट का उपयोगकर्ता किस देश में स्थित है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा का आधिकारिक अकाउंट, भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय का अकाउंट और उनका (संबित पात्रा ) व्यक्तिगत अकाउंट, सभी भारत का ही लोकेशन दिखाते हैं।

### अलग-अलग देशों में बैठकर भारत में नैरेटिव सेट कर रहे

पात्रा ने कहा कि राहुल केवल विदेश जाकर देश के खिलाफ ही नहीं बोल रहे हैं। वे केवल जेन-जी से मिलकर देश के खिलाफ माहौल बनाने की कोशिश नहीं करते हैं बल्कि कांग्रेस में काम का बंटवारा है। इनके लोग अलग-अलग देशों में बैठकर भारत में नैरेटिव सेट कर रहे हैं। वोट चोरी और ऑपरेशन सिंदूर का नैरेटिव सेट किया गया है। ऑपरेशन सिंदूर में प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय सेना को आत्मसमर्पण की स्थिति में दिखाया गया था। राहुल गांधी केवल विदेश जाकर देश के खिलाफ ही नहीं बोलते, बल्कि उन्होंने किस योजना और डिजाइन के साथ इस काम को विदेश से करवा रहे हैं।

### तीन नैरेटिक को सामने रखा

उन्होंने कहा कि बांग्लादेश, पाकिस्तान, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया, यूरोप और अमेरिका में बैठे उनके लोग, जिनका भारत से कोई लेना-देना नहीं है, वो भारत में नैरेटिव सेट करते हैं। भारत में कुछ ऐसे नैरेटिव जो राहुल , कांग्रेस और लेफ्ट ईकोसिस्टम के कहने पर सेट किए गए, ऐसे तीन नैरेटिव के उदाहरण मैं दूंगा। पहला - वोट चोरी का नैरेटिव सेट किया गया। दूसरा - ऑपरेशन सिंदूर में जो मोदी जी और भारत की सेना को एक तरह से दुर्बल दिखाने की कोशिश की गई, उसके पीछे भी पाकिस्तान, बांग्लादेश और पश्चिम एशिया में बैठे कुछ कांग्रेसी और उनके शुभचिंतकों के हैंडल हैं। तीसरा- संघ, संघ परिवार और मोदी जी पर व्यक्तिगत हमला करने का नैरेटिव भी विदेश से ही संचालित हुआ।

### राहुल और कांग्रेस विदेशों से फर्जी सूचनाएं फैलाने के दावों को दोहरा रहे

संबित पात्रा ने आगे कहा कि डॉ. कालिका नाम के उपयोगकर्ता के सिंगापुर स्थित अकाउंट ने भारतीय चुनाव आयुक्त की गिरफ्तारी का झूठा दावा किया और मनगढ़ंत तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने कहा कि ये उदाहरण एक चिंताजनक पैटर्न की ओर इशारा करते हैं, जिसमें राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी विदेशों से फर्जी सूचनाएं फैलाने वालों के दावों को दोहराते हैं।

## भगवान श्रीराम की कांस्य मूर्ति



**गोवा में** दुनिया की सबसे ऊंची श्रीराम प्रतिमा का अनावरण करेंगे पीएम आज

# स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के शिल्पकार ने ही बनाई 77 फीट लंबी प्रतिमा

***दक्षिण गोवा जिले में श्री संस्थान गोकर्ण जीवोत्तम मठ में लगेगी***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिण गोवा जिले में शुक्रवार को श्री संस्थान गोकर्ण जीवोत्तम मठ में भगवान राम की 77 फुट ऊंची कांस्य की मूर्ति का अनावरण करेंगे। मठ की केंद्रीय समिति के अध्यक्ष श्रीनिवास डेंपो ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 3.45 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। मठ परिसर में एक विशेष हेलीपैड बनाया गया है।

गोवा लोक निर्माण विभाग के मंत्री दिगंबर कामत ने कहा कि गुजरात में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का डिजाइन तैयार करने वाले मूर्तिकार राम सुतार ने ही भगवान राम की मूर्ति बनाई है। मंत्री ने कहा कि यह दुनिया में श्री राम की सबसे ऊंची मूर्ति होगी। श्रीनिवास डेंपो ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी एक जनसभा को संबोधित करने से पहले मठ में बने मंदिर भी जाएंगे। उन्होंने बताया कि गोवा के राज्यपाल अशोक गजपति राजू, मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक तथा राज्य के कैबिनेट मंत्री इस समारोह में शामिल होंगे। मठ परंपरा के 550 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 27 नवंबर से 7 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

डेंपो ने बताया कि गोवा में मठ परिसर का निर्माण 370 साल पहले कैनाकोना (दक्षिण गोवा जिला) के पार्टागल गांव में किया गया था। उन्होंने बताया कि इन दिनों में कई कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है और प्रतिदिन 7,000 से 10,000 लोगों के मठ परिसर में आने की उम्मीद है। कामत ने कहा कि सदियों से आध्यात्मिक केंद्र के रूप में सेवारत मठ के परिसर का पूरा नवीनीकरण किया गया है और इसे आधुनिक रूप दिया गया है।

## मप्र के अशोकनगर ने रचा इतिहास

# एसआईआर में 100 फीसदी डिजिटलाइजेशन किया पूरा

कलेक्टर आदित्य सिंह और जिला टीम को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की शुभकामनाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम–2026 (स्पेशल समरी रिवीजन 2026) के तहत 100 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन पूरा कर ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। यह उपलब्धि राज्य में चुनावी तैयारियों और पारदर्शिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने 'एक्स' प्लेटफॉर्म पर जानकारी साझा करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह सहित पूरी जिला टीम को बधाई दी। उन्होंने लिखा—"अशोकनगर ने इतिहास रचा।

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम–2026 में 100 फ़ीसदी डिजिटलाइजेशन पूरा करने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह और पूरे ज़िले की टीम को हार्दिक बधाई।"

झा ने इसे निर्वाचन प्रबंधन में तकनीकी दक्षता, डिजिटल नवाचार और टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अन्य जिलों को भी प्रेरित करेगी, जिससे मतदाता सूची प्रबंधन और चुनावी कामकाज अधिक पारदर्शी और सटीक बन सकेगा।

इस उपलब्धि का श्रेय जिले की उन सभी टीमों को दिया गया है जिन्होंने मतदाता सूची अपडेट, रिकॉर्ड सत्यापन, डिजिटल डाटा एंट्री, आईटी मॉड्यूल्स के उपयोग और फील्ड स्तर पर समन्वय को कुशलतापूर्वक पूरा किया। इसी के साथ मध्यप्रदेश में चुनावी कार्यों के डिजिटलीकरण को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।






## मेडिकल कॉलेजों की मान्यता में अनियमितताओं को लेकर एक्शन

# दिल्ली और तेलंगाना से लेकर यूपी तक 15 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मेडिकल कॉलेजों की मान्यता में अनियमितताओं के मामले में गुरुवार को देशभर में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। एजेंसी ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में कुल 15 ठिकानों पर छापेमारी की।

यह कार्रवाई सीबीआई की ओर से 30 जून 2024 को दर्ज एफआईआर के आधार पर की जा रही है। इसमें आरोप है कि नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) के अधिकारियों सहित सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### एफआईआर में 34 लोग नामजद

एफआईआर में 34 लोगों को नामजद किया गया था, जिनमें स्वास्थ्य मंत्रालय के आठ अधिकारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के एक अधिकारी और राष्ट्रीय चिकित्सा आयुक्त (एनएमसी) निरीक्षण दल के पांच डॉक्टर शामिल थे। जांच के दौरान सीबीआई ने अब तक 8 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें तीन एनएमसी डॉक्टर भी शामिल हैं। आरोप है कि उन्होंने छत्तीसगढ़ के एक मेडिकल कॉलेज को अनुकूल रिपोर्ट देने के लिए 55 लाख रुपए की रिश्वत ली। एफआईआर में कहा गया था कि यह ▶▶ शेष पेज 5 पर




# मालिक के घर सेंध लगाने वाला ड्राइवर अरेस्ट

■ चार करोड़ की जूलरी बरामद

**नई दिल्ली।** साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की एंटी बर्गलरी सेल ने मालिक के घर सेंध लगाने वाले ड्राइवर को अरेस्ट किया है। इसके पास से चार करोड़ की सोने व हीरे की जूलरी बरामद की गई है। आरोपी का नाम महेंद्र दान (30) निवासी तहसील मकराना, जिला नागोर, राजस्थान है। डीसीपी अमित गोयल के अनुसार 28 सितंबर को साउथ कैंपस निवासी महिला की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई थी। जांच शुरू की गई। 21 नवंबर को मामले की जांच एंटी बर्गलरी सेल को स्थानांतरित की गई थी। केस फाइल प्राप्त होने के बाद, टीम ने इस मामले पर काम करना शुरू कर दिया। तकनीकी जांच के बाद संदिग्ध की पहचान महेंद्र दान के रूप में हुई। घटनास्थल से उठाए गए प्रिंट आरोपी महेंद्र के फिंगर प्रिंट से मेल खाए। आखिर में आरोपी को राजस्थान से अरेस्ट किया गया। उसके घर से चोरी के आभूषण भी बरामद हो गये। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पिछले चार साल से शिकायतकर्ता के यहां ड्राइवर के तौर पर काम कर रहा था। उसने धीरे धीरे लगभग एक महीने तक जूलरी चोरी की थी।

## शव कार की पिछली सीट पर रख सो गया आरोपी

# नशे में धुत व्यक्ति ने की लिव-इन पार्टनर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ लोगों ने शव कार में देख पुलिस को दी सूचना

छावला इलाके में 44 वर्षीय एक महिला की नशे में धुत उसके 'लिव-इन' पार्टनर ने कथित तौर पर हत्या कर दी। हत्या के पीछे पैसों का विवाद सामने आया है। आरोपी का नाम वीरेंद्र (35) बताया गया है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में पता चला कि आरोपी ने महिला का गला अपनी कोहनी से दबा दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपी इतना नशे में था कि शव को ठिकाने लगाने के लिये कार तक तो ले गया लेकिन कार चलाने में असमर्थ था इसलिये वापस घर आकर सो गया।

पुलिस के अनुसार वारदात की सूचना 26 नवंबर की सुबह करीब सवा नौ बजे एक पड़ोसी द्वारा दी गई थी। पुलिस तुरंत दीनपुर एक्सटेंशन पहुंची। एचआर नंबर की स्विफ्ट कार में महिला का शव पड़ा था। जबकि आरोपी घर में सो रहा था। मृतका के चेहरे पर कुछ खरोंच के निशान थे। क्राइम व एफएसएल टीम से फोटो व नमूने एकत्र करवाये गये। विवाहित और बच्चों वाला वीरेंद्र पिछले दो साल से महिला के साथ रह रहा था। जांच में पता चला कि महिला के पास पहले पालम में एक घर था, जिसे उन्होंने बेच दिया था। उस पैसे से वीरेंद्र ने अगस्त में छावला में अपने नाम से तीन मंजिला घर खरीदा था। बिक्री से मिले 21 लाख रुपये बचे थे जो वीरेंद्र के पास ही थे। इन्हीं पैसों को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। 25 और 26 नवंबर की रात को कथित तौर पर दोनों शराब पी रहे थे, तभी उनके बीच झगड़ा हो गया। एक बस कंपनी में काम करने वाले वीरेंद्र ने झगड़े के दौरान महिला का गला अपनी कोहनी से दबाया जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या करने के बाद वीरेंद्र ने अपने दो दोस्तों, जिनमें एक पुरुष और एक महिला शामिल थी, को बुलाया। उन्होंने शव को कार तक ले जाने में उसकी मदद की। कुछ ही देर बाद आरोपी के दोस्त वहां से चले गए। वीरेंद्र ने लाश को ठिकाने लगाने के लिए गाड़ी चलाने की कोशिश की। लेकिन नशे की वजह से वह लगभग 100 मीटर से आगे नहीं जा सका और घर लौट आया। लाश को कार में छोड़कर वह घर आया, फिर से शराब पी और सो गया। सुबह सवा नौ बजे एक पड़ोसी ने महिला का शव देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और वीरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। उस समय भी वह सो रहा था। आरोपी वीरेंद्र के घर से 21 लाख रुपये भी बरामद हुये हैं। जुर्म में सहभागी उसके साथियों का पता लगाने की कोशिशें पुलिस कर रही हैं।

# भाऊ गैंग का शूटर मुठभेड़ में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ बहादुरगढ़ में सीआईए टीम के कांस्टेबल पर चलाई थी गोली

द्वारका पुलिस ने गैंगस्टर हिमांशु उर्फ भाऊ के शूटर को एक मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 पर सांई बाबा मंदिर के पास यह मुठभेड़ हुई। बहादुरगढ़ में सीआईए टीम के कांस्टेबल पर गोली चलाने वाले और 25 हजार रुपए के इनामी इस बदमाश को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। बदमाश के पैर में गोली लगी है। इसकी पहचान सोनीपत, हरियाणा निवासी 25 वर्षीय अंकित के तौर पर की गई है। 28 अक्तूबर को नजफगढ़ में कुख्यात बदमाश रोहित लांबा पर की गई गोलीबारी के मामले में भी यह वांछित था।

डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार सूचना मिली थी कि हिमांशु भाऊ गिरोह का एक सक्रिय बदमाश जिले में आने वाला है। सूचना के आधार पर टीम ने यूईआर पर सांई बाबा मंदिर के पास ट्रैप लगाया। अंकित ने पुलिसकर्मियों पर तीन बार गोली चलाई। एक गोली हेड कांस्टेबल कुलदीप की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी जिसमें वह बाल-बाल बच गया। जवाबी कार्रवाई में कुलदीप ने दो और एक महिला हेड कांस्टेबल ने एक गोली चलाई। इनमें से एक गोली अंकित के दाहिने पैर में लगी। बदमाश रोहित लांबा पर फायरिंग केस में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अंकित और एक अन्य शूटर दीपक फरार थे। अंकित आदतन अपराधी है। साल 2020 में उसने बहादुरगढ़ में सीआईए टीम पर गोलीबारी की थी, जिसमें एक सिपाही घायल हो गया था। नजफगढ़ फायरिंग मामले में वांछित इसके साथी व दूसरे शूटर दीपक की तलाश जारी है।

## डिजिटल अरेस्ट और इन्वेस्टमेंट फ्रॉड रैकेट में शामिल चार पकड़े

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल ने डिजिटल अरेस्ट और इन्वेस्टमेंट फ्रॉड रैकेट में शामिल चार जालसाजों व ठगों को गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी से नकली फर्म, म्यूल अकाउंट और ई-कॉमर्स फ्रंट ऑपरेशन का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस के लिये यह साइबर-फोरेंसिक, डेटा एनालिटिक्स और इंटेलिजेंस कलेक्शन से मिली बड़ी कामयाबी है। डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार 8 अक्टूबर को मयूर विहार फेज-1 के रहने वाले शख्स ने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) के जरिए 42,95,720 की धोखाधड़ी के बारे में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसे नकली ट्रेडिंग एप्लीकेशन इंस्टॉल करने और एक धोखाधड़ी वाले टिप्स ग्रुप में शामिल होने का लालच दिया गया था। जालसाजों ने उसे आईपीओ फंडिंग और प्रॉफिट निकालने के बहाने इन्वेस्ट करने के लिए उकसाया और आखिर में उससे कई बैंक अकाउंट में रकम ट्रांसफर करवा ली गई थी। टेक्निकल जांच से पता चला कि ठगी गई रकम 23 अकाउंट के जरिए छोटे स्ट्रक्चर्ड ट्रांजैक्शन के जरिए 742 अकाउंट/वॉलेट में भेजी गई थी। पुलिस ने कार्रवाई स्वरूप चंदर विहार, निहाल विहार निवासी अमनदीप सिंह, रोहिणी निवासी गुरप्रीत सिंह और राजा पार्क, पीतमपुरा निवासी सुरेश कुमार और रानी बाग निवासी आशू सूद को गिरफ्तार किया। अमनदीप सिंह और गुरप्रीत सिंह ने लोगों के बैंक अकाउंट लेकर उन्हें सिंडिकेट के बड़े मेंबर्स को बेचा था।

# करोल बाग में मोबाइल बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश


हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ 1826 मोबाइल जब्त, पांच गिरफ्तार

सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के करोल बाग थाना अंतर्गत ऑपरेशन "साइबरहॉक" के दौरान गैर-कानूनी मोबाइल बनाने वाली यूनिट का भंडाफोड़ किया गया है। फैक्ट्री में गैर-कानूनी मोबाइल असेंबलिंग और आईएमईआई से छेड़छाड़ करने वाले पांच लोग भी पकड़े गये हैं। 1826 मोबाइल फोन (कीपैड और स्मार्टफोन) बरामद हुये। आईएमईआई बदलने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला लैपटॉप भी जब्त हो गया है।

करोल बाग पुलिस पिछले 15 दिनों से इलाके में गैर-कानूनी मोबाइल फोन एक्टिविटी को रोकने के लिए लगातार काम कर रही थी। इसी बीच करोल बाग में एक बिल्डिंग से चल रही गैर-कानूनी मोबाइल बनाने और आईएमईआई बदलने वाली यूनिट के बारे में खास जानकारी मिली। करोल बाग के बीडनपुर में एक बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर मौजूद आदित्य इलेक्ट्रॉनिक्स एंड एक्सेसरीज पर रेड की गई तो पुलिस भी हैरान रह गई। फैक्ट्री में पुराने व इस्तेमाल किए गए मोबाइल फोन के मदरबोर्ड का इस्तेमाल कर उन्हें नए मोबाइल बॉडी पार्ट्स के साथ जोड़ा जा रहा था। खास सॉफ्टवेयर के जरिए आईएमईआई नंबर बदले जाते थे। इसके बाद गैर-कानूनी तरीके से बनाए गए/बदले हुए डिवाइस को बाजार में बेचा जाता था। रेड के दौरान पांच लोग उस जगह पर मौजूद पाए गए। लैपटॉप में खास सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करके मोबाइल फोन के आईएमईआई बदले जा रहे थे। सभी आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। लगातार पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे स्क्रैप डीलरों से पुराने मोबाइल फोन खरीदते थे। नए मोबाइल बॉडी पार्ट्स चीन से खरीदे जाते थे। इन नए बॉडी के साथ पुराने मदरबोर्ड को मिलाकर डिवाइस को असेंबल किया जाता था। असेंबल किए गए मोबाइल के आईएमईआई नंबर "WRITEIMEI 0.2.2" नाम के सॉफ्वेयर का इस्तेमाल करके बदले जाते थे। यह धंधा पिछले दो सालों से चल रहा था। पकड़े गये आरोपियों के नाम मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का मालिक अशोक कुमार (45) निवासी ककरौला, रामनारायण (36) निवासी तिलक नगर, मोती नगर निवासी धर्मेंद्र कुमार (35), मंडावली निवासी दीपांशु (25) और ओल्ड महावीर नगर निवासी दीपक (19) पता चलें। मदरबोर्ड के सोर्स, सप्लाई चेन, डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और संभावित खरीदारों/रिसीवर के बारे में आगे की जांच चल रही है।

## कर्ज न चुकाने पर दोस्त पर चलवाई गोली, आरोपी पकड़ा



**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले की सराय रोहिल्ला पुलिस ने 4.5 लाख रुपये का कर्ज नहीं चुकाने पर अपने दोस्त को गोली मारने वाले शख्स को अरेस्ट किया है। आरोपी शख्स का नाम सिद्धार्थ भारद्वाज है। इसे कई जगह की गई छापेमारी के बाद पीतमपुरा से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार बीच में स्कूली पढ़ाई छोड़ चुके भारद्वाज के खिलाफ लूट, झपटमारी और चोरी के आठ मामले दर्ज मिले हैं। हत्या के प्रयास का यह मामला पांच नवंबर को सामने आया था। पीड़ित राहुल सिंह (26) अपनी रकम वापस मांगने के लिए सराय रोहिल्ला स्थित सिद्धार्थ के किराए के फ्लैट पर गया था। सिद्धार्थ ने रकम अपने सहयोगी रोहित को दी थी। फ्लैट पर पहुंचे राहुल ने जब पैसे वापस मांगे तो उनके बीच बहस हुई जहां सिद्धार्थ, रोहित और अन्य लोग मौजूद थे। झगड़े के दौरान रोहित ने कथित तौर पर अपने साथी समीर दहिया को बुलाया जिसने वहां पहुंचने पर रोहित के कहने पर राहुल पर गोली चला दी। राहुल के बाएं घुटने में गोली लगी थी। वारदात के बाद सभी आरोपी भाग गए थे। राहुल को सरकारी अस्पताल ले जाया गया था। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। सिद्धार्थ को पीतमपुरा स्थित एक किराए के मकान में ढूंढ निकाला गया। पूछताछ के दौरान उसने कथित तौर पर स्वीकार किया कि वह कर्ज नहीं चुका पा रहा था और विवाद बढ़ने पर उसने अपने साथियों को बुलाया था। पुलिस का कहना है कि अन्य आरोपियों रोहित और समीर दहिया का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

## सड़क हादसे में बुजुर्ग समेत दो लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** मोती नगर थानाक्षेत्र में बुधवार शाम हुए सड़क हादसे में एक बुजुर्ग समेत दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान मुन्नी राज (48) और सूरज पाल (74) के तौर पर की गई है। जखीरा गोल चक्कर के पास टियागो कार से यह हादसा हुआ। आरोपी चालक कार मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। शवों को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस को हादसे की जानकारी बुधवार शाम करीब 6:10 बजे मिली। सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और पीसीआर वैन से घायलों को एबीजी अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन हालत गंभीर होने के चलते घायलों को राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिये रेफर कर दिया गया। उस समय घायल बयान देने की स्थिति में नहीं थे। बाद में देर रात इलाज के दौरान दोनों व्यक्तियों ने दम तोड़ दिया। मुन्नी राज आनंद पर्वत इलाके के नेहरू नगर जबकि सूरज पाल जखीरा इलाके की चारा मंडी झुग्गी का रहने वाला था। पुलिस ने बताया कि जांच टीम को मौके पर एक हरियाणा में पंजीकृत कार मिली। वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने कार जब्त कर ली है। आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली – 110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदो के लिए ई – निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संछिप्त विवरण | मात्रा | अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82255012A | ऑर्थोपेडिक रोबोट फॉर स्पाइन सर्जरी (स्पेसिफिकेशन एज़ पर पीडीएँफ अटैच्ड) | 01 | 22.12.2025 |

**निविदा शर्ते** : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। **टेंडर नोटिस सं. 82255012A दिनांक: 27.11.2025** **3679/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**रेलवे स्क्रैप सामग्री की बिक्री के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम**

जीएसडी/पांडू डिपों के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ई-नीलामी के जरिये स्क्रैप लॉट की बिक्री के लिए **दिसंबर/2025** माह के लिए निम्न दिये गये विवरण के अनुसार ई-नीलामी का कार्यक्रम तय किया गया है।

| क्र.स. | माह/वर्ष | नीलामी कार्यक्रम सं. | नीलामी शुरू की तिथि/समय |
|---|---|---|---|
| 1 | दिसंबर/2025 | GSDPNO25N2622 | 04-12-2025 / 11:00:00 |
| 2 | | GSDPNO25N2623 | 16-12-2025 / 11:00:00 |
| 3 | | GSDPNO25N2624 | 23-12-2025 / 11:00:00 |

इच्छुक बोलीकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि पंजीयन, प्रशिक्षण, ई-नीलामी में भागीदारी के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) के जरिये बोली लगाएं।

**उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, पांडू**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गौरव उर्फ गौरव वाल्मीकि उर्फ गौरव कुमार, पुत्रः सत्यनारायण वाल्मीकि, निवासीः एन–71/बी–2, ओल्ड चंद्रावल, सिविल लाइन्स, दिल्ली और निवासीः झुग्गी नंबर–375/बी–2, हरिजन बस्ती ओल्ड चंद्रावल, दिल्ली** ने **CASE No.: 5871/24, U/s: 138 NI Act, पुलिस थाना मौरिस नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गौरव उर्फ गौरव वाल्मीकि उर्फ गौरव कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गौरव उर्फ गौरव वाल्मीकि उर्फ गौरव कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना मौरिस नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **गौरव उर्फ गौरव वाल्मीकि उर्फ गौरव कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 28.01.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री उर्वी गुप्ता
जेएमएफसी (एनआई एक्ट–01), केंद्रीय,
कमरा संख्या 201, अनुलग्नक–II,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15520/N/2025


# मुख्यमंत्री की चुप्पी पर प्रदेश कांग्रेस ने साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने गुरूवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कार्यालय में एक कार्यक्रम के द्वारा दिल्ली में भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के बोल बचन और लम्बी जबान को प्रतीकात्मक रुप देकर पेश करते हुए प्रदर्शित करके भाजपा की कथनी और करनी के साथ उनके झूठे वादों और दावों की सच्चाई को उजागर किया। कार्यक्रम में रेखा की बोल बचन वाली 100 मीटर लम्बी जबान को उनके कटआउट के साथ प्रदर्शित करने के साथ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की चुनावी वादों पर चुप्पी का भी एक वीडियो दिखाया जिसमें कुछ सवाल पूछ गए और मुख्यमंत्री चुप है। महिलाओं को 2500 रुपये देने के सवाल पर चुप, होली दीवाली पर मुफ्त सिलेंडर के नाम पर चुप, यमुना की सफाई पर चुप, दिल्ली में जानलेवा हो चुके प्रदूषण के सवाल चुप, बसों की किल्लत के सवाल पर चुप, सड़कों, राशन कार्ड और बुजुर्गों की पेंशन के सवाल पर चुप।

# श्रीमद् भागवत कथा सिखाती है कि कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन ही अर्थपूर्ण जीवन की है सच्ची नींव : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



श्रीमद् भागवत कथा ऐसे जीवन-मूल्यों को व्यक्त करती है, जो परिवारों को स्थिरता देते हैं और समाज में शांति, प्रेम और एकता को मजबूती प्रदान करते हैं। यह कथा सिखाती है कि कर्तव्य-निष्ठा और अनुशासन ही अर्थपूर्ण जीवन की सच्ची नींव हैं। यह बात गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने श्रीमद् भागवत कथा में शामिल होने के दौरान कही। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण समाज में आध्यात्मिक शक्ति बढ़ाने, सकारात्मकता फैलाने और व्यक्ति के जीवन में शांति स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता गुरुवार को यमुना विहार स्थित एमटीएनएल ग्राउंड में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने परम पूज्य साध्वी ऋतम्भरा की दिव्य वाणी का श्रवण किया। मुख्यमंत्री ने इसे अत्यंत सौभाग्यपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि साध्वी मां का तप, साधना और राष्ट्रहित में उनका समर्पण समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मुख्यमंत्री ने आयोजन समिति के सभी सदस्यों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि साध्वी मां के सान्निध्य में कथा का श्रवण करना किसी भी व्यक्ति के लिए अत्यंत पवित्र अनुभव है। कार्यक्रम में विधायक अजय महावर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि साध्वी ऋतम्भरा ने अपने अनंत साहस और ओजस्वी वाणी के माध्यम से राम मंदिर आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने व्यापक जन-जागरण अभियान चलाकर लाखों लोगों को प्रभु श्रीराम के आदर्शों से जोड़ा और राम जन्मभूमि आंदोलन में ऐतिहासिक योगदान दिया। मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि साध्वी मां को 'पद्मश्री' सम्मान प्राप्त होना पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। यह उनके त्याग, तप, समाजसेवा और मातृत्वपूर्ण भावनाओं की राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा है। उन्होंने कहा कि साध्वी मां ने हजारों बच्चों का पालन-पोषण किया, अनेक बेटियों का कन्यादान किया और असंख्य गौ माताओं को आश्रय प्रदान कर समाज को अनुपम दिशा दी है।

## चार महीने से रीडिंग न होने पर भेजे जा रहे गलत बिल, उपभोक्ता परेशान

# दिल्ली जल बोर्ड: माफी योजना बनी जनता के लिए बड़ी राहत

दया राम ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली जल बोर्ड की लेट पेमेंट सरचार्ज माफी योजना (एलपीएससी) राजधानी के हजारों घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ी राहत बनकर सामने आई है। इस योजना के तहत लोगों ने अपने भारी-भरकम बकाया बिलों पर 60 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक की लेट फीस माफी प्राप्त की है। बकाया राशि के बोझ तले दबे घरेलू जल बोर्ड उपभोक्ता अब सिर्फ 'मूल राशि' जमा कर अपने बिल की राशि करीब आधी या उससे भी कम करा रहे हैं। इस योजना का लाभ उठाकर कई उपभोक्ता लाखों रुपये की लेट फीस से मुक्त हो चुके हैं, जिससे उनमें खुशी और संतोष की लहर है।

लेकिन वहीं, दूसरी तरफ पानी के मीटर की रीडिंग न होने से नई मुश्किलें भी खड़ी हो चुकी हैं। जहां सरकार की यह छूट योजना जनता को बड़ी राहत दे रही है, वहीं दिल्ली देहात के कई इलाकों-खासकर नरेला क्षेत्र में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एक नई समस्या खड़ी हो गई है। घरेलू उपभोक्ताओं ने बताया कि पिछले लगभग चार महीने से मीटर की रीडिंग नहीं ली जा रही है, जिसके चलते उपभोक्ताओं को गलत यूनिट की गणना, औसत से ज्यादा खपत, और 1000 रुपये से भी अधिक के बिल का सामना करना पड़ रहा है।

### जीरो आने वाला बिल आ रहा है बढ़कर

गुरूवार को नरेला स्थित दिल्ली जल बोर्ड कार्यालय में शिकायत करने पहुंचे कई उपभोक्ताओं ने बताया कि दिल्ली सरकार ने 20 हजार लीटर पानी मुफ्त किया है, लेकिन जब मीटर की रीडिंग लेने वाला आता ही नहीं, तो बिल में यूनिट अपने आप बढ़ जाती है। चार महीने बाद बिल एक हजार रुपये से ऊपर आ जाता है। यह हमारे साथ अन्याय है। उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें बिना जल खपत के भी अनावश्यक रूप से भारी बिल भेजे जा रहे हैं।

### मीटर रीडिंग तुरंत शुरू हो, गलत बिल वापस लिए जाएं

स्थानीय उपभोक्ताओं ने दिल्ली सरकार से मांग की है कि दिल्ली जल बोर्ड तुरंत मीटर रीडिंग शुरू करे, चार महीनों के गलत या औसत बिलों की समीक्षा कर उन्हें वापस ले, जहां रीडिंग संभव न हो, वहां स्पॉट बिलिंग या फोटो मीटर रीडिंग लागू करे, और 20 हजार लीटर मुफ्त स्कीम का वास्तविक लाभ सुनिश्चित करे।

### राहत योजना अच्छी, पर समस्याओं पर भी तुरंत कदम उठाए सरकार

दिल्ली जल बोर्ड की इस माफी योजना जहां उपभोक्ताओं के पुराने बोझ को कम कर रही है, वहीं रीडिंग न होने से जुड़े ताजा मुद्दों ने नागरिकों की चिंताओं को बढ़ा दिया है। उपभोक्ताओं व जागरूक नागरिकों का मानना है कि यह योजना तभी सफल मानी जाएगी जब दैनिक स्तर पर भी उपभोक्ता बिना परेशानी के सटीक बिल प्राप्त कर सकें।


**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला**

**घोषणा**

**विषय: उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में (विज्ञा. सं. 56/2024) गणित विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) के पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा।**

नीचे वर्णित पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा हेतु क्वालीफाइड हो चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है :–

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में गणित विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) | 56/2024 | 07.12.2025 पूर्वा. 10:00 बजे से अप. 1:00 बजे तक |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात **http://hpsc.gov.in** पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 01.12.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि सभी उम्मीदवार जो उपरोक्त पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षाओं हेतु क्वालीफाइड हो चुके हैं, को परीक्षा में बैठने के लिए अंतरिम रूप से अनुमति दी जा रही है, जो विज्ञापन के अनुरूप सभी पात्रता शर्तें पूर्ण करने के अधीन है।

**टिप्पणियां :–**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने और ए–4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश–पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश–पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 27.11.2025

हस्ता/– उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

संवाद–1156/13/365/2026/40694/88/7 दि. 27.11.25

## मुख्यमंत्री ने 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान में की सहभागिता

# 'हर नागरिक का हर रुपया सुरक्षित, हर हकदार तक पहुंचेगा उसका अधिकार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हर नागरिक का प्रत्येक अनक्लेम्ड रुपया, चाहे वह बैंक में हो, म्यूचुअल फंड, बीमा, शेयर या डिविडेंड से संबंधित हो, पूर्ण रूप से सुरक्षित है और उसे वास्तविक हकदार को ही वापस किया जा रहा है। यह बात गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' कार्यक्रम में कही।

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के साथ सहभागिता की।इस अभियान के तहत दिल्ली के प्रत्येक जिले में शिविर स्थापित किए जा रहे हैं। हर कैंप में विशेष हेल्पडेस्क बनाए गए हैं, जहां नागरिक डिजिटल माध्यम से अपनी अनक्लेम्ड राशि से जुड़ी जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षित अधिकारी हर परिवार की सहायता कर रहे हैं, ताकि पूरी प्रक्रिया को सरल, सुलभ और भरोसेमंद बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि यह अभियान मध्यवर्ग और गरीब परिवारों के लिए सच्चे अर्थों में राहत और सम्मान लेकर आया है। वर्षों से अनक्लेम्ड पड़ी वह राशि, जो कभी मेहनत की कमाई थी, आज अपने असली हकदारों तक पहुंचने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम परिवारों की इस चिंता को समझा, उनकी कठिनाई को महसूस किया और इस अनक्लेम्ड पूंजी को तेज, पारदर्शी और सुरक्षित तरीके से लोगों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया है। इस अभियान ने जनता के भीतर विश्वास की एक मजबूत भावना पैदा की है और केंद्र सरकार ने पारदर्शिता, तकनीक और नागरिक-अनुकूल व्यवस्था से यह साबित कर दिया है कि जनता की पूंजी सुरक्षित हाथों में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बैंकिंग और डिजिटल भुगतान को लेकर देश में अभूतपूर्व भरोसा बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भारतीयों की बचत की आदत पहले सीमित थी, परंतु जीरो बैलेंस खाते, डिजिटल पेमेंट्स, डीबीटी और वित्तीय समावेशन जैसी पहलों ने हर नागरिक तक बैंकिंग की पहुंच सुनिश्चित की है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि वर्षों पहले जिस विश्वास को बनने में समय लगा, उसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बैंकिंग सुधारों के जरिए बेहद मजबूत कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्ट तंत्र के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ सीधा जनता तक नहीं पहुंच पाता था, वहीं अब केंद्र सरकार द्वारा भेजा गया पूरा लाभ सीधे लाभार्थी तक पहुंचता है। यह बदलाव भारतीय अर्थव्यवस्था और आम जनता के जीवन में ऐतिहासिक परिवर्तन है।



### 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार': विश्वास जोड़ने वाला अभियान : रेखा गुप्ता

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अनक्लेम्ड राशि को वास्तविक हकदार तक पहुंचाना केवल एक योजना नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास के रिश्ते को मजबूत करने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि अब तक 85 करोड़ रुपये की राशि वास्तविक हकदारों को वापस सौंपी जा चुकी है, जो इस प्रयास की सफलता का प्रमाण है।

## दिल्ली की वायु गुणवत्ता लगातार 14वें दिन रही बेहद खराब, एक्यूआई 377 हुआ दर्ज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की वायु गुणवत्ता बृहस्पतिवार को लगातार 14वें दिन 'बेहद खराब' श्रेणी में रही। राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 377 दर्ज किया गया और आने वाले सप्ताह में कोई राहत नहीं मिलने का अनुमान जताया गया है। राष्ट्रीय राजधानी में 24 घंटे का औसत एक्यूआई बृहस्पतिवार को 377 रहा, जबकि बुधवार को यह 327, मंगलवार को 352 और सोमवार को 382 था। इस तरह यह लगातार 14वें दिन 'बेहद खराब' श्रेणी में रहा।




# एमसीडी में अब नहीं होगा हाजिरी फर्जीवाड़ा

### सीधे सैलरी पोर्टल से छुट्टी के लिए कर सकेंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में हाजिरी के नाम पर होने वाला फर्जीवाड़ा अब खत्म हो गया है। आम भाषा में कहे तो यदि कोई कर्मचारी दस पंद्रह दिन छुट्टी पर होता था और जब वेतन बनने की तारीख नजदीक होती थी तो वह संबंधित अधिकारी से कुछ बात करके अपनी हाजिरी लगा लेता था और इससे दिल्ली नगर निगम को लाखों में नुकसान होता था, साथ ही ईमानदार कर्मियों पर इसका बुरा असर पड़ता था।

इसे देखते हुए निगम में अतिरिक्त आयुक्त (वित्त) वीर सिंह यादव ने एचआरएमएस लीव पोर्टल पहल पर कार्य शुरू किया और हाजिरी व छुट्टी की ऑनलाइन व्यवस्था शुरू कर दी गई। नई व्यवस्था के लागू होने के बाद कर्मियों को छुट्टी या एलटीसी के लिए अलग से फाइल या बिल बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कर्मचारी अब सीधे सैलरी पोर्टल से अपनी छुट्टी का आवेदन कर सकेंगे। 10 दिन की लीव एनकैशमेंट की राशि भी सिस्टम खुद ही निकाल देगा और उसी महीने के वेतन में जोड़ दी जाएगी।

#### एलटीसी का दावा, सीधे सैलरी पोर्टल से

पहले एलटीसी क्लेम को पास कराने के लिए ईसी/बीसी या डीडीओ से गुजरना पड़ता था। लेकिन अब पूरा काम अपने-आप सैलरी पोर्टल के माध्यम से हो जाएगा। इससे एलटीसी का पैसा कर्मचारियों को तेज़ी से और बिना देरी के मिल सकेगा।

#### समय की बचत और प्रक्रिया में पारदर्शिता

इस नई सुविधा से कर्मियों का समय भी बचेगा और पूरे सिस्टम में पारदर्शिता बढ़ेगी। कर्मियों ने भी इस कदम का स्वागत किया है और कहा है कि इससे प्रशासनिक बोझ कम होगा और कामकाज और भी सुचारू हो जाएगा।

## एनडीएमसी ने चलाया सफाई अभियान


नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने गुरूवार को अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले खास आवासीय और व्यवसायिक इलाकों में एक घंटे का विशेष गहन सफाई अभियान चलाया, जिससे सफाई के नतीजे जल्दी, दिखने वाले और ज़्यादा असर वाले मिले। सुबह 11:30 से दोपहर 12:30 तक चला यह विशेष सफाई अभियान एक फोकस्ड, समय पर चलने वाले ऑपरेशन के तौर पर डिज़ाइन किया गया था, जिसका मकसद तुरंत सफाई के स्तर पर ज़मीनी बदलाव लाना था। इस अभियान के तहत, पालिका परिषद की टीमों ने काका नगर रेजिडेंशियल कॉलोनी और बीकेएस मार्ग पर सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लॉई रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स के ब्लॉक 01 से 18 समेत विशेष रेजिडेंशियल इलाकों में गहन सफाई की।

## दिल्ली में 15 जनवरी तक स्थापित होंगे 6 नए हाईटेक एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन : सिरसा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) 15 जनवरी तक 6 नए कंटीन्यूअस एंबिएंट एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशनों की स्थापना करेगी। इन्हें 10 तक चलाने के लिए तकनीकी पार्टनर का भी चयन कर लिया गया है। इस बात की जानकारी पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी है। मंत्री सिरसा ने कहा कि यह नए स्टेशन दिल्ली की मॉनिटरिंग क्षमता को कई गुना बढ़ाएंगे। ये 6 नए स्टेशन जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (आईजीएनओयू।), मलचा महल के पास इसरो अर्थ स्टेशन, दिल्ली कैंट, कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (वेस्ट कैंपस)में स्थापित होंगे। ये सभी स्टेशन दक्षिण, मध्य और दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के अहम संस्थानों और रिहायशी इलाकों को कवर करेंगे, जिससे पूरे शहर की हवा की की पारिस्थितिकी अध्ययन और अधिक मजबूत होगी। सिरसा ने बताया कि हर स्टेशन में अत्याधुनिक एनालाईजर लगाए जा रहे हैं, जो लगातार पीएम 2.5, पीएम 10, सल्फर डाईऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, अमोनिया, कार्बन मोनोऑक्साइड, ओजोन और बीटेक्स जैसे प्रदूषकों को मापेंगे। इसके साथ ही हवा की दिशा–गति, तापमान, नमी, बारिश और सोलर रेडिएशन जैसी पूरी मौसम संबंधी जानकारी भी रिकॉर्ड होगी, ताकि प्रदूषण के फैलाव को वैज्ञानिक तरीके से समझा जा सके।

## सभी विभाग डिजिटल विधायी कार्यप्रणाली पर आयोजित प्रशिक्षण लें : विजेंद्र

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के सभी 40 विभाग 2 और 3 दिसंबर को 2025 को विधानसभा प्रश्नों के उत्तर देने, बिल प्रस्तुत करने और राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) के माध्यम से सभी संबंधित विधायी कार्यों के लिए डिजिटल प्रशिक्षण प्राप्त करें। यह निर्देश गुरुवार को दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिए हैं। इस बाबत विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने गुरुवार को संसदीय मामलों के मंत्रालय (एमओपीए), दिल्ली विधान सभा सचिवालय और सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। इस बैठक में अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि आगामी शीतकालीन सत्र के मद्देनजर, अब विधानसभा और जीएनसीटी दिल्ली के विभागों के बीच सभी प्रश्न, नोटिस, उत्तर और विधायी कार्य पूरी तरह से पेपरलेस और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से संचालित होंगे। डिजिटल संक्रमण के हिस्से के रूप में, सभी मंत्रियों के विभागों के लिए 2 और 3 दिसंबर 2025 को डिजिटल प्रशिक्षण निर्धारित किया गया है। 2 दिसंबर को सामान्य प्रशासन, सेवाएं, वित्त, उत्पाद शुल्क, व्यापार एवं कर, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, भूमि और भवन, सूचना एवं जनसंपर्क, सतर्कता, प्रशासनिक सुधार और योजना जैसे विभाग प्रशिक्षण लेंगे; जबकि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, परिवहन और आईटी विभाग प्रशिक्षण करेंगे।



**खबर संक्षेप**

## राजा राजकुमार तेवतिया का निधन, दी श्रद्धांजलि



**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ रियासत के शहीद राजा नाहर सिंह के वंशज राजा राजकुमार तेवतिया का आज लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे, वह पिछले पांच दिनों से क्यूआरजी अस्पताल में उपचाराधीन थे। वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए है। आज उनका अंतिम संस्कार उनके निवास स्थान सैक्टर-3 राजा नाहर सिंह पैलेस में पूरी विधि-विधान के साथ किया गया। उनके ज्येष्ठ पुत्र सुनील तेवतिया व अनिल तेवतिया ने उनको मुखाग्नि दी। वहीं पूर्व मंत्री एवं बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा की ओर से एवं बड़े भाई पं. टिपरचंर शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक, इंडियन नेशनल लोकदल की ओर से प्रदेश महासचिव देवेन्द्र , जाट समाज की राजबीर तेवतिया आदि।

## झगड़ा के मामले में तीन आरोपी धराएं



**फरीदाबाद।** लडाई झगडे के मामले में थाना डबुआ की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सरताज सैफी निवासी डबुआ कॉलोनी फरीदाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि 18 अक्टूबर को उसका दोस्त साद कुरैशी त्यागी मार्केट में पटाखे लेने गया था। जहां पटाखों के रेट को लेकर उसकी बहस हो गई और आपस में झगडा हो गया। इस दौरान दुकानदार शरद के पिता और भाई भी वहां आ गये और साद के साथ मारपीट की।

## चोरी के मामले में एक आरोपी को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एवीटीएस-2 की टीम ने घर में चोरी के करने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर दो दिन पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हनुमान नगर खेडी कला निवासी यशपाल ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि 16 नवम्बर की रात को कोई नामालुम उसके घर से आभुषण, फोन व अन्य सामान चोरी करके ले गया। जिस शिकायत पर थाना खेडीपुल में चोरी की धारा में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि अपराध शाखा एवीटीएस-2 की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मोहित निवासी मुरसाना बुलंदशहर को गिरफ्तार किया है।

### ससमर्पण कला केंद्र का वार्षिक सांस्कृतिक समारोह समर्पण भव्यता के साथ आयोजित

# साधना से समर्पण तक : भारतीय शास्त्रीय नृत्य और संगीत की भव्य प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

समर्पण कला केंद्र, गुरुग्राम का वार्षिक सांस्कृतिक समारोह समर्पण उत्सव 2025 भव्यता के साथ आयोजित हुआ। राजधानी के कमानी ऑडिटोरियम में आयोजित उत्सव में 120 से अधिक कलाकारों ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य और संगीत की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में दर्शकों का उत्साह और तालियों की गूंज देर तक सभागार में प्रतिध्वनित होती रही। समर्पण कला केंद्र, जिसकी स्थापना गुरु ऋतु गुप्ता द्वारा एक दशक पूर्व युवा पीढ़ी को भारतीय सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने के उद्देश्य से की गई थी। कथक, भरतनाट्यम और शास्त्रीय संगीत की पारंपरिक गुरु-शिष्य परंपरा के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करता है और आज 200 से अधिक विद्यार्थियों का परिवार बन चुका है। समर्पण उत्सव संस्था के विद्यार्थियों के वर्ष भर के परिश्रम, साधना और सीखने की यात्रा का मंचीय उत्सव है, जहां उभरते कलाकार और वरिष्ठ गुरु एक ही मंच पर प्रस्तुति देकर कला की निरंतरता का संदेश देते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा को समर्पित स्तुति 'देवी भजो' से हुई, जिसे गुरु रानी खानम ने कोरियोग्राफ किया था, और जिसने पूरे सभागार में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर दिया।



कार्यक्रम में भारतीय शास्त्रीय नृत्य और संगीत की भव्य प्रस्तुति देते।

**दर्शकों को भाव-विभोर किया**

सभी बंदिश की कोरियोग्राफी गुरु ऋतु गुप्ता ने की तथा इसका प्रबंधन बृजेश गुप्ता एवं अनन्या गुप्ता ने किया। वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत 'सरगम' (तीन ताल) ने कथक की तकनीकी गहराई—तिहाई, तुकड़े, लड़ी और गत निकास—का शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद तुलसीदास रचित 'श्री रामचंद्र कृपालु भज मन' की भक्ति-भाव से भरी प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया, जिसके पश्चात तीन ताल में शुद्ध नृत्य ने तकनीक और अध्यात्म का उत्कृष्ट समन्वय प्रस्तुत किया। 'शिव तांडव' की ऊर्जावान प्रस्तुति—पखावज के दमदार बोल और तांडव अंग की शक्ति—ने माहौल में दिव्य शक्ति की अनुभूति कराई। भरतनाट्यम शैली में नन्हे कलाकारों द्वारा प्रस्तुत 'अच्युतम केशवम्' विशेष आकर्षण रहा, जिसने मंच को भक्ति और मासूमियत से भर दिया। इसके बाद छोटे विद्यार्थियों की 'तीन ताल तराना' ने ऊर्जा और उत्साह से सभागार को जीवंत कर दिया। 'चतुरंग', 'कृष्ण वंदना', 'नृत्यत शंकर', और पंडित बिंदादिन महाराज की रचना 'निरतत धंग' जैसी प्रस्तुतियों ने कथक की संरचना, भाव, लय, ताल और परंपरा की गहराई को सुंदरता से प्रदर्शित किया। छह वर्ष के बच्चों की 'गणेश वंदना' कार्यक्रम का सबसे स्नेहमयी क्षण रहा, जिसे दर्शकों ने मुस्कुराहट और गर्मजोशी से स्वीकार किया। 'कान्हा नाही मानत', 'राम जनार्दन', 'झपताल', और कृष्ण भक्ति से भरा प्रभावशाली कृष्ण भजन भी विशेष रूप से सराहा गया।

### सीएम योगी ने किया भगवान पार्श्वनाथ जन्म कल्याणम व गुफा मंदिर का किया लोकार्पण

# भारत की ऋषि-मुनी परंपरा ही विश्व कल्याण का मार्ग: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मेरठ रोड स्थित तरूणसागरम, बसंतपुर सेंतली में भगवान पार्श्वनाथ जन्म कल्याणम व गुफा मंदिर का लोकार्पण किया। यह मंदिर मात्र 100 दिनों में बनकर तैयार हुआ है। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि भारत की ऋषि-मुनी परंपरा ही विश्व कल्याण का मार्ग है।

इस अवसर पर उन्होंने विश्व नवकार महामंत्र दिवस से जुड़े मोदी जी के '09 संकल्प' किया। आयोजकों ने मुख्यमंत्री को कमंडल, माला, चित्र भेंट कर एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आध्यात्मिक उन्नयन के लिए सुरक्षित, सुसभ्य और साफ सुथरा वातावरण चाहिए। यह भारत ने ही पहले दुनिया को दिया है और आज भी भारत ही इस कार्य को कर रहा है। हमें इस बात पर गर्व होना चाहिए। सभी आध्यात्मिक संदेशों और भारत की ऋषि मुनि परंपरा को लेकर बढ़ रहे हैं। यदि हम सभी इसका आत्मसात करते हैं तो यही विश्व मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का उद्घाटन किया था। उन्होंने नौ संकल्प सभी लोगों को प्रदान किए थे, पानी का बचाव, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता का मिशन, वोकल फोर लोकल, देश दर्शन, प्राकृतिक खेती, स्वस्थ जीवन शैली अपनायें , योग और खेल को जीवन में लाना और गरीबों के कल्याण के लिए सदैव समर्पित भाव से कार्य करना ।



**महाराज की दिनचर्या के बारे में जाना**



जैन समाज द्वारा इस पवित्रता को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। मैंने यहां प्रसन्ना महाराज उपाध्याय मुनीश्री पीयूष जी महाराज की दिनचर्या के बारे में जाना और श्री प्रसन्ना जी महाराज के बारे में सुना कि उनके द्वारा सुसंपन्न 557 दिनों की अद्भुत, अकल्पनीय, सिंहनिष्क्रीडित व्रत की साधना, जिसमें 496 दिनों के निर्जल उपवास किये और मात्र 61 दिनों की लघु पारणा की।

### भारत का पहला समग्र वेलनेस इकोसिस्टम तैयार

# सुनील शेट्टी के साथ एजवेल की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

तनूरा स्वेथा मेनन ने वेलनेस आइकन सुनील शेट्टी के साथ एजवेल की शुरुआत की। 40 वर्ष से अधिक आयु के वयस्कों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया यह भारत का पहला समग्र वेलनेस इकोसिस्टम है।

इसमें एंटी-एजिंग प्रोडक्ट्स, हेल्दी एजिंग सॉल्यूशन्स और लॉन्गेविटी पर केंद्रित कम्युनिटी प्लेटफॉर्म्स को एक साथ जोड़ा गया है। यह एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य आंदोलन की शुरुआत है। उन्होंने भारत में बुजुर्गों की जरूरतें, छूटे हुए अवसर और मौजूदा व्यवस्थाओं की कमियां करीब से समझीं और हर परिवार के लिए एकीकृत वेलनेस इकोसिस्टम तैयार किया है।



### पुलिस ने की जांच शुरू

# एमसीए के छात्र की संदिग्ध मौत, कमरे में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नंदग्राम इलाके में गुरुवार को 21 वर्षीय एमसीए छात्र की संदिग्ध मौत हो गई। छात्र का शव मकान के कमरे में लटका हुआ बरामद हुआ। छात्र के परिजनों ने चार दोस्तों पर हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना के समय परिजन रिश्तेदारी में शादी में गए थे। वापस आने पर अंदर छात्र का शव फांसी पर लटका मिला। मृतक छात्र का नाम वतन राणा था। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे ने बताया कि घटना के समय माता-पिता शादी में थे और वह अपनी जॉब पर थीं। पड़ोसियों ने उन्हें बताया कि वतन के साथ पूरे दिन उसके दोस्त भूमि, शाश्वत, अंशु और अमन घर के अंदर मौजूद थे।

### जल्द प्लान बनाने के दिए निर्देश

# वार्ड 5 एवं वार्ड 9 का निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा द्वारा शहर में वार्ड निरीक्षण के लगातार चल रहे दौरे के तहत गुरुवार को वार्ड 5 और वार्ड 9 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय पार्षद, पार्षद प्रतिनिधि सहित वार्ड के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वार्ड वासियों ने कमिश्नर का वार्ड में पहुंचने पर फूलमालाओं से स्वागत किया और लगातार निगम वार्डो का दौरा करने के लिए निगम आयुक्त का आभार भी व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने सभी स्थानीय निवासियों से वार्ड से जुड़ी समस्याओं को एक-एक कर विस्तार से सुना। उन्होंने बिजली, पानी, सीवर, सड़क, स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था सहित अन्य विषयों पर लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के आदेश दिए।



कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा सुबह सबसे पहले वार्ड 5 पहुंचे, जहां उन्होंने मौजूदा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके अलावा उन्होंने गुरुद्वारा से डिस्पोजल तक रोड पर बरसात में होने वाले जलभराव भराव से निजात पाने के लिए अधिकारियों को जल्द से जल्द पालन तैयार कर इस समस्या को दूर करने के निर्देश दिए।

वहीं जलघर के पास पार्क में अतिक्रमण को हटाकर पार्क को सुंदर बनाने के निर्देश दिए हैं।

## नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए 1500 नर्सों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**फरीदाबाद।** भारत में नवजात नर्सिंग क्षमता बढ़ाने के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए नवजात क्रिटिकल-केयर नर्सिंग प्रशिक्षण पहल शुरू की गई है। कार्यक्रम के तहत 1500 नर्सों को ऑनलाइन और ऑफलाइन मिलाकर उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसका उद्घाटन अमृता अस्पताल फरीदाबाद में हुआ। यह पहल केडमैन स्किल एड इंडिया फाउंडेशन, अमृता विश्व विद्यापीठम, अमृता अस्पताल, गेटिंगे मेडिकल इंडिया के तहत और बिजनेस स्वीडन के सहयोग से चलाई जा रही है। भारत का नवजात मृत्यु दर (एनएमआर) 19 प्रति 1,000 जन्म है (एसआरएस 2021), जबकि (एसडीजी) लक्ष्य 2030 तक 12 प्रति 1,000 है।

केरल व तमिलनाडु जैसे राज्यों में दर एक अंक में है, जबकि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में यह काफी अधिक है। मजबूत नवजात नर्सिंग क्षमता से मृत्यु दर 15 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक कम हो सकती है।

### बिजली कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, निजीकरण के खिलाफ लड़ रहे उप्र कर्मियों के साथ की एकजुटता

# पूरे देश के बिजली कर्मचारी उत्तरप्रदेश के संघर्षरत कर्मचारियों के साथ डटकर खड़े रहेंगे: सुभाष लांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईईएफआई) के आह्वान पर बृहस्पतिवार को बिजली कर्मचारियों ने उप्र सरकार द्वारा पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल निगम के निजीकरण के फैसले के खिलाफ प्रदर्शन किया और पिछले एक साल से निजीकरण के फैसले के खिलाफ निरंतर आंदोलन कर रहे बिजली कर्मचारियों व इंजीनियर के साथ एकजुटता प्रकट की।

बृहस्पतिवार को ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के बैनर तले बल्लभगढ़ डिवीजन, सेक्टर 6 ईदगाह पर बिजली कर्मचारियों ने उप्र सरकार के खिलाफ और आंदोलन की एकजुटता में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र खटकड़ ने की और संचालन सचिव वेद प्रकाश कर्दम ने की।




प्रदर्शन में इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष लांबा, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान करतार सिंह, एएचपीसी वर्कर यूनियन के सर्कल सचिव कृष्ण कुमार, यूनिट कमेटी के नेता रामकेश साहरण, प्रवेश बैंसला आदि मौजूद थे।

इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष लांबा ने प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उप्र सरकार ने 27 नवंबर, 2024 को उप्र की दो प्रमुख डिस्काम पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल निगम को निजी हाथों में सौंपने का फैसला किया था। इस फैसले के खिलाफ उप्र विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति पिछले एक साल से निरंतरता में संघर्ष कर रही है। जिसके कारण अभी तक सरकार निजीकरण करने में पूरी तरह विफल रही है।

### 14-15 दिसंबर को आयोजित होगा स्मारक कार्यक्रम

# ज़ाकिर हुसैन को वैश्विक श्रद्धांजलि देने के लिए एकजुट होंगे कलाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

उस्ताद ज़ाकिर हुसैन को वैश्विक श्रद्धांजलि देने के लिए एनसीपीए में 50 से अधिक कलाकार एकजुट होंगे। 14 और 15 दिसंबर को होने वाला यह दो-दिवसीय स्मारक कार्यक्रम, सुबह से लेकर रात तक कई एनसीपीए स्थलों पर आयोजित किया जाएगा।



उस्ताद ज़ाकिर हुसैन एक विश्व प्रसिद्ध भारतीय तबला वादक, संगीतकार और संगीत संयोजक थे। जिनका जन्म 9 मार्च, 1951 को मुंबई में हुआ था। वे महान तबला वादक उस्ताद अल्ला रक्खा के पुत्र थे। उन्हें अपनी पीढ़ी का सबसे महान तबला वादक माना जाता था और उन्होंने हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत को विश्व मंच पर लोकप्रिय बनाया। 15 दिसंबर, 2024 को सैन फ्रांसिस्को, कैलिफ़ोर्निया में 73 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया।

एक दूरदर्शी तालवादक, संगीतकार और सहयोगी, हुसैन की प्रतिभा ने भारतीय और पश्चिमी शास्त्रीय संगीत से लेकर रॉक, पॉप, जैज़, विश्व संगीत और उससे परे तक सीमाओं और शैलियों को पार कर दिया। एनसीपीए के साथ उनका जुड़ाव एक ऐतिहासिक नोट पर शुरू हुआ, जब उन्होंने 1969 में सेंटर के स्थापना दिवस पर अपने पिता, महान उस्ताद अल्लारखा के साथ प्रदर्शन किया। इसके बाद 55 वर्षों का एक जुड़ाव रहा, जिसमें कई महत्वपूर्ण संगीत कार्यक्रम और सिम्फनीऑर्केस्ट्रा ऑफ इंडिया एसओआईके साथ उनके सहयोग शामिल थे। उन्होंने पिछले दशक में एसओआई के लिए दो मूल रचनाएँ लिखीं। एनसीपीए का यह भी सौभाग्य रहा कि उन्होंने एनसीपीए काउंसिल के एक सम्मानित सदस्य के रूप में कार्य किया।

**50 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय कलाकारों सम्मानित होंगे**

एक महान कलाकार होने के अलावा, उन्हें उनके उदार हृदय, मृदु स्वभाव और आकर्षक उपस्थिति के लिए जाना जाता था - गुण जो उन्हें दर्शकों और साथी संगीतकारों के बीच समान रूप से प्रिय बनाते थे। अब, एक साल बाद, एनसीपीए, 50 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों, छात्रों और उनके परिवार के सदस्यों के साथ, महान कलाकार को मनाने और सम्मानित करने के लिए एक दो-दिवसीय वैश्विक श्रद्धांजलि - मेस्ट्रोफॉरएवर के लिए एकत्रित होगा। इनमें से कई कलाकारों ने हुसैन के साथ मंच साझा किया और उनके साथ गहरे व्यक्तिगत धन साझा किए। लाइन-अप में जॉन मैकलॉघलिन, लुइस बैंक्स, डेवहॉलैंड, गणेश राजगोपालन, रंजीत बारोट, वी. सेल्वागणेश, शंकर महादेवन, क्रिस पॉटर, संजय दिवेचा, गिनो बैंक्स, अजॉयचक्रबर्ती, अमजद अली खान और राकेश चौरसिया जैसे प्रतिष्ठित नाम शामिल हैं। कार्यक्रम में संगीत प्रदर्शन, व्याख्यान-प्रदर्शन, वार्ता, उनकी यात्रा का पता लगाने वाली एक फोटो प्रदर्शनी, वृत्तचित्र प्रदर्शन शामिल होंगे, जो दर्शकों को उनके जीवन और विरासत की एक बहुस्तरीय और हृदयस्पर्शी स्मृति प्रदान करेंगे। कलाकारों और प्रशंसकों के साथ उनकी पत्नी एंटोनिया, बेटियाँ अनीसा और इसाबेला, और उनके भाई शामिल होंगे।



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज करनाल | गांव अरडाना में राजकीय आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी का निर्माण + 1 कार्य। | 26.11.2025 18.12.2025 | 32.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज करनाल | गांव कछवा ब्लॉक करनाल में संजय नाई की दुकान से गुरूद्वारा बेहलोलपुर रोड तक फिरनी का पुनर्निर्माण, स्कीम - एचजीवीवाई + 2 कार्य। | 25.11.2025 06.12.2025 | 132.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 3 | आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 01 मद तक मदें निहित सूची अर्थात जनरेटर सैट (01 मद का सिंगल लॉट)* | 27.11.2025 24.12.2025 | एनए | https://etenders.hry.nic.in, dsndharyana.gov.in | 0172-2570123 suppllies@hry.nic.in |
| 4 | आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 36 मदों तक मदें निहित सूची (36 मदों का सिंगल लॉट)* | 27.11.2025 24.12.2025 | एनए | https://etenders.hry.nic.in, dsndharyana.gov.in | 0172-2570123 suppllies@hry.nic.in |
| 5 | आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 20 मदों तक मदें निहित सूची (20 मदों का सिंगल लॉट)* | 27.11.2025 24.12.2025 | एनए | https://etenders.hry.nic.in, dsndharyana.gov.in | 0172-2570123 suppllies@hry.nic.in |
| 6 | आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 18 मदों तक मदें निहित सूची (18 मदों का सिंगल लॉट)* | 27.11.2025 24.12.2025 | एनए | https://etenders.hry.nic.in, dsndharyana.gov.in | 0172-2570123 suppllies@hry.nic.in |
| 7 | आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 68 मदों तक मदें निहित सूची (68 मदों का सिंगल लॉट)* | 27.11.2025 24.12.2025 | एनए | https://etenders.hry.nic.in, dsndharyana.gov.in | 0172-2570123 suppllies@hry.nic.in |
| 8 | खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हरियाणा | करनाल जिले की मण्डियों में रखरखाव और एमएलसी निविदा। | 01.12.2025 08.12.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9813343465 dfsckrl@gmail.com |
| 9 | लोनिवि (भ व प) फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में हमजापुर से सेहनाल रोड कि.मी. 0 से 1.30 (रोड आईडी 5565) पर चौड़ा करना और मजबूतीकरण + 2 कार्य। | 26.11.2025 03.12.2025 | 1,09,97,287/- | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 10 | सिंचाई सिरसा जल सेवाएं मंडल सिरसा | आरडी 7500 धोत्तड़ माइनर पर खेत पथ / क्षतिग्रस्त पुल पार करने के लिए एनपी3 1200 मिमी डाया पाइप्स बिछाना। | बंद होने की तिथि 02.12.2025 | 1.60 लाख | hid.gov.in | 9996665761 xensrs.swd1925@yahoo.com |
| 11 | लोनिवि (भ व प) कैथल | कैथल जिले में गांव कवारतान में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का पुनर्निर्माण। | बंद होने की तिथि 01.12.2025 | 25.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896320998 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 12 | जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, अम्बाला | अम्बाला जिले में आरएमएस 2026-27 हेतु ठेकेदारों के लिए परिवहन और श्रम एवं कार्टेज कार्य। | 01.12.2025 08.12.2025 | देखें ETENDERS. HRY.NIC.IN/ WEBSITES | https://etenders.hry.nic.in | 8052695954 dfscamb1@gmail.com |
| 13 | निदेशक, हॉस्पीटेलिटी ऑर्गेनाइजेशन हरियाणा | क्रॉकरी/कटलरी और ग्लास इत्यादि की खरीद। | 28.11.2025 12.12.2025 | शून्य | https://etenders.hry.nic.in | 8901202224 hospitalityharyana@gmail.com |
| 14 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग रोहतक | कसरेंटी माइनर 0-41500 और 1-आर कसरेंटी माइनर 0-5000 की आंतरिक सफाई + 15 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.12.2025 | 47,01,964/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 15 | वन विभाग, सिरसा | वन मण्डल, सिरसा में विभिन्न वन स्ट्रिप अर्थात रोड कैनाल्स रेलवेज लाइंस इत्यादि के साथ-साथ डीजीपीएस मशीन सहित डिमार्केशन। | खुलने बंद होने की तिथि 02.12.2025 | 4,71,082/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |
| 16 | लोनिवि (भ व प) हिसार | हिसार जिले में बरवाला में बस स्टैंड के मौजूदा परिसर में प्रस्तावित नये 6 बेज बस स्टैंड का निर्माण (सर्वो स्टेबीलाइजर का प्रावधान केवल) + 5 कार्य। | 26.11.2025 01.12.2025 | 25,32,156/- | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/320/40695/I/88/7 दि. 27.11.25


## खबर संक्षेप

### रांची इंडिया-साउथ अफ्रीका वनडे का रोमांच चरम पर



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के जेएससीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले वनडे मैच को लेकर खिलाड़ियों का पहुंचना जारी है। इसी क्रम में बुधवार को टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज़ विराट कोहली भी रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उनके आने की सूचना मिलते ही प्रशंसकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

### दर्दनाक घटना में सुनाया आजीवन कारावास



**चंपारण।** पश्चिम चंपारण जिले के बगहा पुलिस जिला अंतर्गत धनहा थाना क्षेत्र में बीते वर्ष हुई एक दर्दनाक वारदात में आखिरकार न्याय की जीत हुई है। विशेष एससी/एसटी अदालत, बेतिया ने बुधवार को आरोपी हरिद्वार चौधरी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 21 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। फैसला पीड़ित परिवार की लंबे समय से चली आ रही न्याय की प्रतीक्षा का अंत लेकर आया।

### तीन मासूमों को कुत्तों ने नोंच डाला, गंभीर



**औरंगाबाद।** भावनपुर थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद में आवारा कुत्तों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि दो दिनों में तीन मासूमों को गंभीर चोटें आई हैं। बुधवार दोपहर लगभग तीन बजे घर के बाहर खेल रही सादिक (4 वर्ष) और नाजिया (3 वर्ष) खेलते-खेलते ईदगाह के पास पहुंच गईं। एक दर्जन से अधिक आवारा कुत्तों के झुंड ने दोनों बच्चियों को देखते ही हमला कर दिया।

---

अयोध्या से बाराबंकी तक मचा हड़कंप, सघन तलाशी में नहीं मिला बम

# बम की अफवाह पर एक घंटे स्टेशन पर खड़ी रही किसान एक्सप्रेस ट्रेन, युवक को हिरासत में लिया गया

अयोध्या में की फर्जी सूचना पर किसान एक्सप्रेस ट्रेन फिरोजाबाद-धनबाद 13308 पटरंगा स्टेशन पर एक घंटे से खड़ी। इससे यात्रियों में हड़कंप मच गया

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

फिरोजपुर से धनबाद जा रही गंगा सतलुज एक्सप्रेस (13308) में गुरुवार को बम होने की सूचना मिलते ही अयोध्या से बाराबंकी तक हड़कंप मच गया। दरियाबाद रेलवे स्टेशन से रवाना हुई ट्रेन को अयोध्या जिले के पटरंगा स्टेशन पर रोककर बम डिस्पोजल टीम और रेलवे सुरक्षा बल ने हर बोगी की सघन तलाशी ली मगर बम नहीं मिला। इस दौरान रेल मार्ग डेढ़ घंटे ठप रहा, वंदे भारत दरियाबाद रेलवे स्टेशन पर डेढ़ घंटे खड़ी रही। जीआरपी ने फर्जी सूचना देने



वाले झारखंड के हजारीबाग निवासी अनंत राज नामक युवक को गिरफ्तार किया है।

गंगासतलुज एक्सप्रेस बृहस्पतिवार दोपहर करीब एक बजे बाराबंकी के दरियाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंची और दो मिनट बाद ही यहां से रवाना हुई। कुछ ही देर में यूपी पुलिस के 112 नंबर वाले कंट्रोल रूम पर सूचना आई कि इस ट्रेन में बम है। इससे अयोध्या से लेकर बाराबंकी तक अलर्ट जारी कर दिया। सुगबुगाहट यात्रियों तक पहुंची तो ट्रेन में अफरातफरी मच गई।

ने करीब एक बजकर 20 मिनट पर ट्रेन को अयोध्या जिले की सीमा में पड़ने वाले पटरंगा रेलवे स्टेशन पर रोककर तलाशी शुरू करवा दी। तलाशी अभियान के दौरान ट्रेन में सवार यात्रियों की सांसें थम गईं। दहशत के बीच यात्री भी नीचे उतर गए।

**दहशत के वो ढाई घंटे कब क्या हुआ**

- **1:00 बजे**-गंगा सतलुज एक्सप्रेस दरियाबाद रेलवे स्टेशन बाराबंकी की ओर से पहुंची।
- **1:02 बजे**- ट्रेन दरियाबाद रेलवे स्टेशन से रवाना हुई।
- **1:05 बजे**- ट्रेन करीब पांच किलोमीटर आगे बढ़ी, तभी 112 नंबर पर बम होने की सूचना मिली।
- **1:20 बजे**- गंगा सतलुज एक्सप्रेस को अयोध्या के पटरंगा रेलवे स्टेशन पर रोक तलाशी शुरू हुई।

---

बिहार के युवा हो जाएं तैयार, आने वाली है बंपर बहाली

# सीएम नीतीश कुमार ने युवाओं को दिया संदेश, कहा- 1 करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देना सरकार की प्राथमिकता

*सीएम नीतीश कुमार ने युवाओं के लिए संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि नई सरकार के गठन के पश्चात राज्य में अधिक से अधिक सरकारी नौकरी एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध करने के लिए हम लोगों ने तेजी से काम शुरू कर दिया है।*

एजेंसी ▶▶ पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर युवाओं के लिए संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि राज्य में अधिक से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार मिले, ये शुरू से ही हम लोगों की प्राथमिकता रही है। सात निश्चय-2 के तहत वर्ष 2020-25 के बीच राज्य में 50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी एवं रोजगार दिया गया है।

- ***अगले 5 वर्षों में हम युवाओं को रोजगार देंगे***
- ***सभी रिक्तियों को जल्द से जल्द भरा जाएं***
- ***50 लाख युवाओं दिया जाएगा रोजगार***



**सभी परीक्षाएं पारदर्शी एवं स्वच्छ तरीके से संपन्न हों**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि सभी परीक्षाओं को पारदर्शी एवं स्वच्छ तरीके से संपन्न कराने हेतु सभी नियुक्ति आयोगों एवं चयन एजेंसियों को निर्देशित किया गया है। परीक्षाओं में अनुचित साधन की रोकथाम के लिए सख्त और तत्काल कार्रवाई की जाए। परीक्षा में किसी भी प्रकार की अनियमितता करने वालों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से सुनवाई कराते हुए दंडित कराएं। बिहार में ऑनलाइन परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्रों की संख्या को बढ़ाने का भी निर्देश दिया गया है, ताकि परीक्षाओं का आयोजन समय एवं सुचारू रूप से किया जा सके।

**सभी कार्यालयों को दिए गए निर्देश**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि नई सरकार के गठन के पश्चात राज्य में अधिक से अधिक सरकारी नौकरी एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध करने के लिए हमलोगों ने तेजी से काम शुरू कर दिया है। सरकारी नौकरी की रिक्तियों को जल्द से जल्द भरने के लिए कई ठोस कदम उठाए गए हैं। राज्य के अधीन सभी प्रशासी विभाग, सभी प्रमंडलीय आयुक्त, पुलिस मुख्यालय के अधीन सभी कार्यालय एवं सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है।

**सभी कार्यालयों को दिए गए निर्देश**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि नई सरकार के गठन के पश्चात राज्य में अधिक से अधिक सरकारी नौकरी एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध करने के लिए हम लोगों ने तेजी से काम शुरू कर दिया है। सरकारी नौकरी की रिक्तियों को जल्द से जल्द भरने के लिए कई ठोस कदम उठाए गए हैं। राज्य के अधीन सभी प्रशासी विभाग, सभी प्रमंडलीय आयुक्त, पुलिस मुख्यालय के अधीन सभी कार्यालय एवं सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सामान्य प्रशासन विभाग को रिक्तियों से संबंधित अधियाचना दिनांक 31 दिसंबर 2025 तक अवश्य उपलब्ध करा दें। सामान्य प्रशासन विभाग प्राप्त अधियाचनाओं को यथाशीघ्र जांच कर संबंधित विभिन्न नियुक्ति आयोगों को भेज दें।

---

उखाड़े जाएंगे नेटवर्क

## नशे के व्यापार पर लगाम लगाएगी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्सः सीएम योगी



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी सरकार ने मादक पदार्थों के अवैध व्यापार की रोकथाम के लिये एक एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया है. यह टास्क फोर्स अपर पुलिस महानिदेशक अपराध के अधीन कार्य करेगा। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के अधीन जोन, क्षेत्रीय स्तर पर नारकोटिक्स पुलिस थाना की स्थापना की जाएगी। प्रथम चरण में बाराबंकी और गाजीपुर में नारकोटिक्स थाने स्थापित किये जाएंगे।

**एएनटीएफ के मुख्यालय प्रभारी डीआईजी होंगे**

मुख्यालय स्तर पर 'एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के प्रभारी पुलिस उप महानिरीक्षक (एएनटीएफ) होंगे। जिनके सहयोगार्थ पुलिस अधीक्षक (एएनटीएफ) ऑपरेशन एवं पुलिस अधीक्षक (एएनटीएफ) मुख्यालय नियुक्त रहेंगे। साथ ही मुख्यालय स्तर पर अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय और पुलिस उपाधीक्षक आपरेशन एवं पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय नियुक्त होंगे।

पूर्व, पश्चिम व मध्य तीन रीजन होंगे तीन रीजन के प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक होंगे। रीजन के अंतर्गत मेरठ, बरेली, आगरा, रीजन के अंतर्गत लखनऊ, कानपुर व रीजन के अंतर्गत प्रयागराज, गोरखपुर व वाराणसी जोन आएंगे। इन जोनल प्रभारियों को आवश्यक संशाधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

### पटनाः एक्शन में नीतीश सरकार, चला बुलडोजर

**पटना।** बिहार में नीतीश सरकार अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने बड़ा कदम उठा रही है। पटना के बाद अब हाईकोर्ट आदेशानुसार खगड़िया में भी बुलडोजर एक्शन हुआ है। ट्रैफिक दबाव और लगातार लगने वाले जाम से राहगीरों की परेशानी को देखते हुए जिला प्रशासन ने शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। शहर के सन्हौली ढ़ाला से लेकर टमटम स्टैंड तक एवं बखरी बस स्टैंड में अतिक्रमणकारियों के बीच प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया. इस दौरान जेसीबी से दुकानें, अस्थाई दुकानों को हटाया गया।

---

भीषण सड़क हादसा

## एक ही परिवार के 6 की मौत, कार-पिकअप में हुई टक्कर, 4 घायल



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा के नजदीक गंगा एक्सप्रेस-वे पर सब्जी से भरी पिकअप और ऑल्टो कार में आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। इसमें अमरोहा के आदमपुर निवासी रोहित की पत्नी रेनू (35), बेटा भास्कर (7), बेटी रिया (10), बहन देववती (40), भाभी गीता (28) और साले किशन का बेटा कपिल (12) की मौत हो गई। रोहित (38) और उनका बड़ा बेटा जय (13) गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

पिकअप के चालक और परिचालक की भी हालत गंभीर है। हादसा बृहस्पतिवार की रात करीब साढ़े सात बजे उस समय हुआ जब रोहित अपने पूरे परिवार के साथ बहजोई थाना क्षेत्र के पैतृक गांव बिसारू से नामकरण के कार्यक्रम में शामिल होकर आदमपुर के लिए लौट रहे थे। वह बहजोई के लहरावन से गंगा एक्सप्रेस-वे पर प्रवेश कर गए। गांव रसूलपुर धतरा के नजदीक सामने से आई सब्जी से भरी पिकअप गाड़ी से टक्कर हो गई। इसमें सभी गंभीर रुप से घायल हुए। ग्रामीणों की मदद से यूपी 112 और एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। जहां छह लोगों के मृत होने की पुष्टि हुई। रोहित और जय का उपचार चल रहा है। पिकअप चालक व परिचालक की भी हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे की सूचना पर एएसपी कुलदीप सिंह कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए थे। क्षतिग्रस्त वाहनों को घटनास्थल से हटाया गया है।

रोहित के भाई सुनील ने बताया कि 10 वर्ष पहले आदमपुर में जाकर बस गए थे। वहां सराफा की दुकान रोहित चलाते हैं। बृहस्पतिवार को गांव बिसारु में छोटे भाई डेविड के बेटे का नामकरण था। इसलिए सभी लोग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे। सुनील ने बताया कि उनकी पत्नी गीता की भी इस हादसे में जान गई है। वहीं, दूसरी ओर हादसे की सूचना आदमपुर और बिसारू पहुंची तो चित्कार मच गई। लोग अपने अपने वाहनों से जिला अस्पताल पहुंचे।

**इनका कहना**

हादसे में छह लोगों की मौत हो गई है। चार लोग घायल हैं। उनका उपचार कराया जा रहा है। हादसे के कारण का पता लगाया जा रहा है। उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं।

**- कृष्ण कुमार विश्नोई,** एसपी, संभल

---

अखिलेश ने किया एलान

## मृतक बीएलओ के आश्रितों को दो-दो लाख देगी सपा



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश में मृतक बीएलओ के आश्रितों को दो-दो लाख मुआवजा देने का एलान किया है। साथ ही उन्होंने चुनाव आयोग से भी अपील की है वह भी काम के तनाव में जान गंवाने वाले बीएलओ के आश्रितों को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा दें। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बीएलओ पर एसआईआर का अव्यवहारिक लक्ष्य देकर जो मानसिक दबाव बनाया जा रहा है, यह निंदनीय और घोर आपत्तिजनक है। भाजपा राज ने तरह-तरह की प्रताड़ना और अशांति के सिवा किसी को कुछ नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने नई नौकरियां तो दी नहीं और जो नौकरी चल रही है, उसे इतना कठिन बना दिया है कि लोग हताश होकर नौकरी छोड़ दें। कभी पूरे न होने वाले लक्ष्य देकर बीएलओ से अपना घर-परिवार भूलकर मशीन की तरह काम करने की उम्मीद करना अमानवीय है। उन्होंने कहा कि भाजपा ये सब काम अपने चुनावी महाघोटाले के लिए कर रही है, लेकिन सवाल ये है कि जो बीएलओ हताश होकर नौकरी छोड़ रहे हैं या जो अपनी जान तक दांव पर लगा दे रहे हैं, वो इस सियासी घपलेबाजी का खमियाजा क्यों भुगतें। अखिलेश ने कहा कि देश भर के कर्मचारियों को इसके खिलाफ एकजुट होकर अपनी आवाज उठानी चाहिए। हम हर बीएलओ के साथ हैं। हमारी हर बीएलओ से अपील है कि इन हालातों में ऐसा कोई भी कदम न उठाएं जिससे आपका परिवार प्रभावित हो।

---

दो घंटे चली जांच, शिक्षकों से की बात

## क्राइम ब्रांच ने खंगाले मेडिकल कॉलेज में डॉ. शाहीन के अभिलेख

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लाल किला दिल्ली विस्फोट मामले में फंसी पूर्व फार्माकोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. शाहीन सईद से जुड़े दस्तावेजों को बराबर खंगाला जा रहा है। इनके माध्यम से डॉ. शाहीन की गतिविधियों के संबंध में सुराग तलाशे जा रहे हैं।

क्राइम ब्रांच की टीम ने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज आकर एक बार नए सिरे से सारे अभिलेखों की जांच की और उसके संबंध में सुराग जुटाए। क्राइम ब्रांच की टीम दो घंटे से अधिक समय तक रही। बुधवार को क्राइम ब्रांच की टीम जीएसवीएम मेडिकल



कॉलेज के प्रिंसिपल ऑफिस पहुंची। प्राचार्य डॉ. संजय काला से बातचीत के बाद इस्टेब्लिशमेंट विभाग गई। यहां पर डॉ. शाहीन की फाइल और उसकी गतिविधियों से जुड़े तमाम अभिलेखों की जांच की गई। टीम ने डॉ. शाहीन की फाइल में वर्ष 2006 में हुई नियुक्ति के बाद जितने अभिलेख जोड़े गए थे सबकी जांच की।

**फाइल को इस्टेब्लिशमेंट विभाग में सुरक्षित रखा गया**

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला ने क्राइम ब्रांच की टीम आने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि टीम के सदस्यों के आईकार्ड की सत्यापित कॉपी ले ली। टीम ने अभिलेखों की जांच की है। कोई अभिलेख अपने साथ नहीं ले गई। फाइल को इस्टेब्लिशमेंट विभाग में सुरक्षित रखा गया है। बता दें कि खुफिया एजेंसियां डॉ. शाहीन को शहर लेकर आ सकती हैं।

---

एसटीएफ ने लखनऊ से उठाया; दर्ज हैं सात मामले

## कफ सिरप के सरगना शुभम का साथी अमित टाटा अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

फेंसाडील कप सिरप और कोडिनयुक्त दवाओं को नशे के रूप में प्रयोग करने और अवैध भंडारण, व्यापार करने के आरोपी अमित सिंह टाटा को लखनऊ एसटीएफ ने बृहस्पतिवार को लखनऊ से गिरफ्तार किया। इसके पास से दो मोबाइल, एक फॉर्चुनर (यूपी 65 एफएन 9777), एक आधार कार्ड, 4500 रुपए नकद ओर मोबाईल से प्राप्त विभिन्न प्रपत्र मिले हैं।

कोडीन युक्त कफ सिरप का अवैध भंडारण एवं व्यापार करने तथा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, असम, पश्चिम बंगाल व बांग्लादेश भेजे जाने की सूचना प्राप्त हो रही थी। इसकी रोकथाम हेतु उत्तर प्रदेश शासन ने स्पेशल टास्क फोर्स तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रसाधन विभाग यूपी की संयुक्त जांच समिति का गठन किया गया था।

**पुलिस ने की कार्रवाई**

कोडीन युक्त फेन्सेडिल कफ सिरप नशे के रूप में प्रयोग होता है, जिसकी काफी डिमांड पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में है। अगर उसके धंधे में कुछ पैसे लगाओगे तो काफी आमदनी होगी, इस पर मैं लालच में आकर तैयार हो गया।

**कैश में करते थे व्यापार**

बनारस की फर्म में भी लगभग 8 लाख रुपये का लाभ अलग-अलग समय पर शुभम ने दिया था। सारे रुपये नकद मिलते थे, जिन्हें मैं अपनी पत्नी साक्षी सिंह के बैंक अकाउंट में डाल देता था। शुभम जायसवाल एवं उसके पार्टनरों के एबॉट कंपनी के अधिकारियों से मिलकर 100 करोड़ से अधिक का कफ सीरप खरीदा था।

---

## पेज एक का शेष

### मप्र और तेलंगाना...

गई थी। सीबीआई के अनुसार उन्होंने मेडिकल कॉलेजों के निरीक्षण से जुड़ी गोपनीय जानकारी बिचौलियों और कॉलेजों से जुड़े प्रमुख पदाधिकारियों को लीक की, जिसके बाद निरीक्षण के मानकों में हेरफेर कर अकादमिक कोर्स चलाने की मंजूरी हासिल की गई। एजेंसी जिन ठिकानों पर तलाशी ले रही है, उनमें कई राज्यों में स्थित सात मेडिकल कॉलेजों के परिसरों के अलावा एफआईआर में नामजद निजी व्यक्तियों के ठिकानें भी शामिल हैं।

**गंभीर स्तर की अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का आरोपः** ईडी अधिकारियों के अनुसार इस कथित रैकेट के जरिए मेडिकल कॉलेजों को पैरामीटर में बदलाव और अनुकूल रिपोर्ट पाने का मौका मिला। सीबीआई ने इस नेटवर्क को उजागर करते हुए बताया था कि इसमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी, एनएमसी के सदस्य, बिचौलिए और निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधि शामिल थे, जो गंभीर स्तर की अनियमितताओं और भ्रष्टाचार में लिप्त थे।

**भारत-म्यांमार सीमा पर ड्रग्स तस्करी मामले में की गई छापेमारीः** इस बीच ईडी ने भारत-म्यांमार सीमा पर ड्रग्स तस्करी से जुड़े धन शोधन मामले में छापेमारी की। इसके साथ ही गुजरात और असम के कुछ स्थानों की भी तलाशी ली गई। जांच के दौरान एजेंसी ने 35 लाख रुपए नकद और कुछ डिजिटल उपकरण भी जब्त किए। अधिकारियों ने बताया कि मिजोरम के आइजोल और चम्फाई, असम के श्रीभूमि (करीमगंज) और गुजरात के अहमदाबाद में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तलाशी ली जा रही है। यह कार्रवाई मिजोरम पुलिस की ओर से छह लोगों से 1.41 करोड़ रुपए मूल्य की 4.72 किलोग्राम हेरोइन जब्त करने के मामले में दर्ज एफआईआर से शुरू हुई है। अधिकारियों ने बताया कि भारत-म्यांमार सीमा (चंफाई) पर एजेंसी द्वारा की गई यह पहली तलाशी है। भारत अपने पूर्वी भाग में म्यांमार के साथ 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है।

### एफआईआर में 34....

सिंडिकेट स्वास्थ्य मंत्रालय के भीतर गहराई तक फैला हुआ था, जहां कुछ अधिकारी गोपनीय फाइलों और संवेदनशील जानकारी तक अनधिकृत पहुंच, अवैध कॉपी और लीक कर रहे थे। यह डेटा बिचौलियों के नेटवर्क के जरिए मेडिकल कॉलेजों तक भारी रकम लेकर पहुंचाया जाता था।

---

प्लांट को पांच साल में बनाने का लक्ष्य

## भागलपुर में बन रहा एशिया का सबसे बड़ा थर्मल पावर प्लांट, अभी गोड्डा में है सबसे बड़ा प्रोजेक्ट

एजेंसी ▶▶ भागलपुर

भागलपुर में बन रहा पावर प्लांट बिहार या देश का नहीं बल्कि पूरे एशिया का सबसे बड़ा प्लांट है। पीरपैती प्रखंड क्षेत्र में अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर परियोजना पूरा होने के बाद 2400 मेगावाट बिजली का उत्पादन करेगा। यह प्लांट पीरपैंती इलाके में सिरमतपुर और आस-पास के गांवों की 479 हेक्टेयर जमीन पर बनेगा। इसके उत्तर दिशा में गंगा नदी है। दक्षिण में नेशनल हाईवे और पास में ही पीरपैंती रेलवे स्टेशन है। इसे पांच साल में बनाने का लक्ष्य है। अडानी ने इसका टाइमलाइन भी तैयार कर लिया है. फिलहाल गोड्डा में बनी अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर परियोजना अभी तक एशिया का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है, जिसकी क्षमता 1600 मेगावाट है।

**2400 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा**

भागलपुर के पीरपैंती इलाके में बन रहा अडानी थर्मल पावर प्लांट एशिया का सबसे बड़ा प्लांट होगा। इसे बनाने के लिए 5 साल का वक्त रखा गया है। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद इससे 2400 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।

**9,400 मैनपावर की जरूरत, निकली वेकेंसीः** अडानी पावर लिमिटेड की एक्सपर्ट अप्रेजल कमेटी (थर्मल) ने टर्म्स ऑफ रेफरेंस (टीओआर) तैयार किया है। इसमें इस बात का जिक्र किया गया है कि कुल 9,400 मैनपावर (परमानेंट व कॉन्ट्रैक्चुअल) की जरूरत होगी, कंस्ट्रक्शन फेज में 300 परमानेंट और 7,800 कॉन्ट्रैक्चुअल कर्मी रहेंगे, जबकि ऑपरेशन फेज में 500 परमानेंट और 1,800 कॉन्ट्रैक्चुअल कर्मी रहेंगे।

**सार्वजनिक सूचना**

**ICICI Bank** पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की एक ई-नीलामी 08 दिसम्बर 2025 को आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि ये बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : दिल्ली - द्वारका सेक्टर | |
| 539357000007 | अमित कुमार त्रिपाठी |
| शाखा का नाम : दिल्ली - द्वारका सेक्टर-20 | |
| 235757000014 | चेतन यादव |
| 235757000015 | चेतन यादव |
| शाखा का नाम : दिल्ली - प्रताप बाग | |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 409362000664 | सुनीता सुनीता |
| शाखा का नाम : दिल्ली - कालकाजी | |
| 663105601428 | भानु प्रताप सिंह |
| शाखा का नाम : दिल्ली - भीकाजीकामा | |
| 181962001973 | परविन्दर भाटिया |
| शाखा का नाम : दिल्ली - रोहिणी सेक्टर-7 | |
| 344357000054 | तेजबीर सिंह दून |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - युसुफ सराय | |
| 731662000490 | दीपांशी भाटी |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - लाजपत नगर | |
| 022557000027 | कमलेश कमलेश |
| शाखा का नाम : ग्रेटर नोएडा - कासना | |
| 778262000300 | प्रियंका प्रियंका |

दिनांक : 28.11.2025
स्थान : साउथ-ईस्ट दिल्ली, नई दिल्ली, नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली, साउथ दिल्ली, साउथ-वेस्ट दिल्ली
हस्ता/-प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



बच्चो, पहाड़ यानी माउंटेन हमारी पृथ्वी पर मौजूद विशाल, प्राकृतिक रूप से उठी हुई भौगोलिक संरचना होती है। ये हजारों लाखों साल से स्थिर खड़े हैं। दुनिया में एक से बढ़कर एक ऊंचे और खूबसूरत पहाड़ मौजूद हैं। जानो ऐसे ही कुछ खूबसूरत-ऊंचे पहाड़ों और पर्वत चोटियों के बारे में।

जानकारी
शिखर चंद जैन

# दुनिया के ऊंचे-ऊंचे खूबसूरत पर्वत-शिखर


बच्चो, आसमान को चूमते, बादलों को सहलाते हुए से ऊंचे-ऊंचे पहाड़ बहुत खूबसूरत ही नहीं आश्चर्यजनक भी लगते हैं। इनके बर्फीले शिखर, हरी-भरी वादियों से सजी चढ़ाई और बेशुमार पेड़-पौधों से ढंकी घाटियां, हर किसी का मन मोह लेती हैं। यहां तुम्हें दुनिया के कुछ खूबसूरत-ऊंचे पर्वत शिखरों के बारे में बता रहे हैं।

**सर्वोच्च पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट, हिमालय:** माउंट एवरेस्ट दुनिया का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,848.86 मीटर (29,031.7 फीट) है। नेपाल और चीन की सीमा पर स्थित हिमालय के इस पर्वत शिखर को 'पृथ्वी का तीसरा ध्रुव' भी कहा जाता है। माउंट एवरेस्ट हिमालय पर्वत श्रृंखला का हिस्सा है। इसे नेपाली में 'सागरमाथा' कहते हैं, जिसका अर्थ 'आकाश की देवी' है। तिब्बती भाषा में इसे 'चोमोलुंगमा' नाम से पुकारा जाता है, जिसका अर्थ है 'विश्व की देवी मां'। इसकी बर्फ से ढंकी चोटियां सूरज की रोशनी में जब चमकती हैं तो दूर से देखने पर किसी रत्नजड़ित सफेद मुकुट-सी दिखती हैं। अपनी ऊंचाई और खूबसूरती के कारण माउंट एवरेस्ट पर्यटकों और पर्वतारोहियों के आकर्षण का केंद्र हमेशा से रहा है।



आसान नहीं के2-गॉडविन ऑस्टेन पर चढ़ाई करना

**खतरनाक चढ़ाई वाला के2-गॉडविन ऑस्टेन, काराकोरम:** पाकिस्तान और चीन की सीमा पर स्थित के2 दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,611 मीटर (28,251 फीट) है। यह अपनी सुंदरता के लिए जितना जाना जाता है, उतना ही अपनी खतरनाक चढ़ाई के लिए भी। इसे 'सेवेज माउंटेन' भी कहा जाता है। के2 की चोटी एक पिरामिड जैसी दिखती है और यह काराकोरम रेंज में स्थित है। इसके चारों ओर ग्लेशियर और बंजर जमीन का नजारा इसे दुनिया के अन्य पर्वत श्रृंखलाओं से अलग रूप प्रदान करता है। पाकिस्तान में विशाल बाल्टोरो ग्लेशियर पर चढ़कर इसके आधार तक पहुंचने के क्रम में यह कई मील दूर से दिखाई देता है। जैसे-जैसे पर्वतारोही इसके करीब पहुंचते हैं, यह पर्वत और भी अद्भुत और खूबसूरत नजर आता है।



भारत की सर्वोच्च और दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी कंचनजंगा

**भारत की सर्वोच्च पर्वत चोटी कंचनजंगा, हिमालय:** भारत और नेपाल की सीमा पर स्थित कंचनजंगा भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटी और दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,586 मीटर (28,169 फीट) है। इसका नाम तिब्बती मूल के चार शब्दों 'कांग-चेन-जो-नगा' से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है 'महान हिम की पांच निधियां।' ऐसा माना जाता है कि इसमें सोना, चांदी, रत्न, अनाज और पवित्र पुस्तकें छिपी हुई हैं। यह पहाड़ अपनी बदलती रंगत के लिए जाना जाता है, सुबह और शाम के समय, सूरज की किरणें इसकी चोटियों को गुलाबी, नारंगी और सुनहरे रंगों से रंग देती हैं, जो देखने में बहुत ही जादुई लगता है।



अत्यधिक खूबसूरत नजर आता है मैटरहॉर्न

**पिरामिड जैसा पहाड़ मैटरहॉर्न, आल्प्स:** स्विट्जरलैंड और इटली की सीमा पर स्थित मैटरहॉर्न, आल्प्स पर्वत का एक हिस्सा है। इसकी ऊंचाई लगभग 4,478 मीटर (14,692 फीट) है। इसकी चोटी एक नुकीले पिरामिड की तरह दिखती है, बिल्कुल वैसा ही जैसा तुम बच्चे ड्रॉइंग में माउंटेन बनाते हो। इसकी आकृति चारों तरफ से पिरामिड की तरह ही दिखती है, जो इसे और भी अट्रैक्टिव बनाता है। स्विट्जरलैंड के जर्मेट गांव से अगर इस पहाड़ को देखा जाए तो इसका नजारा किसी पहाड़ की पेंटिंग जैसा खूबसूरत लगता है। इसकी खूबसूरती को देखने दुनिया भर के पर्यटक और प्रकृतिप्रेमी इसके करीब आते हैं।



अफ्रीका का सर्वोच्च पर्वत किलिमंजारो

**सुप्त ज्वालामुखी पर्वत किलिमंजारो:** तंजानिया में स्थित किलिमंजारो की ऊंचाई लगभग 5,895 मीटर (19,341 फीट) है। यह अफ्रीका का सबसे ऊंचा पर्वत है, जो वास्तव में एक विशाल सुप्त ज्वालामुखी है। इसकी चोटी पर हमेशा बर्फ जमी रहती है। यह अपनी चोटी पर मौजूद ग्लेशियरों के लिए प्रसिद्ध है, जबकि इसके चारों ओर गर्म अफ्रीकी मैदान हैं। हेलीकॉप्टर से किलिमंजारो के क्रेटर (ज्वालामुखी का मुंह) और ग्लेशियरों का नजारा बेहद खूबसूरत दिखता है। *



टियरगार्टन शॉनब्रुन जू, ऑस्ट्रिया

# कैसे होते थे दुनिया के शुरुआती चिड़ियाघर

बच्चो, जू यानी चिड़ियाघर एक ऐसी जगह होती है, जहां तुम एक ही बाउंड्री के भीतर तरह-तरह के एनिमल्स और बर्ड्स देख सकते हो। क्या तुम जानते हो कि दुनिया का पहला जू कैसा था या शुरुआती चिड़ियाघर कैसे होते थे?

रोचक
नयनतारा

बच्चो, अगर तुम्हें वाइल्ड लाइफ यानी जंगली जीव-जंतुओं को देखने, उनके बारे में जानने में इंटरेस्ट है तो तुम अपने शहर या आस-पास के किसी शहर में जू यानी चिड़ियाघर जरूर घूमने गए होगे। जू में तुम ऐसे अनेक जंगली और दुर्लभ जानवरों को एकदम सामने से देख सकते हो, जिन्हें तुमने किताबों में या टीवी पर देखा होगा। लेकिन क्या तुम जानते हो दुनिया में इस तरह जू बनाने की शुरुआत कब और किसने की थी? आओ इस बारे में जानते हैं।

**पहला जू था-इंटेलिजेंस पार्क:** बच्चो, लगभग 3000 साल पहले एक चीनी बादशाह अपने राज्य में एक स्थान पर कई तरह के जानवरों को रखता था, जिसे वह 'इंटेलिजेंस पार्क' कहता था। उस चीनी राजा के कलेक्शन में जीवित जानवर ही थे या मृत, इसका प्रमाण नहीं मिलता है। ज्यादातर लोगों का यही मानना है कि वह राजा, जानवरों का अध्ययन करने के लिए और उनकी आदतें जानने के लिए उनको पालता था। इस लिहाज से देखा जाए तो शायद वही संसार का पहला जू था। आज भी जू में वाइल्ड एनिमल्स, बर्ड्स व रेप्टाइल्स (रेंगने वाले जीव) रखे जाते हैं, ताकि लोग उन्हें देखें-जानें और वैज्ञानिक उनका अध्ययन कर सकें।

**मनोरंजन का साधन थे पर्सनल जू:** समय बीतने के साथ गांव और शहर बड़े होते गए तो कुछ लोग जंगली जानवरों का शिकार कर या उन्हें कैदकर अपने घरों में लाकर रखते थे। लोग जंगली जानवरों को अकसर अपने पास पालते थे ताकि दिखाया जा सके कि वह कितने रईस और शक्तिशाली हैं। ऐसे लोग कभी-कभार लोगों को परमिशन देते थे ताकि लोग आकर उनके जानवरों का कलेक्शन देख सकें।

**पब्लिक जू बनाने की शुरुआत:** यूरोप में 9वीं शताब्दी की शुरुआत से ही पब्लिक जू बनने लगे थे। अगले 700 से 800 वर्षों के दौरान संसार के बड़े शहरों में कई सारे पब्लिक जू का निर्माण किया गया। वैसे, ऑस्ट्रिया के वियना में स्थित टियरगार्टन शॉनब्रुन को दुनिया का पहला आधुनिक चिड़ियाघर माना जाता है। यूनेस्को के विश्व धरोहर सूची में शामिल यह चिड़ियाघर आज भी संचालित है। जहां तक संसार के सबसे बड़े और मशहूर चिड़ियाघरों की बात है तो इनमें टोरंटो जू (कनाडा), मॉस्को जू (रूस), सैन डिएगो जू (यूएसए), लंदन जू (इंग्लैंड), वेस्ट बर्लिन जू (जर्मनी) आदि शामिल हैं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## समझदार बनाती कहानियां



बच्चो, हाल में बाल कहानियों की एक किताब 'बाल सभा पार्क एवं अन्य बाल कहानियां' छपकर आई है। इसमें कुल जमा 27 कहानियां हैं। ये कहानियां हैं तो छोटी लेकिन इसमें तुम्हें समझदार इंसान बनने के लिए सरल ढंग से कई बड़ी बातें सीखने को मिल सकती हैं। किताब की शीर्षक कहानी 'बाल सभा पार्क' में तुम पढ़ोगे कि कैसे समझदार बच्चा अनुभव, अपनी युक्ति से कॉलोनी के पार्क को साफ-सुथरा करके खेलने योग्य बना देता है। 'ऐसे उतरा रील का भूत' में टिंकू की रील बनाने की आदत कैसे छूटती है, यह पढ़ सकते हो तो 'इम्यूनिटी से मुलाकात' में तुम पढ़ोगे कि अवि को कैसे समझ में आता है कि इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए क्या करना चाहिए? इसी तरह संग्रह की अन्य कहानियां पढ़कर तुमको यह भी महसूस होगा कि भले ही तुम अभी छोटे हो लेकिन अगर चाहो और सही दिशा में प्रयास करो तो बड़े बदलाव ला सकते हो। साथ ही दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित कर सकते हो। *

**किताब:** बाल सभा पार्क एवं अन्य बाल कहानियां, **लेखक:** शिखर चंद जैन, **मूल्य:** 300 रुपए, **प्रकाशक:** प्रखर गूंज पब्लिकेशन, दिल्ली

## बूझो तो जानें

1. घर की रखवाली करता है,
वफादार कहलाता।
है मशहूर नींद इसकी तो,
देखें कौन बताता।।

2. गोलमटोल मगर छोटा सिर,
रंग है हल्का पीला।
काले धब्बे दिखते तन पर,
लेकिन खूब सजीला।।

3. 'मामा' कहकर इसे बुलाते,
रंग सुनहरा भूरा।
पेड़ों की डाली पर बैठा,
करता सबको घूरा।।

- डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर: 1.कुत्ता, 2.चीता, 3.बंदर

## जीके क्विज-181

1. वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप फाइनल में पहला स्वर्ण पदक किस भारतीय खिलाड़ी ने जीता?
2. मिस यूनिवर्स-2025 का खिताब किसने जीता?
3. एशियाई विकास बैंक का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
4. बटरफ्लाई शब्द का संबंध किस खेल से है?
5. कौन-सा रंग रेनबो के बीच में दिखाई देता है?
6. जीवाणु (बैक्टीरिया) की खोज किसने की थी?
7. कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
8. 'लोकनायक' के नाम से किसे जाना जाता है?
9. बल का मात्रक क्या है?
10. भारत का दक्षिणतम बिंदु किस नाम से जाना जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-181 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-180 का उत्तर :** 1.डेविड स्जेले, 2.नई दिल्ली, 3.नीतीश कुमार, 4.लखनऊ, 5.लॉर्ड डलहौजी, 6.नारायण पंडित, 7.विटामिन-ए, 8.सूर्य, 9.इंफाल, 10.तमिलनाडु


**जीके क्विज-180 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, मान्या-दिल्ली, रमेश-बैकुंठपुर, दीपक-ईमेल से, हितेश-रायपुर, सौरभ-बिलासपुर, आंचल-दुर्ग, रोहन-महेंद्रगढ़, अंकित-रोहतक, आकाश-राजनांदगांव



नन्हे-मुन्नों के लिए कहानी
पुष्पा अंताणी

टिंकू ने घर में टंगी एक तस्वीर में समंदर में चलने वाला पानी का जहाज देखा। उसका मन हुआ, वह समुद्री जहाज में बैठकर सैर करे। टिंकू ने तुरंत समुद्री जहाज की व्यवस्था की। उसने स्वयं तो सैर की ही, अपने खिलौनों को भी सैर कराई। बच्चो, है ना अजीब बात! टिंकू के घर में कहां से आ गया समुद्र और समुद्री जहाज?

# जहाज में सवारी



नन्हा-सा टिंकू अपनी मम्मी के पास बैठकर दूध पी रहा था। उसकी नजर दीवार पर टंगी एक तस्वीर पर पड़ी। दूध का घूंट पीते हुए उसने तस्वीर की ओर इशारा करते हुए पूछा, 'मम्मी, यह क्या है?'

'यह पानी का जहाज है।' मम्मी ने बताया। 'मम्मी, क्या पानी का जहाज समंदर में चलता है?' टिंकू ने पूछा।

'हां, बेटा।' मम्मी बोलीं।

'मुझे समंदर बहुत पसंद है, मम्मी। मुझे जहाज में बैठना है।' टिंकू मचलते हुए बोला। 'बेटा, तुम अभी बहुत छोटे हो, बड़े हो जाओ तब जहाज में बैठना।' मम्मी ने दूध का गिलास नीचे रखते हुए समझाया। 'मम्मी, क्या बड़ा होने में ज्यादा समय लगता है?' टिंकू ने नया सवाल किया। 'नहीं रे, तुम तो अच्छे बच्चे की तरह दूध पी लेते हो। तुम जल्दी बड़े हो जाओगे। अब जाओ, अपने खिलौनों से खेलो।' मम्मी टिंकू के गाल पर प्यार से चपत मारते हुए बोलीं। टिंकू ने प्लास्टिक की थैली से अपने सारे खिलौने बाहर निकाले। उसके पापा कल ही छोटे-छोटे खिलौने लाए थे। तोता, चिड़िया, बंदर, मोर, बाघ, जिराफ, गैंडा, शेर जैसे कई जानवर और पक्षी थे। टिंकू खुशी से अपने इन नए दोस्तों को देख रहा था। उसे लगा कि वे सब उसे कह रहे हैं, 'हमें जहाज में बैठना है।' सबका एक साथ शोर सुनाई दिया। टिंकू अपने कानों पर हाथ रखते हुए बोला, 'शांत हो जाओ सब! मैं तुम सबको जहाज में बिठाऊंगा।' तभी दादाजी सैर करके घर में आए। टिंकू उनके पास भागकर आया। दादाजी के हाथ में एक बड़ा कागज देते हुए बोला, 'दादाजी, इस कागज से मेरे लिए एक बड़ी-सी बोट बना दो ना! बहुत बड़ी बोट।' दादाजी बोट बनाने लगे। टिंकू बाथरूम में गया, वहां से एक टब ले आया। उसमें पानी भरा। दादाजी ने बोट बनाकर टिंकू को दे दी। टिंकू ने बोट अपने खिलौनों को दिखाई। 'देखो, यह है हमारा जहाज।' उसने खिलौनों को टब में भरा पानी दिखाया और बोला, 'यहां है समंदर... चलो, सब तैयार हो जाओ। मैं तुम सब को जहाज में घुमाने ले जाऊंगा। रास्ते में खाने के लिए नाश्ता भी ले आता हूं।'

टिंकू मम्मी के पास जाकर सेव, मुरमुरे, चॉकलेट, बिस्कुट, बेर वगैरह ले आया। सब कुछ नाश्ते के डिब्बे में रख दिया फिर बोट को टब के पानी में उतारा। उसमें सब खिलौने को अच्छी तरह से बैठा दिया। टिंकू अपनी एक अंगुली से कागज की बोट को हल्का-हल्का धक्का मारने लगा। टब के पानी में गोल-गोल घुमाने लगा। टिंकू को लगा कि उसके सब दोस्त बहुत खुश हैं, नाच रहे हैं। उसने टब को थोड़ा धक्का मारा। पानी थोड़ा उछला। खिलौने भी एक-दूसरे पर गिरे। टिंकू ने खिलौनों को सावधान किया, 'शरारत मत करो। अभी समंदर थोड़ा तूफानी है। सब अपनी जगह बैठे रहो।'

टिंकू को लगा कि उसकी बात सुनकर सब खिलौने जरूरत से ज्यादा शांत हो गए हैं। इसलिए वह बोला, 'अब डरने की कोई बात नहीं है। समंदर शांत हो गया है।' सब खुश हो गए। टिंकू ने बोट के छह-सात चक्कर लगाने के बाद उसे रोक दिया और बोला, 'तुम सबको भूख लगी होगी ना, चलो, थोड़ा नाश्ता खा लो।'

टिंकू ने सब खिलौने बोट से बाहर निकाले और बोला, 'संभल कर उतरना, किसी का पैर फिसला तो सीधे समंदर में गिरोगे। यहां समंदर काफी गहरा है।' टिंकू ने सभी खिलौने के सामने नाश्ता रखा। उसने भी नाश्ता किया। थोड़ी देर सब ने आराम किया। फिर टिंकू बोला, 'चलो, अब वापस लौटने का समय हो गया है।' सभी दोस्तों को फिर से बोट में बिठा दिया। बोट को उल्टी दिशा में चलाने लगा। थोड़े चक्कर लगाने के बाद वह बोला, 'वापस आ गए।' टिंकू ने देखा कि उसके सब दोस्त बहुत खुश हैं। हर कोई मानो उसे कह रहा हो, 'वाह, टिंकू भैया! जहाज में बैठने और घूमने में बड़ा मजा आया। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद!'

टिंकू सारे खिलौनों को प्लास्टिक की थैली में वापस डालते हुए बोला, 'जब मैं बड़ा हो जाऊंगा, तब एक बड़े और सचमुच के जहाज में बैठूंगा और बड़े समंदर में घूमने जाऊंगा।' टिंकू आज बहुत खुश था। *

**गुजराती से अनुवाद: सेतु अंताणी**

कविता / गिरिजा कुलश्रेष्ठ

## मोती ये कैसे हैं

बड़े सबेरे मुनियां रानी
मां को लगी जगाने।
देखो हरी घास पर बिखरे
मोती बड़े सुहाने।
मां ये मोती कितने सुंदर,
चमचम चमक रहे हैं।
सूरज की लाली में कैसे,
दमदम दमक रहे हैं।
रातों-रात भला किसने,
ये मोती यूं बिखराए।
इससे पहले कोई और
इन्हें चुनकर ले जाए,
मैं ही चुन लूं क्यों न इन्हें
मां, अपना हार बनाने,
गुड़िया को भी माला कंगन,
बना-बना पहनाने।
कुछ तुम भी अपनी चुनरी में
टांक सजा लेना मां,
जूड़े की पिन में ये मोती
खूब लगा लेना मां।
मुनियां मोती चुनने आई,
हंस कर और हुलस कर।
पर मोती कैसे थे जो,
छूते ही गिरे पिघल कर।



## रंग भरो-190

रंग भरो-190 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी



आशना, जांजगीर



भव्य, धमतरी



माही, महासमुंद



फरहान, धमतरी



काव्या, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आद्या-उमरिया, प्रियंका-रायपुर, प्रवीण-भोपाल, किंशुक-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रोशन-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, तुषार-करनाल, अमन-बिलासपुर, आकाश-कोरबा

## रंग भरो 191



बच्चो, यहां पेंटिंग बना रही लड़की टीना का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

# भाजपा कार्यकर्ता हर बूथ पर ऐतिहासिक विजय का लक्ष्य लेकर संगठन को मजबूत बनाने में जुटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने बुधवार को सागर के भाजपा संभागीय कार्यालय में सागर एवं सागर ग्रामीण जिले की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हर बूथ पर ऐतिहासिक विजय का लक्ष्य लेकर संगठन को मजबूत करने में जुटें। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के समय भी एसआईआर हुआ था। निष्पक्ष चुनाव के लिए एसआईआर आवश्यक है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने सागर एवं सागर ग्रामीण जिले के सांसद, जिला अध्यक्ष एवं विधानसभा चुनाव-2023 के प्रत्याशियों को संबोधित कर कोर ग्रुप की बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यकर्ता जनता और सरकार के बीच की कड़ी बनकर कार्य करें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बैठक के पूर्व संविधान दिवस पर संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित कर संविधान की प्रति को नमन किया। कांग्रेस पार्टी ने सत्ता की लालच में समाज को समाज से लड़ाने का कार्य किया।

## सागर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने ली बैठक, कार्यकर्ताओं के साथ मनाया संविधान दिवस

**बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर के बनाए संविधान से भारत का लोकतंत्र मजबूत बना: खंडेलवाल**


सागर में बाबा साहेब को नमन करते भाजपा पदाधिकारी, मंत्री, विधायक।


संविधान दिवस पर मंच पर राष्ट्रगान करते अतिथि।

### कार्यकर्ता जनता की चिंता करें, उनके कल्याण के लिए कार्य करें, भाजपा संगठन स्वयं करता है कार्यकर्ताओं की चिंता

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि कार्यकर्ता जनता की चिंता करें, उनके कल्याण के लिए कार्य करें। पार्टी संगठन कार्यकर्ताओं की चिंता स्वयं कर रहा है। कार्यकर्ता पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्य करें, उसकी चिंता करें। संगठन सभी कार्यकर्ताओं को समय-समय पर कार्य करने का अवसर अवश्य देता है। भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है, यहां न तो कोई छोटा होता है और न ही बड़ा। सभी कार्यकर्ता समान होते हैं, सिर्फ दायित्व अलग-अलग होता है। इसलिए सभी कार्यकर्ता स्वयं की चिंता छोड़कर पार्टी संगठन और विचारधारा को आगे रखकर कार्य करें। आप सभी अपने संगठन को बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए कार्य करें, ताकि भाजपा आने वाले सभी चुनावों में हर बूथ और हर मंडल को ऐतिहासिक महुमत से जीत सके।

### एसआईआर अभियान में मतदाताओं का सहयोग करें भाजपा कार्यकर्ता

*खण्डेलवाल ने कहा कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) निर्वाचन आयोग पहली बार नहीं करा रही है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. जवाहरलाल नेहरू और स्व. इंदिरा गांधी के समय में भी निर्वाचन आयोग ने एसआईआर का अभियान चलाया था। यह प्रक्रिया हर 20-25 साल में निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए चलाया जाता है। इस अभियान में फर्जी मतदाताओं को चिन्हित किया जाकर उनका समाधान किया जाता है। भाजपा कार्यकर्ता यह अवश्य देखें कि आपके बूथ, क्षेत्र में ऐसे किसी व्यक्ति का नाम तो नहीं है, जो वहां नहीं रहता। अगर ऐसा कोई संदिग्ध मतदाता का नाम मिलता है तो आपत्ति दर्ज कराएं।*

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का रोड शो में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत

*खण्डेलवाल का सागर में रोड शो के दौरान जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। रोड शो मोती नगर चौराहे से प्रारंभ होकर बी एस जैन बंगला, शीतला माता चौरहा, सागर सरोज चौराहा, संविधान चौक होते हुए भाजपा संभगीय कार्यालय पहुंचा। संविधान चौक पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक खण्डेलवाल ने संविधान दिवस पर संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। रोड शो के मार्ग के दोनों तरफ लोग और संगठनों ने मंच लगाकर एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।*

---

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा- गौतमपुरा में खुलेगा महाविद्यालय, पीएचसी अब सीएचसी में होगा अपग्रेड

# इंदौर से देपालपुर तक 745 करोड़ रुपए से बनाई जाएगी फोरलेन रोड

**इंदौर से हातौद तक बनाई जाएगी फोरलेन सड़क बनाने का दिया आश्वासन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को इंदौर जिले के गौतमपुरा में आयोजित समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।

इनमें इनगोरिया से देपालपुर तक मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी शामिल है। यह 10 मीटर चौड़ी सड़क होगी, जो देपालपुर और बड़नगर विधानसभा क्षेत्रों को आपस में जोड़ेगी।

**खास बातें**

- इनगोरिया से देपालपुर तक मार्ग निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन
- किसानों की खुशहाली और समृद्धि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : सीएम



गौतमपुरा में आयोजित समारोह में विकास कार्यों का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की प्रमुख घोषणाएं

*स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर से देपालपुर तक फोरलेन रोड के निर्माण की घोषणा की। यह 37 किमी लंबी रोड होगी, जिसके निर्माण पर करीब 745 करोड़ रुपए खर्च आएगा। मुख्यमंत्री ने गौतमपुरा में महाविद्यालय खोलने तथा यहां के वर्तमान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) में प्रोन्नत (अपग्रेड) करने की घोषणा की। अब यहां एक सर्वसुविधायुक्त बड़ा अस्पताल बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इंदौर से हातौद तक फोरलेन सड़क बनाने की बात भी कही।*

### एक-एक खेत तक पहुंचाएंगे पानी

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में किसान हितैषी नीतियों को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा, जिससे हमारा प्रदेश कृषि के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी बना रहे। किसानों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। हमारी सरकार भावांतर की राशि दे रही है, वहीं केन्द्र सरकार से किसानों को सम्मान निधि भी मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र का कोई भी खेत सिंचाई सुविधा से वंचित नहीं रहेगा। हम एक-एक खेत तक पानी पहुंचाएंगे। देपालपुर विधानसभा क्षेत्र में 1538 करोड़ रुपए की लागत से 27 हजार हेक्टेयर रकबे को सिंचित करने के लिए चंबल नदी पर एक बैराज बनाया जा रहा है। इससे विधानसभा क्षेत्र के 75 गांव लाभान्वित होंगे।*

### प्रदेश में चल रहा है विकास का दौर

*मुख्यमंत्री ने कहा कि सोलर पॉवर पम्प के जरिए हम किसानों को ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इससे किसान अपनी बिजली से ही अपना खेत-अपना घर-अपनी दुकान रोशन कर सकेंगे। बिजली बिल का झंझट अब खत्म हो जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विकास का दौर चल रहा है। यह क्रम आगे भी चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि मालवा ऋषि-मुनियों की धरती रही है। गौतमपुरा सदियों पहले ऋषि गौतम की कर्मभूमि रहा है। विश्व को गीता का ज्ञान देने वाले भगवान श्रीकृष्ण के सम्मान में आने वाली 1 दिसम्बर को गीता जयंती पूरे मध्यप्रदेश में मनाई जाएगी।*

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने किया उज्जैन के आकाशवाणी केंद्र का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह आकाशवाणी का उज्जैन केन्द्र है, ऐसा सुनने की हसरत अब जाकर पूरी हुई है। आकाशवाणी का भवन तैयार था, परंतु प्रसारण की मंजूरी के कारण अटका था। मंजूरी मिलने के मात्र 6 माह में उज्जैन के आकाशवाणी केंद्र से प्रसारण प्रारम्भ हो गया है। यह प्रदेश का 20 वां आकाशवाणी केन्द्र है। इस केंद्र से निकले एक-एक शब्द उज्जैन और सिंहस्थ की प्रतिष्ठा होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को उज्जैन में आकाशवाणी उज्जैन के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उज्जैन जिले को भी सौगातें दी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम से उज्जैन जिले के लिए करीब 179 करोड़ की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।



### आकाशवाणी के कार्यक्रम गांव-गांव तक उज्जैन और सिंहस्थ की महिमा पहुंचाएगी: डॉ. यादव

आकाशवाणी के कार्यक्रम, इसकी प्रस्तुति गांव-गांव तक उज्जैन और सिंहस्थ की महिमा पहुंचाएगी। मुझे विश्वास है कि आकाशवाणी अपना यह दायित्व, पूर्ण निष्ठा के साथ निभाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मनोरंजन के साथ आकाशवाणी ने समाज सेवा और जन-जागरूकता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उज्जैन से होने वाला प्रसारण आकाशवाणी के इतिहास में नई इबारत लिखकर चार चांद लगाएगा। यहां रोजाना सुबह 5.55 बजे से प्रारंभ होकर रात 11 बजे तक लगातार प्रसारण जारी रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 50 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विभिन्न मार्गों के निर्माण और उन्नयन कार्य, 32 करोड़ 69 लाख रुपये की लागत से शासकीय धनवंतरी आयुर्वेदिक महाविद्यालय में 250 सीटर बालक और बालिका छात्रावास का निर्माण, 8 करोड़ 37 लाख की लागत से रेप्टाइल पार्क एवं स्नेक पार्क तथा करीब 3 करोड़ की लागत से हाईटेक नर्सरी के निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया।

---

# भारत तेज विकास कर रहा, लेकिन अनुसंधान व मौलिकता की जरूरत



**गुरुग्राम।** ओडिशा की स्पेशल रेजिडेंट कमिश्नर डॉ मृणालिनी दर्सवाल (आईएएस) ने कहा है कि हालांकि भारत तेज गति से विकास कर रहा है लेकिन फिर भी फार्मास्यूटिकल्स के क्षेत्र में अनुसंधान की अभी बहुत आवश्यकता है। इतना ही नहीं, शिक्षण संस्थानों के पाठ्यक्रम का अपडेशन भी जरूरी है।

- नए लक्ष्य व संकल्पों के साथ 'सिनर्जी-2025' का समापन

डॉ मृणालिनी दर्सवाल यहां मुख्य अतिथि के रूप में एसजीटी यूनिवर्सिटी में 'सिनर्जी-2025' के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि ओरिजनल थिंकिंग एवं 'थिंकिंग इन न्यू मैनर' से ही भारत फिर से विश्व गुरु बन सकता है। शिक्षा स्ट्रक्चर को भारत की समृद्ध धरोहर के रूप में फिर से गौरव के शिखर तक पहुंचाने के लिए इसके वर्तमान स्वरूप पर पुनर्विचार करना होगा। उन्होंने कहा कि यद्यपि भारत अमेरिका जैसी सुपर पावर को 60 से 70 प्रतिशत तक जेनरिक दवाएं भेजता है लेकिन अनुसंधान और मौलिकता अब भी बहुत जरूरी है। जेनरिक एपीआईज (सक्रिय औषधि घटक) में हम पीछे हैं इसके अलावा सप्लाई चेन में हमें चीन जैसे देशों पर निर्भरता दूर करनी होगी। डॉ मृणालिनी दर्सवाल ने कहा कि फार्मा क्षेत्र में केंद्र सरकार दिल खोल कर फंड दे रही है, ऑटोनामी भी दे रही है। बस 'माइंडसेट' में मौलिकता लाकर हम सबसे आगे निकल सकते हैं। मुख्य अतिथि ने एसीटी के आयोजन, स्ट्रक्चर व फैसिलिटीज की प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि टेक्निकल आफिसर, फार्मास्यूटिकल्स डब्ल्यूएचओ इंडिया कंट्री आफिस डॉ मधुर गुप्ता ने इस अवसर पर छात्रों से आह्वान किया कि रिसर्च, कोलेबोरेशन व इनोवेशन को अपने अध्ययन का आधार बनाएं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की सप्लाई चेन और सुविधाओं की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि विकास, अनुसंधान की आक्सीजन हर मरीज तक पहुंचनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई विशेष योजना जन अनुसंधान का विशेष तौर पर उल्लेख किया। विशिष्ट अतिथि डॉ एकता कपूर, साइंस जी, डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने अपने विभाग के दो मिशनों व 25 हब का जिक्र करते हुए तकनीक, एंटरप्रिन्योरशिप, स्टार्टअप व स्किल डेवलपमेंट के महत्व पर विस्तार से बताया। उन्होंने छात्रों से इनोवेशन व अनुसंधान से अधिकतम कनेक्टिविटी रखने को कहा।

---

## वाहन के नीचे दबकर तड़पता रहा मजदूर, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, आरोपी चालक की तलाश में जुटी पाली थाने की पुलिस

# मजदूर पर पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली, दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

पाली चैतमा में काम कर घर लौट रहे ग्रामीण को टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। वाहन के नीचे दबने से ग्रामीण की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

पाली थाना के चेतमा चौकी के अंतर्गत ग्राम पंचायत सफलवा निवासी सुमित धनवार (24) वर्षीय बुधवार की शाम 6 बजे बारी उमराव गांव से मजदूरी कर पैदल घर लौट रहा था। इस दौरान सफलवा मार्ग पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। टक्कर से सुमित सड़क किनारे गिर गया। इसी दौरान ट्रैक्टर बेकाबू होकर ट्रॉली समेत पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने से सुमित की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। चैतमा चौकी प्रभारी अफसर खान स्टाफ



### शराब के नशे में था ड्राइवर

मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं केस दर्ज कर ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर ली गई। मामले में पुलिस फरार आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। ग्रामीणों के मुताबिक ट्रैक्टर-ट्रॉली पाली निवासी सुमित सिंह की है, जो पहाड़ी अंचल में ठेकेदारी का कार्य करता है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चालक शराब नशे में था जिसके चलते तेज रफ्तार में होने के कारण यह घटना सामने आई। बताया जा रहा है कि मृतक सुमित धनवार (24) वर्षीय घर का कमाऊ बेटा था और रोजी मजदूरी कर अपने माता-पिता और भाई बहन का भरण पोषण करते आ रहा था। पिता खेती किसानी करता है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे जिनका रो-रोकर बुरा हाल था।

---

**अस्पताल में चल रहा घायलों का उपचार**

# ऑटो-बाइक में जोरदार भिड़ंत, 12 घायल

**जगदलपुर।** मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के पास बीती रात एक तेज रफ्तार बाइक और ऑटो में भिड़ंत हो गई। इस घटना में ऑटो पलट गया। वहीं, ऑटो में सवार लोग घायल हो गए, जिन्हें तत्काल मेकाज में बेहतर उपचार के लिए भर्ती किया गया। मामले की जानकारी देते हुए पीड़ित ने बताया कि मावलीभाटा निवासी परमेश जो कि ऑटो चलाने का काम करता है, अपने गांव के ही सोमारी, संजय, देवांशी, फूलों, कारी, हिड़मे, बुकली, बिताए, मिटको, पारो सभी को लेकर बुधवार की शाम को लामनी पार्क के पास खेत से मक्का तोड़ाई करके वापस घर जा रहे थे कि अचानक से मेकाज के सामने बाइक से भिड़ंत हो गई, जिसमें सभी घायलों को मेकाज में भर्ती किया गया है। बता दें कि आये दिन इस मार्ग पर सड़क हादसे बढ़ते ही जा रहे हैं। कुछ दिन पहले इसी मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रक व बाइक में भिड़ंत हो गई थी। जिसमें 2 एमबीबीएस छात्रों की मौत हो गई थी, जबकि इसी मार्ग में एक तेज रफ्तार एम्बुलेंस व स्कूटी में भिड़ंत हो गई थी।



---

## हरियाणा सिर्फ एक बाज़ार नहीं है, यह विनिर्माण की महाशक्तिः सैनी

# सीएम ने किया टेस्ला इंडिया मोटर्स के देश के पहले 'ऑल इन वन' केंद्र का उद्घाटन

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सिर्फ एक बाज़ार नहीं है, यह विनिर्माण की महाशक्ति है। यह ऑटोमोबाइल, आई.टी. और अन्य उद्योगों का बड़ा केन्द्र है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि टेस्ला भारत में अपना पहला इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण संयंत्र हरियाणा में ही स्थापित करेगा और टेस्ला की अन्य संबंधित इकाइयां भी यहां लगेंगी। मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में टेस्ला इंडिया मोटर्स के देश के पहले ऑल इन वन केंद्र का उद्घाटन करने के उपरांत जन को संबोधित किया।

**गुरुग्राम में इलेक्ट्रिक व्हीकल सेक्टर को नया बल मिलेगा**

**रोजगार के नए अवसर होंगे पैदा**



**औद्योगिक प्लाटों के लिए विशेष 'लीजिंग पॉलिसी' बनाई**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में उद्योगों की 'कॉस्ट ऑफ डुइंग बिजनेस' को कम करने के लिए हरियाणा सरकार निरन्तर प्रयासरत है। इन्हीं प्रयासों के तहत औद्योगिक प्लाटों के लिए विशेष 'लीजिंग पॉलिसी' बनाई गई है। इसी क्रम में यहां स्थापित उद्योगों के साथ मिलकर लोकल सप्लाई चेन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### 11 वर्षों में निर्यात में 2 लाख करोड़ की बढ़ोतरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा प्रदेश आज अपनी निवेश व उद्योग हितैषी नीतियों के आधार पर आशाओं और अवसरों की धरा बन गया है। आज प्रदेश की गिनती देश के सम्पन्न राज्यों में होती है। देश की जी.डी.पी. में हरियाणा का योगदान 3.6 प्रतिशत है। वर्ष 2014 से पहले प्रदेश का निर्यात लगभग 70 हजार करोड़ रुपए तक था, जो अब बढ़कर 2 लाख 75 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया है।

---

## नक्सली हिड़मा के मरने से दिग्विजय सिंह को पीड़ा उन्हें हमेशा ऐसे मुद्दों पर होता है 'दर्द': सांसद शर्मा



**भोपाल।** खजुराहो में बुधवार को पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह पर निशाना साधते हुए सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि उन्हें हमेशा कई मुद्दों पर 'दर्द' होता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि मोहन चंद्र शर्मा की शहादत को दिग्विजय सिंह ने 'फर्जी एनकाउंटर' बताया था और वे आतंकवादियों से मिलने गए थे। जिन्हें बाद में सुप्रीम कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई। इस दौरान सांसद शर्मा ने 'एसआईआर' को देश की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि भारत को अस्थिर करने का प्रयास करने वाले लोग फर्जी आधार कार्ड और पहचान पत्र बनाकर मतदाता सूची में घुसपैठ करते हैं।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने स्व. कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर जताया शोक

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आईएनएच न्यूज चैनल और हरिभूमि के प्रधान संपादक हिमांशु द्विवेदी के पिता श्री कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि श्री कीर्ति नारायण द्विवेदी के स्वर्गवास का समाचार अत्यंत दुःखद है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरि. मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/ उत्तर रेलवे ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए निम्नलिखित कार्य के लिए IREPS साइट (www.ireps.gov.in) पर आमंत्रित की जाती है।

| निविदा संख्या | 2581000TSDSSB | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का विवरण | ट्रेनसेट डिपो शकरबस्ती में दो वर्षों की अवधि के लिए DEMU/SPIC के अनुरक्षण के दौरान सामान्य फर्निशिंग, बढ़ईगीरी, प्लंबिंग, टिमिंग तथा यात्री सविधा संबंधी कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹ 2,71,85,146.80 (GST सहित) | बयाना राशि | ₹ 2,86,000.00 |
| कार्य अवधि | 24 माह | निविदा खुलने की तिथि, समय | 17.12.2025, 15:00 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउन लोड करने के इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साइट पर उपलब्ध है जो कि www.ireps.gov.in दिनांक 25.11.2025, 20:01 बजे से प्रभावी है। | | |

सं.: 2581000TSDSSB दिनांक: 26.11.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3683/2025

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007 कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनको बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की एक ई-नीलामी 08 दिसम्बर 2025 को आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : भट्टू मण्डी, हरियाणा | |
| 359362003396 | आजाद |
| 359362003398 | सन्नी गोयल |
| शाखा का नाम : भिवानी | |
| 072957000042 | रामफल सांगवान |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : बिधल | |
| 373562000286 | रामधन |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-48 | |
| 418462000526 | मै. फोर इलेवन फार्मेसी |
| शाखा का नाम : मण्डी डबवाली | |
| 197862004593 | राजकुमार |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : रतिया | |
| 214662003977 | संदीप सिंह |
| शाखा का नाम : सफीदों | |
| 282762002645 | शिव कुमार |
| शाखा का नाम : ग्रेटर नोएडा - सेक्टर-16 | |
| 723762000822 | अजय महाजन |

दिनांक : 28.11.2025 हस्ता/-प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : फतेहाबाद, भिवानी, गुरुग्राम, जीन्द, सिरसा, सोनीपत, पंचकूला कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

चिंतन

# प्रदूषण से निपटने को कड़े कदम उठाने की जरूरत

एक समय था जब जहरीली हवा के मामले में चीन का शहर बीजिंग दुनिया भर में बदनाम था। एक्यूआई 500 को भी पार कर चुका था। चौतरफा प्रदूषण को लेकर चीन निशाने पर था। विदेशी कंपनियां निवेश करने से हिचकने लगीं थी। चीनी अमीर दूसरे देशों में बसने के बारे में सोचने लगे। वायु प्रदूषण की समस्या चीन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी का कारण बन गई थी। बीजिंग में 2007 से एयर पॉल्यूशन शुरू हुआ तो 2011 तक पहुंचते-पहुंचते हालात दिल्ली से भी बदतर हो गए थे। शहर घने ग्रे स्मॉग से ढका रहता था। पीएम 2.5 का स्तर खतरनाक हो गया। 2013 में बीजिंग में एक्यूआई 755 तक दर्ज किया गया। उस साल कई रिपोर्टों में बीजिंग को दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर और चीन के इतिहास में सबसे प्रदूषित साल करार दिया गया। तब ड्रैगन ने आक्रामक, सख्त और सुनियोजित नीतियां व योजनाएं बनाईं। इस पर तुरंत अमल शुरू किया गया। चीन सरकार ने 2013 में 5 साल के लिए एयर पॉल्यूशन प्रिवेंशन एंड कंट्रोल एक्शन प्लान बनाया। इसमें बीजिंग-तियानजिन-हुबेई क्षेत्र के लिए पीएम 2.5 कम करने के सख्त लक्ष्य तय किए गए। सरकार ने उद्योगों, ईंधन मानकों और शहर नियोजन के लिए कठोर नियम लागू किए। साल 2018 से ब्लू स्काई प्रोटेक्शन कैंपेन शुरू हुआ, जिसने नियमों को और कड़ा कर दिया गया। सरकार ने बीजिंग के आसपास के हजारों छोटे और अत्यधिक प्रदूषक कारखानों को या तो बंद कर दिया था या फिर दूर के प्रांतों में शिफ्ट कर दिया। स्टील, सीमेंट और कोयला पर चलने वाले बिजली संयंत्रों जैसे भारी उद्योगों को क्लीन एनर्जी और टेक्नोलॉजी अपनाने या फिर बीजिंग छोड़ने को मजबूर किया गया। साल 2017 में अपना आखिरी कोयला-आधारित बिजली संयंत्र भी बंद कर दिया। इसी के साथ प्राकृतिक गैस और नवीकरणीय ऊर्जा की ओर रुख किया। तभी सरकार ने तय किया कि बीजिंग में बिजली आधारित वाहनों का उपयोग सबसे ज्यादा किया जाएगा। इसके लिए जगह-जगह चार्जिंग प्वाइंट लगाए गए, ताकि लोगों में बिजली वाहनों के प्रति भरोसा जगाया जा सके। इसका खासा असर भी दिखाई दिया। महज तीन साल में ही 30 फीसदी बिजली के वाहन शहर की सड़कों पर दौड़ने लगे, जिनका नतीजा है कि आज उसकी हवा साफ हो चुकी है। एक्यूआई लेवल 100 तक आ पहुंचा है। इसी के साथ अब बीजिंग एयर पॉल्यूशन से जूझ रहे शहरों के लिए उदाहरण बन गया है। अगर चीन ऐसा कर सकता है तो हम क्यों नहीं। बस जरूरत केवल इस बात कि है कि प्रदूषण के कारकों की पहचान करके उसका निदान किया जाए। आज दिल्ली-एनसीआर का एक्यूआई 699 को भी पार कर चुका है। सांसें जहरीली होती जा रही हैं। हर घर में खांसी और आंख में जलन के मरीज हैं। हालत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दिल्ली। सरकार ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए ग्रेप-3 लागू कर दिया है। सभी सरकारी और निजी दफ्तरों को 50 फीसदी कर्मचारियों से वर्क फ्रॉम होम करने को कह दिया गया है। इतना सब होने के बाद भी हालातों में सुधार नहीं हो पा रहा है। हर साल होने वाली इस परेशानी के निदान के लिए रोड मैप बनाकर उसका सख्ती से पालन करने की जरूरत है। आज सुप्रीम कोर्ट ने भी ऐसे ही संकेत दिए हैं। अगर हम ऐसा कर पाए तो एक बार फिर से देश की राजधानी दिल्ली दिल वालों की कहलाएगी।

# हे राम! दूध भी सुरक्षित नहीं



चिंतन
मनोज कुमार अग्रवाल

हाल ही में सामने आए एक अध्ययन ने पूरे देश को चौंका दिया है, जिससे पता चलता है कि मां का दूध ही बच्चे के लिए जहर बनता जा रहा है। एक अध्ययन के अनुसार बिहार में मां के दूध के नमूनों में यूरेनियम की मौजूदगी पाई गई है। इस अध्ययन ने देशभर में चिंता की लहर पैदा कर दी है। पटना स्थित महावीर कैंसर संस्थान द्वारा की गई एक रिसर्च में बिहार की महिलाओं के दूध में यूरेनियम पाया जाना जितना गंभीर है, उतना ही चिंताजनक भी, क्योंकि यह सीधे-सीधे नवजात बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ा मामला है।

सृष्टि की शुरुआत से यह माना जाता है कि मां का दूध नवजात बच्चों के लिए अमृत समान है, क्योंकि इसमें प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है, जो उन्हें संक्रमण के प्रभाव से बचाता है। जैसा कि आप सभी लोग जानते हैं कि चिकित्सकों की राय के अनुसार नवजात मां का दूध शिशु के जीवन के लिए न सिर्फ पहली ढाल होता है, बल्कि रोगों से सुरक्षा भी प्रदान करता है। साथ ही मस्तिष्क के विकास में सहयोगी और प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की प्राकृतिक शक्ति प्रदान करता है, लेकिन सोचिए, अगर वही दूध किसी जहर के साथ मिलकर बच्चे तक पहुंचे, तो कितना खतरनाक हो सकता है। यह विचार ही किसी भी माता-पिता या समाज को हिलाने के लिए काफी है।

हाल ही में सामने आए एक अध्ययन ने पूरे देश को चौंका दिया है, जिससे पता चलता है कि मां का दूध ही बच्चे के लिए जहर बनता जा रहा है। एक अध्ययन के अनुसार बिहार में स्तन दूध के नमूनों में यूरेनियम की मौजूदगी पाई गई है। इस अध्ययन ने देशभर में चिंता की लहर पैदा कर दी है। पटना स्थित महावीर कैंसर संस्थान द्वारा की गई एक रिसर्च में बिहार की महिलाओं के स्तन दूध में यूरेनियम मिलना जितना गंभीर है, उतना ही चिंताजनक भी, क्योंकि यह सीधे-सीधे नवजात बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ा मामला है। यह अध्ययन अक्टूबर 2021 से जुलाई 2024 के बीच बेगूसराय, भोजपुर, समस्तीपुर, खगड़िया, कटिहार और नालंदा जिलों में 17 से 35 वर्ष की 40 महिलाओं पर किया गया। जांच में पाया गया कि सभी नमूनों में यूरेनियम (यू-238) मौजूद था। यह मात्रा 5.25 जी/एल तक दर्ज की गई। ब्रिटिश जर्नल 'साइंटिफिक रिपोर्टस' में प्रकाशित इस शोध में कहा गया है कि ब्रेस्ट मिल्क के नमूनों में 5 पीपीवी (प्रति अरब भाग) तक यूरेनियम पाया गया। यूरेनियम एक रेडियोधर्मी तत्व है, जो लंबे समय तक शरीर में रहने पर किडनी, हड्डियों और कोशिकाओं को प्रभावित कर सकता है। स्टडी में स्पष्ट किया गया है कि इस स्तर का तत्काल प्रभाव कम हो सकता है, परंतु शिशु यूरेनियम के एक्सपोजर के प्रति वयस्कों की तुलना में अधिक संवेदनशील होते हैं। उनके शरीर में डिटॉक्सिफिकेशन क्षमता सीमित होती है, जिससे कोई भी रेडियोधर्मी तत्व अधिक तेजी से नुकसान पहुंचा सकता है। हालांकि इस रिसर्च में बताया गया है कि 40 माताओं के दूध में यूरेनियम मिला, लेकिन ज्यादातर मामलों में इसका स्तर अनुमेय सीमा से नीचे था। लगभग 70 प्रतिशत शिशुओं में संभावित गैर-कार्सिनोजेनिक जोखिम देखा गया, पर इसका वास्तविक स्वास्थ्य प्रभाव कम होने की संभावना है। इसके बावजूद, यह तथ्य कि सभी महिलाओं के दूध में यूरेनियम मौजूद है, अपने आप में एक गंभीर चेतावनी है। परमाणु वैज्ञानिक और एनडीएमए के सदस्य डॉ. दिनेश के. असवाल का कहना है कि इसमें डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि पाया गया स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन की सुरक्षित सीमा से छह गुना कम है। डब्ल्यूएचओ पीने के पानी में यूरेनियम की सुरक्षित सीमा 30 पीपीबी तक मानता है, जबकि बिहार के नमूनों में सिर्फ 5 पीपीबी पाया गया। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि स्तनपान कराने वाली माताओं के शरीर में गया अधिकांश यूरेनियम मूत्र के जरिए बाहर निकल जाता है, और स्तन के दूध में इसकी मात्रा बहुत कम होती है।



लेकिन यहां बड़ा सवाल यह नहीं कि स्तर सुरक्षित सीमा से कम है या ज्यादा। असली चिंता यह है कि आखिर महिलाओं के दूध में यूरेनियम पहुंच क्यों रहा है? यह संकेत है कि भूजल में यूरेनियम की उपस्थिति लगातार चढ़ रही है। शोध में बताया गया है कि भारत के लगभग 151 जिलों और 18 राज्यों में भूजल यूरेनियम प्रदूषण पाया जा चुका है। यह आंकड़ा सिर्फ बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए खतरे की घंटी है। एक और महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि शिशु अपने शरीर से यूरेनियम को तुरंत बाहर नहीं निकाल पाते, इसलिए वे अपनी माताओं की तुलना में अधिक संवेदनशील होते हैं। उनका शरीर विकसित हो रहा होता है और किसी भी रेडियोधर्मी तत्व का असर उन पर अधिक तेजी से पड़ सकता है। बच्चों पर यूरेनियम का असर सबसे खतरनाक इसलिए भी होता है, क्योंकि उनके शरीर में हेवी मेटल्स को बाहर निकालने की क्षमता बेहद कम होती है। इसके कारण किडनी का विकास प्रभावित हो सकता है, न्यूरोलॉजिकल विकास रुक सकता है, आईक्यू कम हो सकता है और मानसिक स्वास्थ्य पर भी दीर्घकालिक असर पड़ सकता है। यह सिर्फ स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की बौद्धिक क्षमता और राष्ट्रीय विकास से जुड़ा सवाल है। इस स्थिति पर सरकार और समाज दोनों को गंभीरतापूर्वक सोचना होगा। अगर भूजल में भारी धातुओं और रेडियोधर्मी पदार्थों का स्तर बढ़ रहा है, तो इसका असर सिर्फ दूध पर नहीं, बल्कि पेयजल, फसलों और पूरे खाद्य चक्र पर भी पड़ेगा।

असली समाधान भूजल की गुणवत्ता सुधारने, जलस्रोतों के परीक्षण को मजबूत करने और प्रदूषण के स्रोतों का पता लगाने से होगा। सरकार को चाहिए कि तत्काल उन इलाकों में पानी की जांच शुरू कराए जहां से नमूने लिए, गए थे। पानी शुद्धिकरण की योजनाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग को माताओं और बच्चों की नियमित जांच करानी चाहिए। साथ ही, वैज्ञानिकों और पर्यावरण विशेषज्ञों को मिलकर यह समझना होगा कि भूजल में यूरेनियम आखिर क्यों बढ़ रहा है, क्या यह प्राकृतिक कारण हैं, औद्योगिक प्रदूषण है, या किसी और बजह से मिट्टी और पानी में बदलाव हो रहा है? इस समस्या को हल्के में लेना भविष्य की पीढ़ी के साथ अन्याय होगा। यह सिर्फ एक शोध नहीं, बल्कि चेतावनी है कि हमारा पर्यावरण धीरे-धीरे प्रदूषण के ऐसे स्तर तक पहुंच रहा है जो मानव स्वास्थ्य के लिए घातक हो सकता है। बच्चों का स्वास्थ्य किसी भी राष्ट्र के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। इसलिए सरकारों को तुरंत कदम उठाने होंगे। स्तनपान आज भी शिशु के लिए सबसे अच्छा आहार है और इसे किसी भी स्थिति में बंद नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन साथ ही, यह भी जरूरी है कि महिलाएं जिस वातावरण में रहती हैं, यह सुरक्षित हो। पानी, हवा और मिट्टी की गुणवत्ता सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखना किसी भी समाज का सबसे बड़ा कर्तव्य है। देखा जाए तो यह अध्ययन देश के स्वास्थ्य ढांचे को आईना दिखाता है। यह बताता है कि पर्यावरण संकट सबसे पहले और सबसे ज्यादा बच्चों को प्रभावित है। आज अगर बिहार के 40 नमूनों में यूरेनियम पाया गया है, तो कल यह संख्या बढ़ सकती है। वैश्विक स्तर पर अमेरिका, कनाडा और चीन जैसे देशों के भूजल में यूरेनियम मिलने की खबरें आती रही हैं, लेकिन बिहार में इसका ब्रेस्ट मिल्क में पाया जाना समस्या को एक नए और गंभीर स्तर पर ले जाता है। हालांकि, इन चौंकाने वाले नतीजों के बावजूद शोधकर्ताओं ने माताओं को सलाह दी है कि वे स्तनपान कराना बंद न करें, क्योंकि मां का दूध शिशुओं के लिए पोषण का सबसे सर्वोत्तम स्रोत है, लेकिन सरकार को इसके स्रोतों का पता लगाकर जल्द रोकथाम करनी होगी। ताकि मां का दूध अमृत बना रहे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

हालात
ऋतुपर्ण दवे



# युवाओं पर कसता जा रहा डिजिटल लत का शिकंजा

आज दुनियाभर में सबसे ज्यादा चिंता का विषय बच्चों को बढ़ती डिजिटल लत से बचाना है। वैसे यह वह मानसिक बीमारी है जो आहिस्ता-आहिस्ता लोगों को मानिसक रूप से जकड़ रही है। लोग खुद पर नियंत्रण खोते जा रहे हैं। आने वाले दिनों में इसको लेकर बद से बदतर हालात दिखने लगेंगे। दरअसल, मोबाइल फोन वह नशा बनता जा रहा है, जिसके आगे बड़े से बड़ा नशा काफूर हो रहा है। परेशान करने वाली सच्चाई यह है कि 3 से 12 साल की उम्र के बच्चे सोशल मीडिया से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। जो उम्र उनके दिमाग के तेजी से विकास की है उसमें ज्यादा वक्त स्क्रीन पर बिताकर सामाजिक गतिविधियों, खेल-कूद व रचनात्मक सोच से बच्चे दूर हो जाते हैं। सभी ने बच्चों के बदलते व्यव्हार को भांपा है। आखिर इसका समाधान क्या होगा? शुकून की बात यह है कि कुछ देश आगे बढ़कर पहल कर रहे हैं। बच्चों का स्क्रीन टाइम कम करने और साइबर बुलिंग व दूसरे अपराधों से बचाने के लिए अपनी-अपनी तरह से कुछ सरकारों की पहल अच्छी है। इस पर अलग-अलग देशों में कानून भी अलग हैं। फ्रान्स में 200 स्कूलों में स्मार्टफोन पर पाबंदी लगाने के बाद आई सफलता के 'डिजिटल ब्रेक' प्रयोग से छात्र और स्कूल स्टाफ, दोनों ही संतुष्ट हैं। नार्वे और स्पेन में बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट खातिर डेटा प्रोटेक्शन सहमति की उम्र पहले क्रमशः 13,14 थी, जिसे बढ़ाकर 16 कर दिया गया है। दक्षिण कोरिया ने स्कूल, क्लासरूम में फोन प्रतिबंधित करने वाला कानून बना दिया। इसी साल 26 अगस्त को 163 में 115 सांसदों की मुहर से लागू कानून मार्च 2026 से लागू होगा, ताकि बच्चों की पढ़ाई,उनके सामाजिक मेल-जोल और बर्ताव में सुधार आ सके। फिनलैंड में छोटे बच्चों के लिए मोबाइल प्रतिबंधित है तो इटली, नीदरलैंड्स में कक्षाओं में मोबाइल फोन, टैबलेट और स्मार्टवॉच पर रोक है तो चीन में, प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी बिना अभिभावक लिखित इजाजत स्कूल में फोन नहीं ले जा सकते, जबकि डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने इसी 8 अक्टूबर को संसद में कहा कि वहां 15 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने की योजना बनाई जा रही है, क्योंकि हमने एक राक्षस को जन्म दिया है जो मोबाइल के रूप में हमारे बच्चों का बचपन छीन रहा है। जर्मनी में 16 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया उपयोग के लिए अभिभावक की अनुमति जरूरी होगी। यूरोपियन यूनियन स्तर पर जनरल डेटा प्रोटेक्शन कहता है कि सदस्य देश प्लेटफॉर्म के लिए यूजर की सहमति की कम से कम उम्र तय कर सकते हैं, बशर्ते वह 13 साल से ज्यादा हो। जबकि ईरान कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स या तो प्रतिबंधित हैं या उन पर कड़ी निगरानी रखी जाती है। म्यांमार और उत्तर कोरिया में इंटरनेट और सोशल मीडिया पर लगभग पूर्ण प्रतिबंध है और सरकारी नियंत्रण वाले प्लेटफॉर्म ही वहां हैं। रूस और तुर्किए में विशेष परिस्थितियों जैसे राजनीतिक विरोध या अशांति में सोशल मीडिया बैन लगते हैं। डेनमार्क पहले ही स्कूलों में मोबाइल पर बैन लगा चुका है और अब सोशल मीडिया पर भी बच्चों के लिए सख्त प्रतिबंध और सर्विस प्रोवाइडर पर भारी भरकम जुर्माने की योजना बना रहा है।

बीते नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन का बिल संसद पक्ष और विपक्ष दोनों की सहमित से पारित हुआ। वहां के प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया को टेंशन बढ़ाने वाला, ठगों और ऑनलाइन अपराधियों का हथियार बताया था। ऑस्ट्रेलिया ऐसा बिल पारित करने वाला दुनिया का पहला देश भी बना। बिल के अनुसार एक्स, टिकटॉक, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म बच्चों को अकाउंट रखने से रोकने में नाकाम रहते हैं, तो उन पर 275 करोड़ रुपए (32.5 मिलियन डॉलर) जुर्माना लग सकता है। रोक की मंशा यह है कि आस्ट्रेलियाई युवक फोन छोड़कर फुटबॉल, क्रिकेट और टेनिस खेलें।ऑस्ट्रेलिया के नक्शे कदम पर, ब्रिटिश सरकार भी 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन पर विचार कर रही है। सरकार का मानना है कि ऑनलाइन सुरक्षा के लिए जो भी करना होगा, करेंगे उसमें बच्चों के लिए विशेष। गनीमत है कि कई देशों की सरकारें मोबाइल फोन और अन्य स्मार्ट डिवाइस को लेकर बच्चों की चिंता करने लगी हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि मोबाइल-इण्टनेट को लत कहें या खुमारी पूरी मानवता पर पड़ रही है भारी। अभी भी वक्त है चेतने का, अगर आलम यही रहा तो आने वाले चंद वर्षों में दुनिया कितनी और कैसी बदलेगी, सोचकर ही सिरहन होती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अहंकार ही अज्ञान है



संकलित
दर्शन

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं- यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानों दाल, चावल, आलू की तरह हैं। अहंकार ही आग है, जिसके कारण ही जीव गरम (गर्वीला) होता है।

## मंत्र का असर



संकलित
प्रेरणा

एक निर्धन औरत एक साधु के पास गई, 'स्वामी जी! कोई ऐसा पवित्र मन्त्र लिख दीजिये जिससे मेरे बच्चों का रात को भूख से रोना बन्द हो जाये...।' साधु ने कुछ पल एकटक आकाश की ओर देखा फिर अपनी कुटिया में अन्दर गया और एक पीले कपड़े पर एक मन्त्र लिखकर उसे ताबीज की तरह लपेट-बाँधकर उस महिला को दे दिया। साधु ने कहा, 'इस मन्त्र को घर में उस जगह रखना, जहाँ अपनी मेहनत की कमाई का धन रखती हो।' महिला खुश होकर चली गई। ईश्वर कृपा से उस दिन उसके पति की आमदनी ठीक हुई और बच्चों को भोजन मिल गया। रात शान्ति से कट गई। अगले दिन भोर में ही उन्हें पैसों से भरी एक थैली घर के आंगन में मिली। थैली में धन के अलावा एक पर्चा भी निकला, जिस पर लिखा था, कोई कारोबार कर लें...। इस बात पर अमल करते हुवे उस औरत के पति ने एक छोटी सी दुकान किराए पर ले ली और काम शुरू किया। धीरे धीरे कारोबार बढ़ा, तो दुकानें भी बढ़ती गईं...। जैसे पैसों की बारिश सी होने लगी...। पति की कमाई तिजोरी में रखते समय एक दिन उस महिला की नज़र उस मन्त्र लिखे कपड़े पर पड़ी...। 'न जाने, साधु महाराज ने ऐसा कौन सा मन्त्र लिखा था कि हमारी सारी तंगी दूर हो गई?' सोचते सोचते उसने वह मन्त्र वाला कपड़ा खोल डाला...। जिस लिखा था कि.. जब पैसों की तंगी समाप्त हो जाये, तो सारा पैसा तिजोरी में छिपाने की बजाय कुछ पैसे ऐसे घर में डाल देना जहाँ से रात को बच्चों के रोने की आवाज़ें आती हों..!!

## फ्लावर शो



बेंगलुरु में गुरुवार को कब्बन पार्क फ्लावर शो 2025 के दौरान सब्जियों से बना एक हाथी दिखाया गया।

## आज की पाती

### अन्याय कभी भी सहन मत करो

यदि आज हम किसी अन्य के साथ हो रहे अन्याय का विरोध नहीं करते, तो यकीन मानिए एक दिन हम स्वयं भी उसी अन्याय का शिकार अवश्य ही होंगे। यही समय है, यही पल, यही क्षण है। ये इंतजार कभी भी नहीं कीजिए, कि केवल हमारे ही साथ कहीं कभी अन्याय होगा, तभी हम किसी सड़ी हुई विकृत व्यवस्था का विरोध करेंगे। फिर उस वक्त व्यर्थ के रुदन, रोने-धोने से कोई लाभ, कोई सकारात्मक प्राप्ति होना अत्यंत ही कठिन या संभवतः असंभव हो सकता है। एक बहुत प्रसिद्ध उक्ति है कि न्याय में देरी, लगभग अन्याय के ही बराबर है। देश, समाज, दुनिया में कहीं एक जगह, किसी एक के साथ हो रहा अन्याय, हर जगह अन्याय होना भी माना जा सकता है। आम तौर पर लोग अन्याय का विरोध नहीं करते हैं, जिसके परिणाम भयंकर होते हैं।

*- प्रवीण पांडे, धमतरी*

## ट्रेंड

### उत्कृष्ट परिणाम



टोक्यो में आयोजित 25वें डेफलंपिक्स 2025 में 9 स्वर्ण पदकों सहित 20 पदकों की ऐतिहासिक सर्वश्रेष्ठ पदक तालिका के साथ, हमारे एथलीटों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प और समर्पण से उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### शानदार फिल्म



सच्ची घटना पर आधारित '120 बहादुर' जैसी देशभक्ति की फिल्म हर सच्चे देशभक्त को देखनी भी चाहिए और दूसरों को देखने के लिए कहना भी चाहिए। जिससे नई पीढ़ी भी सैनिकों के बलिदान की गौरव गाथा से परिचित हो सके। अभिनेता से लेकर फिल्म से जुड़े हर पक्ष का काम सराहनीय है।

**- अखिलेश यादव, सपा नेता**

### कार्रवाई की ज़रूरत



निर्मम हत्या कर दिए गए दो राष्ट्रीय रक्षकों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। हमारी चरमराई व्यवस्था को सुधारने के लिए कितने निर्दोष लोगों की जान लेनी पड़ेगी? कठोर कार्रवाई की ज़रूरत है।

**- एलन मास्क, उद्योगपति**

### मेरे लिए बहुत कुछ



वह मेरे लिए बहुत कुछ थे। एक प्यारे पति, हमारी दोनों बेटियों, ईशा और अहाना, के लाड़ले पिता, दोस्त, दार्शनिक, मार्गदर्शक, कवि, हर मुश्किल घड़ी में मेरे लिए सबसे मददगार - दरअसल, वह मेरे लिए सब कुछ थे! हमेशा अच्छे-बुरे समय में मेरे साथ रहे।

**- हेमा मालिनी, अभिनेत्री**

## करंट अफेयर

# फ्रांस में नई स्वैच्छिक सैन्य सेवा की घोषणा करेंगे मैक्रों



यूरोपीय राष्ट्रों के लिए रूस के बढ़ते खतरे को देखते हुए फ्रांस ने अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने का फैसला किया है। इसी उद्देश्य से राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों बृहस्पतिवार को नयी राष्ट्रीय स्वैच्छिक सैन्य सेवा योजना की घोषणा करेंगे। मैक्रों के फ्रांसीसी आल्प्स में वार्स सैन्य अड्डे पर जाने से पहले राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि वह 'बढ़ते खतरों के लिए राष्ट्र को तैयार करने की आवश्यकता' पर जोर देंगे। इस साल की शुरुआत में मैक्रों ने फ्रांसीसी युवाओं को स्वेच्छा से सैन्य सेवा में शामिल होने का एक नया विकल्प देने की मंशा जाहिर की थी। उल्लेखनीय है कि फ्रांस 1996 में अनिवार्य सैन्य भर्ती को समाप्त कर चुका है, और इसे दोबारा लागू करने पर विचार नहीं किया जा रहा है। मैक्रों ने कहा कि यूक्रेन में रूस के युद्ध ने यूरोपीय महाद्वीप को 'बड़े जोखिम' में डाल दिया है। उन्होंने मंगलवार को रेडियो आरटीएल को बताया, 'रूस को जिस दिन आपने कमजोरी का संकेत दिया, वह आगे बढ़ता ही रहेगा।' राष्ट्रपति ने अगले दो वर्षों में सैन्य खर्च में 6.5 अरब यूरो की अतिरिक्त वृद्धि की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य 2027 तक वार्षिक रक्षा खर्च को बढ़ाकर 64 अरब यूरो करना है, जो 2017 के खर्च का दोगुना होगा।

## ऑफ बीट

# कुत्ते खाना और खिलौने कैशिंग के लिए छुपाते हैं



क्या आपने कभी किसी कुत्ते को कंबल के नीचे, सोफे के पीछे, या घर के पिछले हिस्से में खोदे गए गड्ढे में अपना पसंदीदा खाना छुपाते हुए देखा है? आपको लग सकता है कि वे किसी ऐसे व्यक्ति की तरह व्यवहार कर रहे होते हैं, जो प्रलय आने की आशंका से डरा हुआ हो, लेकिन कुत्ते आसन्न आपदा की चिंता में अपना खाना जमा नहीं कर रहे हैं। वे यह बता रहे हैं कि कैसे उनका विकासवादी अतीत आज भी आधुनिक व्यवहारों को आकार दे रहा है। यह दूरदर्शी रणनीति हमें एक अनोखी झलक देती है कि हम उन्हें अच्छी तरह जीने में कैसे मदद कर सकते हैं। कुत्ते भोजन, सामान और खिलौने क्यों छिपाते हैं– आपने 'कैशिंग' के बारे में सुना होगा, जिसका वैज्ञानिक अर्थ है भोजन को बाद में इस्तेमाल के लिए गुप्त स्थानों पर संग्रहित करना। यह व्यवहार गिलहरियों से लेकर कौवों और भेड़ियों तक, सभी जानवरों में व्यापक रूप से पाया जाता है। 'कैशिंग' व्यवहार सामान्यतः दो श्रेणियों में से आता है। इनमें से एक को 'लार्डर होर्डिंग' के नाम से जाना जाता है। इसे एक गिलहरी के उदाहरण से समझा जा सकता है, जो लंबी सर्दियों के दौरान एक या दो स्थानों पर मेवे जमा करके रखती है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# दिव्यांगों की गरिमा की रक्षा को एससी-एसटी एक्ट जैसा प्रावधान करें

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय मंत्रालय को दी सलाह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिव्यांग लोगों की गरिमा की रक्षा के लिए सख्त कानून की जरूरत पर जोर दिया। शीर्ष कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह ऐसा कानून बनाने पर विचार करे, जिसमें दिव्यांगों या दुर्लभ अनुवांशिक बीमारी के पीड़ितों का मजाक उड़ाने या अपमान करने करने को ठीक उसी तरह अपराध बनाया जाए, जैसे अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) अधिनियम में प्रावधान है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमल्या बागची की बेंच ने कहा कि आप अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति अधिनियम जैसा कड़ा कानून क्यों नहीं बना सकते, जिसमें अपमान करने पर सजा है? शीर्ष कोर्ट एसएमए क्योर फाउंडेशन की याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

### ऑनलाइन अवैध सामग्री पर नियंत्रण के लिए स्वायत्त संस्था बने


भारत का सुप्रीम कोर्ट

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता केंद्र की ओर से पेश हुए। उन्होंने कहा कि किसी की गरिमा की कीमत पर हास्य नहीं हो सकता। उन्होंने कोर्ट की इस टिप्पणी की सराहना की। बेंच ने यह भी कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अश्लील, आपत्तिजनक या अवैध सामग्री को नियंत्रित करने के लिए एक तटस्थ, स्वतंत्र और स्वायत्त संस्था की जरूरत है।

**सार्वजनिक चर्चा के लिए दिशा-निर्देश जारी करे मंत्रालय**

दिव्यांग व्यक्तियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी पर दिशानिर्देश बनाने के मुद्दे पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बताया कुछ दिशानिर्देश तैयार किए जा रहे हैं। बेंच ने कहा दिशानिर्देशों को सार्वजनिक चर्चा के लिए जारी करें।

### मजाक उड़ाने पर सख्त प्रावधान तैयार किए जाएं

#### समय रैना को करना होगा दिव्यांग लोगों के लिए कॉमेडी शो

कोर्ट ने समय रैना और अन्य कॉमेडियन्स को दिव्यांग लोगों के लिए शो करने का आदेश दिया है।



कोर्ट ने कहा कि यह रैना और बाकी कंटेंट क्रिएटर्स पर निर्भर है कि वे दिव्यांग व्यक्तियों को कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए राज़ी करें। इसके अलावा विपुल गोयल, बलराज परमारजीत सिंह घई, सोनाली ठक्कर, आदित्य देसाई और निशांत जगदीश तंवरको भी कहा है। कोर्ट ने आदेश दिया कि वे हर महीने कम से कम दो कार्यक्रम करें, ताकि दिव्यांगों के इलाज के लिए कोष में मदद मिले।

**अगली सुनवाई से पहले कुछ यादगार कार्यक्रम हो जाएंगे**

हम यह काम प्रतिवादी नंबर 6 से 10 पर छोड़ते हैं कि वे दिव्यांग व्यक्तियों को अपने प्लेटफॉर्म पर आमंत्रित करें, ताकि फंड जुटाने की इस मुहिम को आगे बढ़ाया जा सके। हम उम्मीद करते हैं कि अगली सुनवाई से पहले कुछ यादगार कार्यक्रम हो जाएंगे। हर महीने दो कार्यक्रम किए जाएं।

#### 1 दिसंबर तक करें इंतजार कुछ बड़ा बदलाव होगा

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा है कि एक दिसंबर से कुछ नया होने वाला है। उन्होंने केस मेंशन करने आए एक वकील की दलील सुनने के बाद कहा कि एक दिसंबर तक रुकिए। हम कुछ प्लान कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में सुधारों का पहला सेट 1 दिसंबर से लागू होगा।जस्टिस कांत की यह टिप्पणी केस मेंशनिंग सिस्टम में बड़े बदलाव का संकेत है। उन्होंने इसी संकेत को डिकोड करते हुए कहा, मैं 1 दिसंबर से कुछ कर रहा हूं।

### 'सर' पर सुनवाई के दौरान किया सवाल

#### घुसपैठियों को 'आधार', क्यों मिले वोट देने का अधिकार

एसआईआर को लेकर पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में बवाल हो रहा है। इस बीच एसआईआर पर सुनवाई के दौरान, सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने घुसपैठियों या गैर-नागरिकों द्वारा



लंबे समय तक रहने के कारण आधार कार्ड बनवाने पर चिंता जताई। सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ ने ज़ोर दिया कि आधार सामाजिक कल्याण योजनाओं तक पहुंच प्रदान करता है, लेकिन इससे गैर-नागरिकों को स्वतः ही मतदान का अधिकार नहीं मिल जाना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### 305 करोड़ की टैक्स सैम्प्स योजना को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को टैक्स रैम्प्स योजना को मंजूरी दे है। इस पहल का उद्देश्य भारत के



टेक्सटाइल सेक्टर में शोध, नवाचार और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को मजबूत बनाना है। यह योजना 2025-26 से 2030-31 की अवधि के लिए लागू होगी और लागत 305 करोड़ रुपए है। यह बात केंद्रीय मंत्रा गिरिराज सिंह ने कही।

### पीएम कल डीजीपी आईजीपी सम्मेलन में

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी 29-30 नवंबर को भारतीय प्रबंधन संस्थान, रायपुर में महानिदेशक/



पुलिस महानिरीक्षक के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेंगे। 'विकसित भारतः सुरक्षा आयाम' विषय पर इस सम्मेलन में वामपंथी उग्रवाद, आतंकवाद पुलिसिंग में फोरेंसिक विज्ञान एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर चर्च होगी।

### गडकरी ने एनएचएआई को गुणवत्ता के निर्देश दिए

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और गुजरात के सीएमभूपेंद्र



पटेल ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। एनएचएआई के अधिकारियों और ठेकेदारों को सड़कों की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए।

### दुमका में पैसेंजर ट्रेन के 2 डिब्बे पटरी से उतरे

**दुमका।** झारखंड के दुमका में एक रेल दुर्घटना में रामपुरहाट-जसीडीह मेमू लोकल पैसेंजर ट्रेन के दो डिब्बे



पटरी से उतर गए। यह हादसा तब हुआ जब ट्रेन स्टेशन पर आ रही थी। इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। यह हादसा दोपहर करीब 2.10 बजे ईस्टर्न रेलवे के स्टेशन के पास हुआ।

## कांग्रेस ने चारों नई श्रम संहिताओं पर उठाए सवाल, डॉ. उदित राज बोले

# मजदूर विरोधी और पूंजीपतियों के हित में हैं 4 नए लेबर कोड्स, वापस करने की मांग की

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने मोदी सरकार द्वारा लागू किए गए चारों नई श्रम संहिताओं (लेबर कोड्स) को पूरी तरह मजदूर विरोधी और पूंजीपतियों के हित में बताते हुए इन्हें दशकों के संघर्ष से अर्जित श्रमिकों के अधिकारों की हत्या करार दिया है। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के



राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज ने इन्हें तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने श्रम सुधार के नाम पर श्रम विनाश किया है। इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड, वेज कोड, ऑक्यूपेशनल सेफ्टी एंड हेल्थ कोड और सोशल सिक्योरिटी कोड मजदूरों को गुलाम बनाने के लिए लाए गए हैं। इन चारों कोड ने मजदूरों की सुरक्षा, उनके अधिकार, वेतन आजीविका और भविष्य के लिए एक बड़ा खतरा उत्पन्न कर दिया है।

प्रमुख आपत्तियां गिनाते हुए डॉ. उदित राज ने बताया कि लेबर कोड्स में निश्चित-अवधि रोजगार को सामान्य बनाने से स्थाई नौकरियों को व्यवस्थित रूप से समाप्त किया जा रहा है, जिससे युवाओं के लिए भविष्य की सुरक्षा की कोई संभावना नहीं बचती है। इसके अलावा कर्मचारियों की छंटनी के लिए अनिवार्य सरकारी अनुमोदन की सीमा को मनमाने ढंग से बढ़ा दिया गया है। अब 300 तक कर्मचारियों को बिना किसी अनुमति के निकाला जा सकेगा, जबकि पहले ये सीमा 100 थी। हड़ताल के अधिकार पर अनुचित रोक लगा दी गई है, इतनी कठोर शर्तें हैं कि हड़ताल लगभग असंभव है। वेतन की नई परिभाषा से श्रमिकों के हाथ में आने वाला वेतन लगभग 50 प्रतिशत तक कम हो जाएगा और लगातार बढ़ती महंगाई के बावजूद वेतन में वृद्धि 5साल में एक बार होगी। अपील की प्रक्रिया इतनी जटिल बना दी गई है कि मजदूर को समय पर न्याय और वित्तीय राहत मिलना मुश्किल हो गया है। निरीक्षण तंत्र और सुरक्षा मानकों को लगभग खत्म कर दिया गया है, अब नियोक्ता पर श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का कोई बंधन नहीं है। श्रम संहिता ठेका मज़ूदरों की सुरक्षा, कल्याण और कार्य शर्तों के लिए स्पष्ट ज़िम्मेदारी स्थापित किए बिना आउटसोर्सिंग को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करती है जिससे उनके लिए ख़तरनाक स्थितियों में काम करने और लगातार शोषण का ख़तरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों से 12 घंटे काम करवाने की अनुमति देने वाला प्रावधान आठ घंटे के अंतरराष्ट्रीय मानक की अवहेलना है। महिलाओं के लिए रात की शिफ्ट में काम करने की अनुमति दी गई है लेकिन ठोस और बाध्यकारी सुरक्षा प्रोटोकॉल निर्धारित नहीं किए गए हैं। कांग्रेस नेता ने आगे बताया कि गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को सिर्फ रजिस्ट्रेशन की सुविधा दी गई है, उन्हें ईएसआई, पीएफ, पेंशन, ग्रेच्युटी, मातृत्व अवकाश या दुर्घटना मुआवजा कुछ भी नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के ऊपर भी बहुत ही जुल्म हुआ है, उनके लिए न पेंशन है, न प्रोविडेंट फंड, न ईएसआईसी, न स्वास्थ्य बीमा, न मातृत्व लाभ और न ही दुर्घटना सुरक्षा। देश के लगभग 44 करोड़ असंगठित मजदूरों को नियोक्ताओं के रहम पर छोड़ दिया गया है।

डॉ. उदित राज ने कहा कि 75 साल में कांग्रेस ने मजदूरों के हक में जितने कानून बनाए, मोदी सरकार ने उनकी हत्या कर दी। यह संविधान, न्याय और सामाजिक सुरक्षा पर सीधा हमला है। ये अब तक की सबसे खतरनाक मजदूर-विरोधी नीति है और इसके खिलाफ पूरे देश में आंदोलन शुरू हो गया है।

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले से खनन प्रतिबंध के नाम पर 90 फीसदी अरावली क्षेत्र को बाहर करने का आरोप**

## अरावली पहाड़ियों की नई परिभाषा पर जयराम ने की समीक्षा की मांग

**नई दिल्ली(हरिभूमि ब्यूरो)।** देश की प्राचीन अरावली पर्वतमाला को लेकर केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित नई परिभाषा ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने आरोप लगाया है कि



पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की यह नई परिभाषा 'अरावली बचाने' के बजाय 'उसके विशाल हिस्से को अरावली की श्रेणी से बाहर कर देने' की कवायद है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस परिभाषा को स्वीकार कर लेने से गंभीर पर्यावरणीय संकट पैदा हो सकता है। नई परिभाषा के अनुसार अब केवल वे भू-आकृतियां (हिल / रेंज) अरावली मानी जाएँगी, जिनकी ऊंचाई स्थानीय स्तर से कम से कम 100 मीटर या उससे अधिक हो, साथ ही उनकी ढलान, आस-पास की भूमि आदि भी शामिल रहेंगे।

इस परिभाषा के दायरे में बदलाव का मतलब है कि अरावली की कम ऊंचाई वाली अधिकांश चोटियां, पहाड़ी ढलान, वन-भूमि, मरुस्थलीकरण-रोधी जंगल और जल पुनर्भरण क्षेत्र अब अरावली श्रेणी से बाहर हो सकते हैं। पर्यावरणवादियों का कहना है कि इससे अरावली के बहु-सदस्यीय पारिस्थितिक तंत्र, जिसमें पानी की रिसाइक्लिंग, वायु शुद्धि, जीव-जुगल, जलीय जीवन आदि शामिल हैं सभी को गहरा झटका लग सकता है।

कांग्रेस नेता एवं पूर्व पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की तीखी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि अरावली श्रृंखला दिल्ली से शुरू होकर हरियाणा, राजस्थान और गुजरात तक फैली हुई है। जिन्हें वर्षों से खनन, भवन निर्माण और अवैध गतिविधियों ने नुकसान पहुंचाया था। उन्होंने लिखा, अब ऐसा लगता है कि इस संवेदनशील और विस्तृत पारिस्थितिकी तंत्र को एक और बड़ा झटका लगने वाला है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि नई परिभाषा सिर्फ कागजी तौर-तरीखा हो सकती है, लेकिन हकीकत में 'लगभग 90 फीसदी अरावली की पहाड़ी, जंगल और संवेदनशील भूमि अब अरावली श्रेणी में नहीं आएंगी- जिससे खनन और निर्माण की राह खुल जाएगी। इसका असर पर्यावरण, जल ताल, वायु-गुणवत्ता और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर 'बेहद गंभीर' हो सकता है।

### शिवराज ने गांव में जायजा लिया

## रणसिंह कलां में पराली प्रबंधन को जाना, किसानों से की बात


कृषि मंत्री ने जमीन पर बैठक किया भोजन

एजेंसी ⏭ मोगा

पंजाब के मोगा जिले के अंतर्गत आने वाला रणसिंह कलां गांव पराली प्रबंधन में एक आदर्श मॉडल बना है। गांव के किसानों ने पिछले 6 साल से पराली नहीं जलाई है। गुरुवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खुद गांव में जाकर जायजा लिया।

उन्होंने किसानों से बातचीत की, ताकि वे सीधी बुवाई, कम खाद का इस्तेमाल और पराली मैनेजमेंट के उनके तरीकों को समझ सकें।शिवराज सिंह चौहान ने रणसिंह कलां गांव पहुंचने पर किसानों से मुलाकात की। उन्होंने गांव के गुरुद्वारे में जाकर मत्था टेका और बाद में पंचायत सदस्यों और निवासियों के साथ बैठकर पारंपरिक पंजाबी खाना खाया। उन्होंने जानकारी दी कि कृषि क्षेत्र में क्या-क्या किया जा सकता है, इसके लिए योजनाएं बन रही हैं। लगातार चिंतन-बैठकें हो रही हैं और उसके बाद सभी चीजों को प्रधानमंत्री के सामने रखा जाएगा।

#### गांव को मशीनीकरण का केंद्र बनाएंगे

इसके बाद कृषि मंत्रालय के अधिकारियों के साथ शिवराज सिंह चौहान खेतों में पहुंचे और फसल के साथ-साथ पराली प्रबंधन की बारीकियों को समझा। इस दौरान, एक किसान गोपाल ने कृषि मंत्री को बताया कि जहां वे डीएपी पहले डेढ़ बोरी डालते थे, अब एक बोरी डाला जाता है और यूरिया भी पहले 3 बोरी डलता था, वो घटकर 2 बोरी हो गया। चौहान ने किसानों से संवाद करते हुए घोषणा की कि रणसिंह कलां गांव को मशीनीकरण का केंद्र बनाने की भी जरूरत है, इसके लिए हम पूरी योजना बनाएंगे। मैं सेवक के नाते पंजाब आया हूं। यह ऐसी पवित्र धरती है, जहां गुरुओं का आशीर्वाद बरसता है। यहां बार-बार आने का मन करता है।

#### मक्के की रोटी और सरसों का साग खाकर खुशी मिली

चौहान ने गांव में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर उनके साथ पंजाब भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़ भी मौजूद थे। गांवों के किसानों की तारीफ करते हुए शिवराज ने कहा कि यहां के लोगों का प्यार और स्नेह सच में कमाल का है। मक्के की रोटी और सरसों का साग खाकर मुझे बहुत खुशी हुई। मैं लोगों का सेवक हूं और मैं उन्हें आदर के साथ नमन करता हूं।

### राजस्थान हाईकोर्ट का आदेश

## हाईवे के पास मौजूद शराब की दुकानों को 2 महीने में हटाएं

एजेंसी ⏭ जयपुर

राजस्थान में बढ़ते सड़क हादसों और हाईवे को 'शराब-फ्रेंडली कॉरिडोर' बनाने पर सख्त नाराजगी जताते हुए राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वो हाईवे से 500 मीटर के दायरे में आने वाली 1,102 शराब की दुकानों को 2 महीने के अंदर हटा दे। यह आदेश 2023 की एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। यह याचिका चूरू के कन्हैयालाल सोनी और


राजस्थान हाईकोर्ट

मनोज नाई ने दायर की थी। जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी और जस्टिस संजीत पुरोहित की बेंच ने कहा कि इस कोर्ट का मानना है कि नेशनल या स्टेट हाईवे से 500 मीटर की लिमिट के अंदर कोई भी शराब की दुकान चालू नहीं रहनी चाहिए।

### 'सर' के लिए एआई एप पर सवाल

## गोखले ने कहा- डेवलपर ने उससे जुड़ी जानकारी छिपाई

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) प्रक्रिया के बीच तृणमूल कांग्रेस सांसद साकेत गोखले ने चुनाव आयोग द्वारा उपयोग किए जा रहे एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एप पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गोखले ने कहा कि आयोग ने इस एप के डेवलपर ने अपनी कार्यप्रणाली और सुरक्षा से जुड़े किसी भी पहलू की जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। जिससे इस पूरे सिस्टम पर संदेह बढ़ रहा है।



टीएमसी सांसद साकेत खोखले

गोखले ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि चुनाव आयोग एआई-आधारित तकनीक का उपयोग करके मतदाता सूची में फर्जी या मृत लोगों के नाम हटाने की बात कर रहा है, लेकिन एप को किसने बनाया? इसे कैसे परखा गया?

## 40 करोड़ के पार चढ़ावा, गिनती जारी





**सांवलिया सेठ के भंडार ने तोड़े सारे रिकॉर्ड**

चित्तौड़गढ़। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में सांवलिया सेठ के भंडार की गिनती ने सारे रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिए हैं। 5 चरणों की गिनती में चढ़ावे की रकम 40 करोड़ 33 लाख 39 हजार को पार हो गई है। इस बार दीपावली के बाद खुले भंडार ने नया रिकॉर्ड बनाया है। दो महीने बाद ये दान भंडार खोले गए हैं। गुरुवार को छठे चरण की गिनती की गई और अभी भी नोटों के बड़े हिस्से की गिनती बाकी है।

### कांग्रेस ने 'एक्स' पर लोकेशन गड़बड़ी को लेकर भाजपा पर साधा निशाना

## तकनीकी खामी पर बेवजह शोर, असली मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिशः सुप्रिया श्रीनेत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

'एक्स' पर विभिन्न अकाउंट्स की लोकेशन गलती से विदेश में दिखने को लेकर कांग्रेस ने आज भारतीय जनता पार्टी पर कड़ा प्रहार किया और इसे 'अज्ञानता व झूठ का मिश्रण' करार दिया। कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह तकनीकी गड़बड़ी को मुद्दा बनाकर असली समस्याओं से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। एआईसीसी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस की प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि 'एक्स' के प्रोडक्ट हेड और प्लेटफॉर्म स्वयं इस गड़बड़ी को तकनीकी खामी बता चुके हैं, इसके बावजूद भाजपा नेताओं ने इसे राजनीतिक रंग देने की कोशिश की।उन्होंने बताया कि जिस प्रकार भाजपा कांग्रेस नेताओं पर आरोप लगा रही थी, उसी दौरान भाजपा गुजरात का आधिकारिक अकाउंट आयरलैंड, अदाणी समूह का अकाउंट जर्मनी, स्टार्ट-अप इंडिया का अकाउंट आयरलैंड, और डीडी न्यूज़ का अकाउंट अमेरिका से संचालित दिख रहा था। तो क्या ये सभी भी भाजपा के हिसाब से 'राष्ट्रविरोधी' हो गए?" श्रीनेत ने तंज कसते हुए पूछा। उन्होंने कहा कि 'एक्स' ने स्पष्ट किया है कि यह समस्या अस्थायी तकनीकी खामी, यात्रा या अस्थायी रिलोकेशन के कारण हुई। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि वीपीएन प्रयोग करने से भी लोकेशन अलग दिखाई दे सकती है। सुप्रिया ने कहा कि भाजपा बेवजह शोर मचाकर 'मूर्खतापूर्ण ढंग से' मुद्दे को राजनीतिक मोड़ दे रही है, जबकि देश में गंभीर मुद्दे अनदेखे हो रहे हैं। 20 दिनों में 26 बीएलओ की मौत, ओबीसी मतदाताओं के नाम हटाने का दबाव, चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश पर दावा ये बड़े मुद्दे हैं, लेकिन मीडिया इन पर चुप है।

### यूपीएससी के शताब्दी समारोह में स्पीकर बिरला ने कहा

## आयोग को देश के विकास का अहम हिस्सा बताया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने बुधवार को संघ लोक सेवा आयोग के शताब्दी सम्मेलन में यूपीएससी को देश बनाने का एक अहम हिस्सा बताया, जिसने भारत के एडमिनिस्ट्रेटिव सिस्टम में लोगों का भरोसा मजबूत किया है। आयोग के 'शताब्दी सम्मेलन' के पहले सेशन में बात करते हुए बिरला ने आयोग के 100 साल के सफर की तारीफ करते हुए इसे भारत के डेमोक्रेटिक और एडमिनिस्ट्रेटिव विकास का एक अहम चैप्टर बताया।उन्होंने कहा कि यह 100साल लंबा शानदार सफर सिर्फ एक एडमिनिस्ट्रेटिव इतिहास नहीं है, बल्कि देश भर में गवर्नेंस, डेवलपमेंट और पब्लिक सर्विस डिलीवरी में यूपीएससी के खास योगदान की एक कभी न मिटने वाली गाथा है। इससे भारत के एडमिनिस्ट्रेटिव सिस्टम में लोगों का भरोसा मजबूत हुआ है।

### 'शताब्दी सम्मेलन' के पहले सेशन में यह बात कही

#### भारत के वाइब्रेंट डेमोक्रेटिक स्ट्रक्चर को मजबूत किया


शताब्दी सम्मेलन में बिरला

उन्होंने कहा कि अलग-अलग सामाजिक और भौगोलिक बैकग्राउंड से आने वाले टैलेंट को बराबर मौके देकर यूपीएससी ने मेरिट, ईमानदारी और ट्रांसपेरेंसी के जरिए भारत के वाइब्रेंट डेमोक्रेटिक स्ट्रक्चर को मजबूत किया है। बिरला ने कहा कि यूपीएससी ने अलग-अलग सामाजिक, भाषाई और भौगोलिक बैकग्राउंड से आने वाले टैलेंट को एक प्लेटफॉर्म देकर एडमिनिस्ट्रेटिव सिस्टम में भारत की वाइब्रेंट डायवर्सिटी को दिखाया है।

**नई एनर्जी, दिशा और संकल्प बढ़ेगा**

उन्होंने भरोसा जताया कि यह शताब्दी वर्ष कमीशन को आने वाले दशकों के लिए नई एनर्जी, दिशा और संकल्प देगा और एक ऐसी पीढ़ी तैयार करने में मदद करेगा जो राष्ट्र-निर्माण के लिए एक शक्तिशाली ताकत बनेगी।


#### मेरिट, ट्रांसपैरेंसी और नैतिक मूल्यों को प्रेरित किया

बिरला ने कहा कि मेरिट, ट्रांसपेरेंसी और नैतिक मूल्यों पर आधारित इस संस्था ने लाखों युवा भारतीयों को पब्लिक सर्विस के लिए खुद को समर्पित करने के लिए प्रेरित किया है। साथ ही जैसे-जैसे भारत 2047 तक एक डेवलप्ड और इनक्लूसिव देश बनने की ओर बढ़ रहा है, यूपीएससी की भूमिका और भी जरूरी हो जाती है। उन्होंने ने कहा कि डिजिटल युग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और तेजी से बदलते ग्लोबल माहौल के बीच यूपीएससी ने अपने सिलेक्शन प्रोसेस को ज्यादा एडवांस्ड, साइंटिफिक और ट्रांसपेरेंट बनाकर गुड गवर्नेंस के नए बेंचमार्क सेट किए हैं।

# डब्ल्यूपीएल मेगा नीलामी : दीप्ति सबसे महंगी खिलाड़ी, चरणी और केर को भी अच्छे दाम

▶▶दीप्ती को यूपी वॉरियर्स ने **3.20** करोड़ रुपये में खरीदा ▶▶मुंबई इंडियंस ने अमेलिया केर को **3** करोड़ में खरीदा ▶▶यूपी वारियर्स ने शिखा पांडे को **2.40** लाख में खरीदा ▶▶**67** प्लेयर्स पर **40.8** करोड़ की बोली ▶▶**11** खिलाड़ियों को **1** करोड़ से ज्यादा मिले ▶▶नीलामी के लिए **276** खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया ▶▶ऑक्शन पूल में **128** खिलाड़ियों के नाम लाए गए

भाषा ▶▶ नई दिल्ली


दीप्ति शर्मा


अमीलिया केर


मेग लैनिंग


सोफी डेवाइन


पूजा वस्त्रकार


क्रांति गौड़

भारत की स्टार हरफनमौला दीप्ति शर्मा बृहस्पतिवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी में सबसे महंगी खिलाड़ी बनी, जबकि वनडे विश्व कप स्टार श्री चरणी और लौरा वोल्वार्ट को भी अच्छे दाम मिले। यूपी वारियर्स ने 'राइट टू मैच' कार्ड का इस्तेमाल करके तीन करोड़ 20 लाख रूपये में खरीदा। अब वह डब्ल्यूपीएल के इतिहास में स्मृति मंधाना के बाद सबसे महंगी भारतीय खिलाड़ी हैं। मंधाना को उनसे 20 लाख रूपये अधिक मिले थे। यूपी वारियर्स के क्रिकेट संचालन निदेशक क्षेमल वैंगनकर ने कहा ,'हमें इसी के आसपास बोली लगने की उम्मीद थी। इसमे कोई शक नहीं था कि हम दीप्ति को वापिस चाहते थे।''

मुंबई इंडियंस ने पिछले साल संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाली न्यूजीलैंड की हरफनमौला अमेलिया केर को तीन करोड़ रूपये में खरीदा। केर 2023 और 2025 में खिताब जीतने वाली मुंबई टीम का हिस्सा थी। यूपी वारियर्स ने अनुभवी हरफनमौला शिखा पांडे को दो करोड़ 40 लाख रूपये में खरीदा जिन्होंने आखिरी बार भारत के लिये 2023 में खेला था। विश्व कप में भारत की खिताबी जीत की सूत्रधारों में रही लेग स्पिनर श्री चरणी को दिल्ली कैपिटल्स ने 30 लाख रूपये के उनके बेसप्राइज से कई गुना अधिक एक करोड़ 30 लाख रूपये में खरीदा। विश्व कप उपविजेता दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ट को दिल्ली कैपिटल्स ने एक करोड़ 10 लाख रूपये में खरीदा।

दिल्ली ने वेस्टइंडीज की बल्लेबाज चिनेले हेनरी को एक करोड़ 30 लाख रूपये में और भारतीय हरफनमौला स्नेह राणा को 50 लाख रूपये में खरीदा।
आस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग को यूपी वारियर्स ने एक करोड़ 90 लाख रूपये में खरीदा जबकि गुजरात टाइटंस ने न्यूजीलैंड की सोफी डेवाइन को गुजरात टाइटंस ने दो करोड़ रूपये में खरीदा।
वारियर्स के पास नीलामी के लिए 14 करोड़ 50 लाख रूपये का पर्स था। उन्होंने एक बार फिर 'राइट टू मैच' कार्ड का इस्तेमाल करके इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्सेलेटन को 85 लाख रूपये और तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ को 50 लाख रूपये में खरीदा।

उन्होंने हरलीन देयोल को 50 लाख रूपये में खरीदा जबकि गुजरात ने भारतीय तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को 60 लाख रूपये में खरीदा।

दक्षिण अफ्रीका की फिनिशर नडाइन डि क्लेर्क को आरसीबी ने 65 लाख रूपये में खरीदा। आरसीबी ने हरफनमौला अरूंधति रेड्डी को 75 लाख और राधा यादव को 65 लाख रूपये में खरीदा। आस्ट्रेलिया की फीबी लिचफील्ड को वारियर्स ने एक करोड़ 20 लाख रूपये में खरीदा।

## खबर संक्षेप



### नागल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के वाइल्ड कार्ड प्लेऑफ टूर्नामेंट से बाहर

**चेंग्दू (चीन)।** पुरुष एकल में भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल गुरुवार को यहां क्वार्टर फाइनल में चीन के युनचाओकेटे बु से सीधे सेटों में हारकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन एशिया-पैसिफिक वाइल्ड कार्ड प्ले-ऑफ टूर्नामेंट से बाहर हो गए। टूर्नामेंट में छठी वरीयता प्राप्त नागल को शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी प्रतिद्वंद्वी से 2-6, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। चेंग्दू में 24 से 29 नवंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में पुरुष और महिला एकल के विजेता को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिलेगा। नागल का वीजा से जुड़े मामले के कारण एक समय इस प्रतियोगिता में खेलना अनिश्चित था लेकिन बाद में यह मसला सुलझा दिया गया था।

### क्लीन स्वीप झेलने के बावजूद बीसीसीआई नहीं करेगा कोई बड़ा बदलाव



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ एक और घरेलू सीरीज हार और 12 महीनों में दूसरी क्लीन स्वीप के बावजूद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड किसी जल्दबाजी वाले कदम के मूड में नहीं है। बोर्ड जल्द ही चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन से बातचीत कर राय लेगा। बड़े बदलाव की संभावना न के बराबर है। माना जा रहा है कि चयनकर्ता और टीम प्रबंधन टीम पर भरोसा बनाए रखेंगे, जिसे वे पिछले कुछ समय से लगातार समर्थन देते आ रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ अच्छी सीरीज और हाल ही में वेस्टइंडीज़ पर जीत के बावजूद, दक्षिण अफ्रीका से मिली हार पिछले एक साल में गौतम गंभीर के कोच बनने के बाद भारत की तीसरी टेस्ट सीरीज हार है।

### भारत ए को अफगानिस्तान ने 65 रन से हराया, दोनों के बीच फाइनल 30 को



**बेंगलुरू।** वीके विनीत का अर्धशतक बेकार गया और भारत ए को बृहस्पतिवार को अंडर 19 त्रिकोणीय श्रृंखला के औपचारिकता के आखिरी लीग मैच में अफगानिस्तान ने 65 रन से हरा दिया। यह टूर्नामेंट में भारत ए की दूसरी हार है । इससे पहले उसे इसी टीम ने छह विकेट से हराया था। कप्तान महबूब खान (50) और अजीजुल्लाह मियाखिल (60) के अर्धशतकों के दम पर अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर आठ विकेट पर 233 रन बनाये। जवाब में भारत ए टीम 30.2 ओवर में 168 रन पर आउट हो गई। विनीत ने 62 गेंद में 11 चौकों और एक छक्के की मदद से 63 रन बनाये।

## दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच वनडे सीरीज का पहला मैच रांची में 30 को

# टेस्ट में शर्मनाक हार के बाद वनडे सीरीज में लय पर लौटने टीम इंडिया बहा रही पसीना

एजेंसी ▶▶ रांची

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज खत्म होने के बाद अब वनडे सीरीज खेली जाएगी। टेस्ट सीरीज में शर्मनाक हार के बाद भारतीय टीम वनडे सीरीज में अपनी इज्जत बचाने जी-जान से जुट गई है। इसकी तैयारी के लिए गुरुवार को टीम इंडिया ने रांची में प्रैक्टिस की। इस दौरान पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली नेट्स पर बल्लेबाजी करते नजर आए। उनके अलावा तिलक वर्मा और ऋतुराज गायकवाड भी नेट्स में पसीना बहाया। तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 30 नवंबर को रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके बाद टी-20 सीरीज 9 दिसंबर से शुरू होगी।

### रोहित और कोहली ने नेट्स पर की बैटिंग

रोहित शर्मा और विराट कोहली करीब 9 महीने बाद भारत में इंटरनेशनल मैच खेलते नजर आएंगे। दोनों ने



इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी बार फरवरी में घरेलू मैदान पर वनडे सीरीज खेली थी। फिर दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद दोनों ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में सीरीज से इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की थी। दोनों ही खिलाड़ी टेस्ट और टी-20 से रिटायर हो चुके हैं।



### राहुल कप्तानी करेंगे इंडर्ज गिल बाहर

वनडे टीम की कप्तानी विकेटकीपर केएल राहुल संभालेंगे। रेगुलर कप्तान शुभमन गिल इंजरी की वजह से सीरीज से बाहर हैं। राहुल तीनों फॉर्मेट में भारत की कप्तानी कर चुके हैं। उन्होंने 2023 में आखिरी बार साउथ अफ्रीका के खिलाफ ही टीम की वनडे में कप्तानी की थी, जिसमें भारत को 8 विकेट से हार मिली थी। उन्होंने 12 वनडे में टीम की कप्तानी की है। 8 में भारत को जीत और 4 में हार मिली।

### वनडे सीरीज के लिए भारत का स्क्वॉड

केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ऋतुराज गायकवाड, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह.

## विमेंस प्रीमियर लीग 2026

# 9 जनवरी से शुरू होगा टूर्नामेंट मुंबई-वडोदरा में होंगे सभी मैच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विमेंस प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत 9 जनवरी से हो जाएगी। दिल्ली में जारी 2026 की बड़ी नीलामी के दौरान लीग कमिश्नर जयेश जॉर्ज ने गुरुवार 7 नवंबर) को ये जानकारी दी। आगामी संस्करण का फाइनल मैच 5 फरवरी को खेला जाएगा। दिलचस्प रूप से विमेंस प्रीमियर लीग के सभी मैच मुंबई और वडोदरा के मैदान में खेले जाएंगे। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं।



### वडोदरा में होगा फाइनल मैच

मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में टूर्नामेंट शुरू होगा। बता दें कि महिलाओं के विश्व कप फाइनल भी नवी मुंबई में खेला गया था । इसके बाद लीग वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में शिफ्ट होगी, जहां 5 फरवरी को फाइनल खेला जाएगा। यह पहली बार है जब विमेंस प्रीमियर लीग जनवरी-फरवरी विंडो में खेली जाएगी। बता दें कि पहले लीग के मैच फरवरी-मार्च में खेले गए थे।

### जनवरी-फरवरी में इसलिए हो रहा टूर्नामेंट

पिछले साल, विमेंस प्रीमियर लीग फरवरी-मार्च में खेला गया था, लेकिन इस बार जनवर-फरवरी में इसकी विंडो तय कर दी गई है। दरअसल, पुरुषों का टी-20 विश्व कप 2026 को ध्यान में रखते हुए ये फैसला लिया गया है। वहीं जनवरी को लेकर क्रिकेट खेलने वाले देशों में डब्ल्यूपीएल के लिए संभावित स्थायी विंडो के रूप में सहमति दी गई है ताकि अन्य लीगों और आईसीसी फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम के बीच मैचों में टकराव न हो सके।

## क्रिकेट बाद में...दोस्ती पहले, स्मृति के लिए जेमिमा ने छोड़ी बीबीएल



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी और हाल ही में वर्ल्ड कप जीत में अहम भूमिका निभाने वालीं जेमिमा रोड्रिग्स वुमेंस बिग बैश लीग 2025 के बाकी बचे सीज़न में हिस्सा नहीं लेंगी। उनकी फ्रेंचाइज़ी ब्रिसबेन हीट ने पुष्टि की है कि जेमिमा भारत में ही रहेंगी ताकि अपनी करीबी दोस्त स्मृति मंधाना और उनके परिवार को मुश्किल समय में सहयोग दे सकें। स्मृति के मैनेजर तुहिन मिश्रा ने इसकी पुष्टि की। इस घटना के बाद जेमिमा ने ऑस्ट्रेलिया वापस न जाने और भारत में रहने का फैसला किया।

## एफआईएच जूनियर विश्व कप

# भारतीय टीम का पहला मुकाबला आज चिली से

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

टूर्नामेंट के इतिहास में संयुक्त रूप से दूसरी सबसे सफल टीम मेजबान भारत आज शुक्रवार को यहां पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप के अपने पहले पूल मैच में चिली के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके नौ साल बाद घरेलू धरती पर खिताब हासिल करने के अपने अभियान का शानदार आगाज करने की कोशिश करेगा। दो बार के चैंपियन भारत ने पिछली बार 2016 में लखनऊ में वर्तमान में सीनियर महिला टीम के कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में यह टूर्नामेंट जीता था। इस बार विश्व कप चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा। एफआईएच रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज चिली से आज भारत को खास चुनौती मिलने की उम्मीद नहीं है, लेकिन किसी भी टीम को हल्के से लेना महंगा पड़ सकता है। इसलिए भारतीय टीम ऐसा करने से बचना चाहेगी।



### टूर्नामेंट में 24 टीमें भिड़ेंगी खिताब के लिए

रिकॉर्ड 24 टीम खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टीमों को छह ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप में चार टीमों को रखा गया है जो राउंड रोबिन आधार पर एक दूसरे का सामना करेंगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम तथा दूसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज भारत खिताब का प्रबल दावेदार है। मौजूदा टूर्नामेंट में भारत को पूल बी में रखा गया है और वह इस ग्रुप से आगे बढ़ने का प्रबल दावेदार है। भारत और चिली के अलावा, ओमान और स्विट्जरलैंड पूल बी में शामिल अन्य टीमें हैं।

# अजलन शाह कप : सेल्वम के गोल से भारत ने न्यूजीलैंड को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶ इपोह

आखिरी क्वार्टर में सेल्वम कार्ति के विजयी गोल की मदद से भारत ने सुल्तान अजलन शाह कप हॉकी के महत्वपूर्ण मैच में बृहस्पतिवार को न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया। भारत ने कल मेजबान मलेशिया को 4-3 से मात दी थी। भारत के लिये अमित रोहिदास (चौथा मिनट), संजय (32वां), सेल्वम (54वां) ने गोल दागे जबकि न्यूजीलैंड के लिये जॉर्ज बेकर (42वां और 48वां) ने दो गोल किये। भारत को अब शनिवार को कनाडा से खेलना है।



### न्यूजीलैंड को नहीं होने दिया हावी

न्यूजीलैंड ने शुरूआती मिनटों में मिडफील्ड में दबदबा बनाने की कोशिश की लेकिन भारतीय डिफेंडरों ने उन्हें मौका नहीं दिया। भारत को पहला मौका चौथे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में मिला जिस पर अनुभवी रोहिदास ने गोल कर दिया। भारतीय टीम एक और गोल करने के करीब थी लेकिन अभिषेक का शॉट कीवी गोलकीपर ने बचा लिया।

### संजय, पवन, सेल्वम ने दागे गोल

दूसरे क्वार्टर में न्यूजीलैंड को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारतीय डिफेंस बेहद चौकस था। भारत ने दूसरे हाफ में कप्तान संजय के पेनल्टी कॉर्नर पर किये गए गोल के दम पर बढत दुगुनी कर ली। न्यूजीलैंड को मिले दो पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए। पवन ने गोल के सामने बेहतरीन प्रदर्शन किया लेकिन उनकी एकाग्रता टूटने का फायदा उठाकर बेकर ने 42वें मिनट में न्यूजीलैंड के लिये गोल कर दिया। चौथे क्वार्टर में न्यूजीलैंड के लिये उन्होंने दूसरा गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। भारत के लिये विजयी गोल आखिरी सीटी बजने से छह मिनट पहले अभिषेक के पास पर सेल्वम ने किया।

## सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन

# तन्वी ने ओकुहारा को हराया मनराज ने दी प्रणय को मात



**लखनऊ।** विश्व जूनियर चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा और मनराज सिंह ने सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर करते हुए क्रमशः पूर्व विश्व चैम्पियन जापान की नोजोमी ओकुहारा और एच एस प्रणय को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस साल की शुरूआत में यूएस ओपन सुपर 300 के फाइनल में पहुंचने वाली सोलह वर्ष की तन्वी ने दूसरी वरीयता प्राप्त ओकुहारा को 59 मिनट तक चले मुकाबले में 13-21, 21-16, 21-19 से मात दी। उन्नीस वर्ष के मनराज ने 2023 विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता प्रणय को 43 मिनट में 21-15, 21-18 से हराया।

# भव्या का तैराकी में सातवां स्वर्ण पदक, जैन यूनिवर्सिटी शीर्ष पर

**जयपुर (भाषा)।** जैन यूनिवर्सिटी की भव्या सचदेवा ने बृहस्पतिवार को यहां खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों (केआईयूजी) में व्यक्तिगत तैराकी स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीतने के बाद महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर मेडले रिले में एक और सोने का तमगा जीता जिससे उनके कुल पदकों की संख्या सात हो गई। भव्या ने पहले दो दिनों में एक व्यक्तिगत और एक रिले स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम परिसर में महिलाओं के 800 मी फ्रीस्टाइल वर्ग में 9:37.41 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीतने की शुरूआत की। इस साल की शुरूआत में एशियाई एक्वाटिक चैंपियनशिप पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला भव्या कुछ मिनट बाद पूल में लौटीं और 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा 2:13.55 सेकेंड के समय के साथ जीत ली। जैन यूनिवर्सिटी के तैराकों ने पूल स्पर्धाओं में दबदबा बनाते हुए 11 स्वर्ण पदकों में से आठ अपने नाम किए हैं जिससे तालिका में उसके स्वर्ण पदकों की संख्या 20 पहुंच गई है। दूसरे स्थान के लिए गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में बराबरी की टक्कर है। लवली यूनिवर्सिटी ने तीरंदाजी में तीन स्वर्ण और निशानेबाजी में एक स्वर्ण जीतकर अपने स्वर्ण पदकों की संख्या 13 तक पहुंचा दी।

## चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में एमबाप्पे ने लगाई दूसरी सबसे तेज हैट्रिक

# एमबाप्पे के चार गोल, रियाल मैड्रिड, पीएसजी और आर्सेनल जीते

एजेंसी ▶▶ पेरिस

काइलियन एमबाप्पे ने अपने जादुई खेल का शानदार नजारा पेश करते हुए चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में दूसरी सबसे तेज हैट्रिक सहित चार गोल दागकर अपनी टीम रियाल मैड्रिड को जीत दिलाई जबकि पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) और आर्सेनल भी जीत हासिल करने में सफल रहे।

एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड की ओलंपियाकोस पर 4-3 की जीत में 22वें और 29वें मिनट के बीच तीन गोल किए। उन्होंने 60वें मिनट में अपना चौथा गोल किया। एमबाप्पे ने छह मिनट 42 सेकंड के अंतराल में तीन गोल किए लेकिन वह मामूली अंतर से चैंपियंस लीग की सबसे तेज हैट्रिक बनाने से चूक गए। रिकॉर्ड लिवरपूल के मोहम्मद सलाह के नाम है जिन्होंने अक्टूबर 2022 में रेंजर्स के खिलाफ छह मिनट 12 सेकंड में तीन गोल किए थे।




### स्पर्धा में 5 हैट्रिक लगा चुके एमबाप्पे

एमबाप्पे की मौजूदा सत्र में चैंपियंस लीग में यह दूसरी हैट्रिक है। वह इस प्रतियोगिता में अब तक कुल पांच बार हैट्रिक लगा चुके हैं। वह वर्तमान सत्र में इस प्रतियोगिता में नौ गोल कर चुके हैं जो सर्वाधिक हैं।

### अन्य मुकाबलों का ऐसा रहा परिणाम

आर्सेनल ने बायर्न म्यूनिख को 3-1 से हराकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन ने विटिना की हैट्रिक की मदद से टॉटेनहैम को 5-3 से हराया लेकिन लिवरपूल को एनफील्ड में पीएसवी आइंडहोवन के हाथों 4-1 से हार का सामना करना पड़ा। इंटर मिलान को भी एटलेटिको मैड्रिड के हाथों 2-1 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद अब केवल आर्सेनल ऐसी टीम रह गई है जिसने चैंपियंस लीग में अभी तक अपने सभी पांच मैच जीते हैं।

## भारतीय सेना में होंगे अहम बदलाव! जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने तय किए 4 टारगेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने चार अहम लक्ष्य तय किए हैं। उन्होंने 2047 तक तय किए गए इन 4 टारगेट को स्प्रिंगबोर्ड कहा है, जो आने वाले सालों में सेना में बड़े बदलाव लाएंगे।

गुरुवार को दो दिवसीय चाणक्य डिफेंस डायलॉग के उद्घाटन के मौके पर उन्होंने बताया कि ये चारों लक्ष्य 2047 तक सेना को बदलने की तीन चरणीय योजना का हिस्सा होंगे। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बताया कि सेना को सशक्त करने के लिए पहला लक्ष्य आत्मनिर्भरता और स्वदेशीकरण के माध्यम सशक्तिकरण है। जिसके नतीजे रक्षा निर्माण, अंतरिक्ष में उपलब्धियां और सैन्य तकनीक को सेना द्वारा तेजी से अपनाने में दिख रहे हैं। जबकि स्प्रिंगबोर्ड में दूसरा टारगेट इनोवेशन है। इसके अलावा आर्मी चीफ ने कहा कि दुनिया में कई दशकों तक विश्वयुद्ध के बाद शांति थी, लेकिन अब शांति धीरे-धीरे खत्म होने वाली है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में दुनिया में 50 से अधिक संघर्ष चल रहे हैं, जिसका मतलब है कि दुनिया के आधे देश सेमी और फुल स्केल वॉर के करीब हैं या वॉर में हैं। जनरल ने कहा कि ऐसे में शायद यह कहना भी कमतर होगा कि हम एक अशांत समय में जी रहे हैं। स्थिति आशांति से ज्यादा बदतर है, क्योंकि देखा जाए तो अघोषित रूप से 100 देश जंग की आग में जल रहे हैं।

# युद्ध की आग में जल रहे हैं दुनिया के 100 देश भारत बना रहा विश्व की सबसे ताकतवर सेना!

रक्षा मंत्री ने 2025 को सुधारों का वर्ष घोषित किया था

ये सुधार 'ऑपरेशन सिंदूर' में देखने को भी मिले

### इंटरैक्टिव सेशन में प्राप्त हुए 14,600 करोड़ रुपए के निवेश



इंडियन आर्मी के इस भविष्य की रणनीतियों को लेकर मंथन वाले कार्यक्रम में जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भारतीय सेना विजन और दुनिया भर में चल रही जंगों पर अपने विचार रखे। साथ ही इन जंगों के परिणामस्वारूप बदलती जियोपॉलिटिक्स पर भी अपनी राय रखी। आर्मी चीफ ने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया मल्टीपोलर होती जा रही है। जहां बड़ी शक्तियां लगातर टकराव और प्रतिस्पर्धा में लगी हुई हैं। उन्होंने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद शुरू हुआ कोल्ड वॉर खत्म हुई तो दुनिया एकध्रुवीय बनी, लेकिन एक बार से दुनिया कोल्ड वॉर की तरफ बढ़ रही है। इस बार का कोल्ड वॉर पहले से कहीं ज्यादा भयानक होगा।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के विजन की तारीफ**

*आर्मी चीफ ने अपने संबोधन के अंत में कहा कि इस पूरी दिशा को और मजबूती तब मिली, जब रक्षा मंत्री ने 2025 को सुधारों का वर्ष घोषित किया। ये सुधार 'ऑपरेशन सिंदूर' में देखने को भी मिले, जहां तैयारियों और सुधारों ने निर्णायक नतीजे दिए।*

### 2047 का आर्मी चीफ ने बताया रोडमैप

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भारतीय सेना का 2047 तक का रोड मैप बताते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया राष्ट्रीय सुरक्षा, रोक-थाम और युद्ध क्षमताओं पर ध्यान दे रही है, तो यह सवाल उठता है कि भारतीय सेना को खुद को कैसे रूपांतरित करना चाहिए। जिससे सेना बदलते वैश्विक माहौल में निर्णायक और तैयार बनी रहे। उन्होंने कहा कि इसका जवाब प्रधानमंत्री मोदी के 5एस विजन- सम्मान, संवाद, सहयोग, समृद्धि और सुरक्षा से मिलता है। ये सिद्धांत बताते हैं कि 'अमृत काल' में एक विकसित भारत बनाने के लिए पूरे देश की कार्य-प्रणाली कैसे सोचें, मिलकर काम करे और आगे बढ़े।

### विजन के अनुरूप सेना की चरणबद्ध योजना

भारत सरकार ने 2047 तक देश को विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को पूरा करने में देश की संस्था को काम करना होगा। समय के हिसाब से सेना, सरकार और उद्योगों को भी बदलना होगा। सेना को लेकर जनरल द्विवेदी ने बताया कि विकसित भारत के विजन के अनुरूप भारतीय सेना तीन चरणों वाली योजना बनाई है।

**पहला चरण (2032 तक)**

यह तेज बदलाव और परिवर्तन का दशक होगा, जिसमें एक व्यापक ढांचा तैयार किया जाएगा

**दूसरा चरण (2037 तक)**

इसमें पहले चरण में मिले फायदों को मजबूत करना होगा

**तीसरा चरण (2047 तक)**

इसमें सेना को एकीकृत, भविष्य के लिए तैयार आधुनिक सैन्य शक्ति के रूप में बदलना है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया, अगले साल होगी लॉन्चिंग

# भारत का पहला प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट तैयार 300 किलो के सैटेलाइट अंतरिक्ष में ले जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भारत के पहले प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 को दुनिया के सामने रखा। इस रॉकेट की ऊंचाई 26 मीटर यानी करीब 85 फीट है। रॉकेट को प्राइवेट स्पेस कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस ने बनाया है। इस रॉकेट को 2026 में लॉन्च किया जाएगा। यह अपने साथ 300 किग्रा सैटेलाइट ले जाने में सक्षम है। पीएम ने रॉकेट के अलावा कंपनी के नए इनफिनिटी कैंपस का भी इनॉगरेशन किया। इस कैंपस में कई लॉन्च व्हीकल के डिजाइन, डेवलपमेंट, इंटीग्रेशन और टेस्टिंग का काम किया जाएगा। कैंपस तेलंगाना के हैदराबाद में बना है। कंपनी का हेड ऑफिस भी यहीं है। स्काईरूट एयरोस्पेस कंपनी की स्थापना पवन चंदना और भरत ढाका ने 2018 में की थी। यह दोनों आईआईटी पासआउट हैं और इसरो के पूर्व साइंटिस्ट रह चुके हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत का स्पेस सेक्टर तेजी से बदल रहा है और देश ने 'विश्वसनीयता, क्षमता और मूल्य' के आधार पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी की नवाचार और जोखिम लेने की क्षमता नई ऊंचाइयों को छू रही है और आने वाले वर्षों में भारत सैटेलाइट लॉन्चिंग में दुनिया का नेतृत्व करेगा। प्रधानमंत्री ने अनुसंधान के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि सरकार 'नेशनल रिसर्च फाउंडेशन', 'वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन' और 1 लाख करोड़ रुपए के रिसर्च और इनोवेशन फंड जैसे प्रयासों के जरिए युवाओं के लिए बड़े अवसर खोल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि स्पेस सेक्टर में भारत की क्षमताएं दुनिया के कुछ चुनिंदा देशों के बराबर हैं और पिछले छह-सात वर्षों में इस क्षेत्र को खुला और नवाचार-प्रधान बनाया गया है।

2026 में लॉन्च होने वाले रॉकेट की ऊंचाई 26 मीटर

स्कायरूट इससे पहले नवंबर 2022 में विक्रम-एस लॉन्च कर चुका है

### चार चरणों में बना है विक्रम-1, क्षमतानुसार दिए अलग अलग नाम



पीएम मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया

विक्रम-1 को चार चरणों में बनाया गया है। पहला चरण, कैलाम-1200, एक बड़ा सॉलिड-फ्यूल बूस्टर है जो शुरुआती थ्रस्ट प्रदान करता है। दूसरा चरण, कैलाम-250, मध्य-उड़ान में रॉकेट को आगे बढ़ाता है। तीसरा चरण, कैलाम-100, अंतरिक्ष के वैक्यूम में काम करता है और विशेष कार्बन एब्लेटिव नोजल तथा ईपीडीएम थर्मल प्रोटेक्शन से लैस है। चौथे चरण में चार रमन इंजन लगे हैं, जो हाइपरगोलिक ईंधन पर चलते हैं और कक्षा में पहुंचने के बाद बेहद सटीक दिशा नियंत्रण और उपग्रहों की सही स्थिति तय करने में मदद करते हैं। स्कायरूट ने 3डी-प्रिंटेड लिक्विड इंजनों का भी इस्तेमाल किया है, जिससे रॉकेट का वजन काफी कम हुआ है और निर्माण समय भी घटा है। कंपनी ने बताया है कि विक्रम-1 की पहली उड़ान 2026 की शुरुआत में प्रस्तावित है। यह रॉकेट प्राइवेट सैटेलाइट के लिए समर्पित लॉन्च, राइडशेयर मिशन और एक ही उड़ान में अलग-अलग कक्षाओं में उपग्रह भेजने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

### 2 लाख वर्ग फिट में है नया इन्फिनिटी कैंपस

स्कायरूट का नया इन्फिनिटी कैंपस लगभग 2 लाख वर्ग फिट में बना एक अत्याधुनिक केंद्र है, जहां रॉकेट का डिजाइन, डेवलपमेंट, इंटीग्रेशन और टेस्टिंग एक ही जगह की जा सकती है। कंपनी का कहना है कि यह सुविधा हर महीने एक ऑर्बिटल रॉकेट बनाने की क्षमता रखती है। स्कायरूट एयरोस्पेस की स्थापना आईआईटी के पूर्व छात्रों और इसरो के पूर्व वैज्ञानिक पवन चंदना और भरत डाका ने की थी। विक्रम-एस मिशन की सफलता के बाद स्कायरूट भारत का पहला स्टार्टअप बना जिसने श्रीहरिकोटा से रॉकेट लॉन्च किया।

### पहला ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल

*विक्रम-1 स्कायरूट का पहला ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल है, जो छोटे उपग्रहों को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करने के लिए बनाया गया है। इसका नाम भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक विक्रम साराभाई के नाम पर रखा गया है। 20 मीटर ऊँचा और 1.7 मीटर व्यास वाला यह रॉकेट पूरी तरह कार्बन-कॉम्पोजिट सामग्री से बना है और 1200केएन का थ्रस्ट पैदा करता है। इसकी क्षमता मिशन के आधार पर 260 से 480 किलोग्राम तक भार को लो-अर्थ या सन-सिंक्रोनस ऑर्बिट में ले जाने की है।*

### थाईलैंड में बाढ़ से तबाही, 80 पार पहुंचा मौतों का आंकड़ा

**बैंकॉक।** थाईलैंड इलाके में आई भीषण बाढ़ ने हफ्ते भर में बड़ी तबाही मचा दी है। भारी बारिश से शुरू हुई प्राकृतिक आपदा ने 12 प्रांतों में जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया और अब तक 80 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। प्रशासन ने गुरुवार को बताया कि कई इलाकों में पानी उतरने लगा है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में हालात अभी भी गंभीर बने हुए हैं। बाढ़ के चलते लाखों लोग प्रभावित हुए हैं और जनजीवन पर इसका व्यापक असर पड़ा है।





### दावों की बताई हकीकत

## डील रद्द नहीं हुई, आर्मीनिया अपने लिए तेजस नहीं, एसयू-30 जेट चाहता है



एजेंसी ▶▶ येरेवन

दुबई में एयर शो के दौरान भारत के तेजस लड़ाकू विमान के क्रैश होने के बाद कई तरह की बातें सामने आई हैं। इनमें कई तेजस की डील से भी जुड़ी हैं। खासतौर से इजराइली मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में दावा किया गया है कि दुबई क्रैश के बाद आर्मीनिया ने भारत से तेजस जेट खरीदने की बातचीत रोक दी है। हालांकि इन दावों में सच्चाई नहीं है। एक्सपर्ट ने बताया है कि आर्मीनिया अपने लिए तेजस नहीं एसयू-30 जेट चाहता है। कुछ प्लेटफॉर्म ने दावा किया है कि आर्मीनिया की भारत सरकार और एयरक्राफ्ट बनाने वाली कंपनी एचएएल के साथ 1.2 अरब में 12 तेजस खरीदने की डील कैंसिल हो गई है। यह दुबई एयरशो में तेजस फाइटर जेट के क्रैश होने के बाद हुआ है। यह 24 सालों में इस एयरक्राफ्ट के हादसे का शिकार होने का दूसरा मामला है। खबरों के मुताबिक, दुबई में सिंगल-इंजन, 4.5-जेनरेशन का लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) एमके 1 हादसे का शिकार हुआ। भारत के डिफेंस एक्सपोर्ट के लिए इसे बड़ा झटका माना गया है। दुबई एयरशो पेरिस और फार्नबोरो के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म है।

### क्या-क्या हुए दावे, सभी को किया खारिज

एनालिस्ट चेतावनी दे रहे हैं कि इस दुबई के इस हादसे से दुनिया का तेजस पर भरोसा कम हो सकता है। यह इसलिए भी झटका है क्योंकि इसको चीन के जे-10सीई और पाकिस्तान के जेएफ-17 ब्लॉक 3 जैसे कॉम्पिटिटर प्लेटफॉर्म के तौर पर दिखाया गया था। चीन और पाकिस्तान के जेट भी उसी मार्केट के लिए मुकाबला कर रहे हैं। आर्मीनिया की ओर से 12 तेजस जेट के लिए भारत से डील रद्द करने के दावे को भारतीय एक्सपर्ट ने खारिज किया है। भारतीय एक्सपर्ट का कहना है कि आर्मीनिया के साथ कभी भी तेजस के लिए कोई फॉर्मल बातचीत नहीं हुई।


### क्रैश को डील से जोड़ना गलत

दूसरी ओर रॉयल यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूट के वाल्टर लैडविग जैसे एक्सपर्ट का कहना है कि फाइटर जेट की बिक्री जियोपॉलिटिकल असलियत से तय होती है। उन्होंने 1999 में पेरिस में रूस के एसयू-30 के क्रैश का जिक्र किया। इस क्रैश से कोई डील पटरी से नहीं उतरी। यह तेजस क्रैश के मामले में भी हो सकता है।

### कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा क्षेत्रों को अपने देश का हिस्सा दिखाया

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल ने भारत से फिर पंगा ले लिया है। नेपाल ने इस बार बिलकुल चीन जैसी हरकत की है। उसने अपने 100 रुपए की नई करेंसी पर भारत के 3 क्षेत्रों को अपना दिखाकर नया विवाद पैदा कर दिया है। इससे दोनों देशों के बीच फिर से संबंधों में बड़ा तनाव आने की आशंका है। बता दें कि नेपाल के केंद्रीय बैंक ने गुरुवार को 100 रुपए का नया नोट जारी किया, जिसमें देश का संशोधित राजनीतिक मानचित्र छपा है। 100 रुपए की करेंसी में छपे इस मानचित्र में नेपाल ने विवादित कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा क्षेत्रों को अपने देश के हिस्से के रूप में दिखाया है। भारत ने इस कदम को एकतरफा और कृत्रिम क्षेत्रीय विस्तार करार दिया है।





हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109